वर्ष 73 अंक 82 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 20 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

आजादी का कोई अर्थ नहीं है यदि इसमें गलतियां करने की आजादी शामिल न हों।
-महात्मा गांधी

## हादी की हत्या के बाद 4 शहरों में हिंसा, दो अखबारों के दफ्तर भी फूंके

# बांग्लादेश में फिर भड़की आग

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता के खिलाफ आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले और भारत के खिलाफ तीखी बयानबाजी करने वाले शरीफ उस्मान हादी की गुरुवार को सिंगापुर में मौत हो गई। इंकलाब मंच के संयोजक की मौत के बाद ढाका में गुरुवार देर रात विरोध प्रदर्शन भड़क उठे और हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रथम आलो (देश के सबसे बड़े बांग्ला अखबार) और डेली स्टार के दफ्तरों पर हमला कर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने राजशाही में अवामी लीग के दफ्तर को आग के हवाले कर दिया। वहीं, देश में सुलगी हिंसा को लेकर अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने ढाका में लेवल बैठक बुलाई है।

इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। हादी का शव शुक्रवार शाम को सिंगापुर से ढाका पहुंच गया है। उस्मान हादी शेख हसीना के खिलाफ जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसंबर को चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। 6 दिन बाद गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। प्रदर्शनकारी भीड़ ने देश के प्रोथोम आलो और डेली स्टार अखबारों के ऑफिसों को आग के हवाले कर दिया। भीड़ ने सांस्कृतिक संस्था छायानट को भी नुकसान पहुंचाया और आग लगा दी। यह बांग्लादेश का एक प्रमुख और ऐतिहासिक सांस्कृतिक संगठन है।


विद्रोहियों ने दैनिक अखबार के दफ्तर को भी आग के हवाले कर दिया।

### हिंदू युवक की पीटकर हत्या पेड़ पर लटकाकर जलाया

उस्मान हादी की 6 दिन बाद गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। इसके बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़क गई है। इस दौरान ढाका के नजदीक भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। युवक के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें लोग 'अल्लाह-हू-अकबर' के नारे लगाते दिख रहे हैं।

### दावा-छात्र नेता का हत्यारा भारत भागा

शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की 12 दिसंबर को हत्या का मुख्य आरोपी फैसल करीम के भारत भागने का दावा किया जा रहा है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, हत्यारों को ट्रांसपोर्टेशन में सपोर्ट करने वाले आरोपी सिबियन डियू व संजय चिसिम ने अदालत में इसका खुलासा किया है। सुरक्षा बलों के मुताबिक, आरोपी फैसल करीम हादी की हत्या से एक दिन पहले गर्लफ्रेंड के साथ रिजॉर्ट में गया था। वहां गर्लफ्रेंड को कहा था- कल कुछ ऐसा होगा, जिससे बांग्लादेश हिल जाएगा।

### भारत के खिलाफ नारेबाजी

इसके बाद प्रदर्शनकारी गुरुवार देर रात चटगांव में भारतीय उच्चायोग के कार्यालय के बाहर जमा हो गए और कार्यालय पर पत्थरबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने भारत-विरोधी और अवामी लीग-विरोधी नारे लगाए, जैसे भारतीय आक्रमण को ध्वस्त करो! और लीग वालों को पकड़ो और मारो!

### अमेरिकी दूतावास की चेतावनी, अशांति की आशंका

बांग्लादेश में अस्थिरता बढ़ने के बीच अमेरिकी दूतावास ढाका ने अपने नागरिकों के लिए देशव्यापी सुरक्षा चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी हिंसक हो सकते हैं, इसलिए बड़ी भीड़ और प्रदर्शन स्थलों से दूर रहें। यह चेतावनी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी के पार्थिव शरीर के ढाका पहुंचने के साथ आई है। हादी की मौत के बाद शनिवार को बड़े प्रदर्शन और प्रार्थना सभाओं की योजना है, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है। अमेरिकी नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय मीडिया पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

### हादी का शव ढाका पहुंचा, फिर आगजनी

बांग्लादेश के कट्टर भारत विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत से देशभर में भड़की हिंसा के बीच हादी का शव सिंगापुर से ढाका एयरपोर्ट पहुंच गया है। इस बीच फिर से विद्रोहियों ने आगजनी की है। हादी के शव को शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे जातीय संसद भवन के साउथ प्लाजा लाया जाएगा, जहां जनाजे की नमाज अदा की जाएगी। इसे लेकर एडवाइजरी जारी कर दी गई है। लोगों से किसी भी तरह का बैग और भारी सामान नहीं लाने की सलाह दी गई है। कहा गया कि इस दौरान संसद भवन और उसके आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### इधर, बॉर्डर पर अलर्ट, पूर्वी कमांड प्रमुख ने लिया जायजा

भारतीय सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने त्रिपुरा के बेलोनिया बॉर्डर आउटपोस्ट का दौरा कर भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा, निगरानी और तैयारी की समीक्षा की। बांग्लादेश की अस्थिर स्थिति के बीच यह दौरा महत्वपूर्ण है। सेना ने शांति बनाए रखने और किसी भी चुनौती से निपटने की पूरी तैयारी की पुष्टि की है। यह दौरा बांग्लादेश में चल रही राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शेख हसीना सरकार के जाने के बाद वहां अल्पसंख्यकों पर हमले और अराजकता की खबरें आ रही हैं, जिससे भारतीय सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। पूर्वी कमान ने मिजोरम के परवा में भी असम राइफल्स, बीएसएफ के बेस का दौरा किया, जहां सैनिकों की ऑपरेशनल तैयारी,मनोबल की सराहना की गई।

## सरपंच बनते ही पत्नी ने पति को घर से निकाला

### मंदिर में रातें काट रहा पति कलेक्टर से लगाई गुहार

**जागरण, पन्ना।** पत्नी को रानजीति में आगे बढ़ाना पति के लिए भारी पड़ गया। सरपंच बनते ही पत्नी ने सबसे पहले उसे छोड़ा और अब घर से निकाल दिया। पत्नी को मान - सम्मान दिलवाने वाला पति अब मंदिर में रातें गुजार रहा है। पीड़ित पति ने कलेक्टर को आवेदन देकर पत्नी पर प्रताड़ना और पंचायत की राशि प्रेमी के साथ मौज-मस्ती में उड़ाने के आरोप लगाए हैं। अपनी घर वापसी की गुहार लगाई है। समाज, परिवार के बदलते माहौल का यह मामला पन्ना जिले की ग्राम पंचायत देवगांव का है। यहां रहने वाले मंगल कोंदरे ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि देवगांव में सरपंच पद महिला आरक्षित था, उसने अपनी पत्नी पुष्पा कोंदर को चुनाव लड़वाया और वह जीत गई। मगर चुनाव जीतते ही पत्नी का व्यवहार बदल गया। पीड़ा बताते हुए पति ने बताया उनके पांच बेटियां और एक पांच साल का बेटा, इसके बावजूद उनकी पत्नी को न तो परिवार की चिंता है और न ही पंचायत के कामकाज की परवाह। सरपंच पत्नी ने मुझे घर से निकाल दिया है, जिसके कारण वह गांव के हनुमान मंदिर में रहने को मजबूर हैं।







# सतना की पहचान बन गया है विंध्य व्यापार मेला : राजेन्द्र शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने किया व्यापार मेले के 12वें संस्करण का शुभारंभ

**जागरण, सतना।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य का व्यापार मेला सतना की विशेष पहचान बन गया है। आपस में मिलकर सामंजस्य और भाईचारे की भावना से काम करने की ललक सतना की भव्यता को और भी बढ़ाती है। उन्होने कहा कि सतना और रीवा जिले दोनों ही कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढेंगे और हिन्दुस्तान के किसी भी विकसित क्षेत्र को पीछे छोड दें, ऐसे प्रयास किये जाने चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शुक्रवार को 11 दिवसीय विंध्य व्यापार मेले के आयोजन की 12वीं संध्या का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर सतना सांसद श्री गणेश सिंह, विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा, महापौर योगेश ताम्रकार, अध्यक्ष विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स सतीश सुखेजा, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, बालेन्द्र गौतम, हरिओम गुप्ता, उमेश सिंह लाला सहित समस्त व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारी, प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




विंध्य व्यापार मेले का भव्य शुभारंभ करते हुये उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के विकास के लिये रीवा और सतना सहित पूरे विंध्य क्षेत्र को प्रगति की रफ्तार दी जा रही है। उन्होने कहा कि बरगी नहर का पानी सतना में लाने के प्रयास की सभी अडचने दूर कर ली गई है। अब अगली फसल के लिए सतना जिले के किसानों को सिंचाई का पानी मिल जाने की संभावना है। उन्होने कहा कि किसानों के खेतों में सिंचाई का जल पहुंचने से क्षेत्र के किसान समृद्ध होते हैं। रोजगार के अवसर मिलने से व्यापार भी बढ़ता है। उन्होने कहा कि सतना सहित पूरे विंध्य प्रदेश में सडकों और सिंचाई के मामलों में तेजी से काम हो रहे है। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र को पर्यटन के साथ ही हवाई सेवाओं से जोडने रीवा और सतना में हवाई अड्डे तैयार कर हवाई मार्ग की सुविधा से जोडा गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरे प्रदेश के साथ ही इस क्षेत्र में कोई कसर नहीं छोडी जा रही है। अधोसंरचना विकास के साथ ही डॉक्टरों की कमी को दूर करने लगातार मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे है। प्रदेश के जिलों में अगले दो वर्षो में 6 नये मेडिकल खोले जायेंगे।

इस मौके पर सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि विंध्य व्यापार मेला की पहचान दूर-दूर तक फैली हुई है। सतना की पहचान शुरू से ही व्यापारिक शहर की रही है। विंध्य व्यापार मेला के 12वें पडाव में देश के 8 राज्यों के व्यापारियों ने यहां स्टाल लगाये है। यह सतना के लिए गौरव की बात है। विंध्य व्यापार मेला में रखी गई मांगों के संबंध में सांसद ने सहमति जताते हुए अपेक्षा की कि अगले व्यापार मेला के आयोजन के पूर्व सभी अडचने दूर कर ली जायेगी। सतना शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में सांसद ने बताया कि सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था के लिए केन्द्र और राज्य स्तर से लगातार प्रयास जारी है। सतना-चित्रकूट फोरलेन सडक का डीपीआर तैयार कर लिया गया है और यह टेण्डर की प्रक्रिया में शामिल होने वाला है। इस अवसर पर विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा, महापौर योगेश ताम्रकार, चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, संयोजक उत्तम बनर्जी, उमेश प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# पीएम मोदी जुड़ेगे वर्चुली, सतना आएंगी बैडमिंटन सुपरस्टार सायना नेहवाल

**सतना।** सतना। सांसद खेल महोत्सव 2025 खेलों को नई पहचान देने के साथ अब धीरे.धीरे अंतिम चरण में पहुंच रहा है। महोत्सव के समापन अवसर पर 25 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सायना नेहवाल दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियमए सतना में खिलाडियों का उत्साहवर्धन करेंगी। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आयोजन से वर्चुअली जुडक़र प्रतिभागियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। सायना नेहवाल भारतीय खेल जगत की प्रेरणास्त्रोत खिलाड़ी हैं। उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा वह विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप और बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं।

# एकेएस को गुजरात के तटीय क्षेत्र जफराबाद से मिले हजारों साल पुराने जीवाश्म




**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के खनन अभियांत्रिकी विभाग को शोध कार्य के दौरान एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। विभागीय टीम को गुजरात के तटीय क्षेत्र जफराबाद स्थित नर्मदा सीमेंट संयंत्र क्षेत्र में ब्लास्टिंग अध्ययन भ्रमण के दौरान हजारों वर्ष पुराने विभिन्न प्रकार के जीवाश्म प्राप्त हुए हैं। यह शोध कार्य खनन विभाग के अधिष्ठाता प्रो जी के प्रधान और विभाग प्रमुख डॉ बी के मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार देश की लगभग सौ खानों में ब्लास्टिंग से संबंधित शोध किए जा चुके हैं और उसी क्रम में यह अध्ययन भी किया गया। शोध की अगली कड़ी में राजस्थान के जय समलीर क्षेत्र में विवेचन का विस्तार किया गया। यह क्षेत्र उच्च गुणवत्ता वाले चूना पत्थर के लिए जाना जाता है जिसे देश की श्रेष्ठ श्रेणी में गिना जाता है। यहां भविष्य में देश की पांच प्रमुख कंपनियों द्वारा सीमेंट संयंत्र स्थापित किए जाने की योजना है। जेके सीमेंट द्वारा प्रायोजित इस विवेचन कार्यक्रम में एकेएस विश्वविद्यालय की खनन विभागीय टीम ने भागीदारी की और प्राप्त कीमती जीवाश्मों का अध्ययन किया। शोध दल में विभाग प्रमुख डॉ बी के मिश्रा विभाग अधिष्ठाता प्रो जी के प्रधान तथा डॉ रमेश कांत की भूमिका रही। विश्वविद्यालय के अनुसार यह उपलब्धि खनन और भूवैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में संस्थान के अकादमिक प्रयासों को रेखांकित करती है।

# गाथा श्री राम मंदिर आयोजन को लेकर बैठक संपन्न



**जागरण, सतना।** गाथा राम मंदिर आयोजन की टीम द्वारा आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सतना रीवा एवं मैहर जिले के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गाथा श्री राम मंदिर आयोजन के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने वाले 500 वर्षों के ऐतिहासिक संघर्ष आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत की विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस बैठक में प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें हिमांशु सिंह जिला संयोजक अमर सिंह बघेल जिला संयोजक मैहर रचित त्रिपाठी विभाग संयोजक अभिषेक तिवारी डिग्री कॉलेज इकाई अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा डिग्री कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष शिवांश त्रिपाठी एवं अतुल पाल कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे।

# 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुई राज्यमंत्री

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी शुक्रवार को चित्रकूट में आयोजित श्रद्धा संवर्धन विराट 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए सनातन संस्कृति, गायत्री मंत्र की महिमा तथा यज्ञ के आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रहित में योगदान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कारों की पुनर्स्थापना और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है। सनातन संस्कृति से जुड़कर ही सशक्त समाज और समरस राष्ट्र का निर्माण संभव है।

# अवैध परिवहन एवं भंडारण पर जारी रखो कार्यवाही

## एसपी व कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

**जागरण, सतना।** पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर मैहर ने रामनगर विकासखंड के अरगट एवम मनकीसर स्थित धान खरीदी कैंप का आज औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान खरीदी व्यवस्थाए सुरक्षा प्रबंधन एवं किसानों की सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया गया पुलिस अधीक्षक मैंहर अवधेश प्रताप सिंह एवं कलेक्टर रानी बाटड ने संयुक्त रूप से कैंप पहुंचकर धान उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा की। किसानों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याओं का



समाधान सुनिश्चित किया गया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के समस्त बिंदुओं का कड़ाई से पालन हो। छाया पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि किसानों को कोई असुविधा न हो तथा टोकन सिस्टम के माध्यम से सुगम खरीदी सुनिश्चित की जाए। अवैध परिवहन या भंडारण पर कार्रवाई जारी रखने के आदेश दिए गए। निरीक्षण से किसानों में संतोष की भावना जागृत हुई।

# राज्यमंत्री ने डाम्हा में किया खरीदी केन्द्र का शुभारंभ

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डाम्हा (कोलाड) में बनाए गए नये खरीदी केन्द्र का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री ने कहा कि खरीदी केन्द्र के शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी। समय और संसाधनों की बचत होगी तथा उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। किसान हित में यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हित, ग्रामीण विकास और क्षेत्र की प्रगति के लिए हमारी प्रतिबद्धता लगातार जारी है। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित कृषकगण उपस्थित रहे।

# रामबहोरी प्रजापति को आईडब्ल्यूसी शहर अध्यक्ष बनाया गया



**सतना।** राष्टीय कांग्रेस पार्टी ने रामबहोरी प्रजापति सोहावल सतना को आई डब्लू सी का शहर अध्यक्ष बनाया जिससे प्रजापति कुम्हार समाज सहित सर्व समाज ने खुशी जाहिर करते हुए राष्टीय कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया धन्यवाद ज्ञापित में संतोष गिब्बा प्रजापति कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश सचिव मध्यप्रदेश कामता प्रसाद प्रजापति कुम्हार महासंघ संभागीय अध्यक्ष कुंजीलाल प्रजापति जिला अध्यक्ष कुम्हार संघ सतना बंसीलाल प्रजापति जिला संघ सभापति लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति जिला महासचिव रावेंद्र प्रजापति नईम मोहम्मद जय कुमार मिश्रा आर डी प्रजापति बद्री विशाल प्रजापति जय नारायण प्रजापति पप्पू प्रजापति रफीक भाई सहित अन्य सैकड़ों लोगों ने बधाइयां दी वहीं रामबहोरी प्रजापति ने शहर अध्यक्ष बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व सहित राष्टीय कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 271 प्रकरणों में अत्याचार पीड़ितों को 2 करोड 28 लाख रूपये की सहायता स्वीकृत

**जागरण, सतना।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से नवम्बर 2025) में 271 प्रकरणों में अब तक 2 करोड 28 लाख 61 हजार 250 रूपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इस आशय की जानकारी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, जिला संयोजक डॉ. अरूण शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला, समिति के सदस्य मुरानी सोनी, अभिनव त्रिपाठी, रामकलेश साकेत, बृजेश अहिरवार उपस्थित थे। जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में बताया गया कि अप्रैल 2025 से नवम्बर 2025 तक जिले में अत्याचार पीड़ितों के 271 प्रकरणों



में अब तक 2 करोड 28 लाख 61 हजार 250 रूपये की आर्थिक सहायता हितग्राहियों को स्वीकृत की गई है। जिसमें अनुसूचित जाति के 198 मामलो में 1 करोड 70 लाख 11 हजार 250 रूपये और अनुसूचित जनजाति के 73 मामलों में 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि योजना के प्रावधान के तहत स्वीकृत की गई है। इसके अलावा वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति के 82 प्रकरण में 78 लाख 69 हजार रूपये एवं अनुसूचित जनजाति के 51 प्रकरण में 42 लाख रूपये का भुगतान आवंटन के अभाव में लंबित है। बैठक में बताया गया कि अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत जनवरी 2025 से 30 नवम्बर 2025 की स्थिति में अनुसूचित जाति वर्ग के 159 एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की 45 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के 80 मामले और अनुसूचित जाति के 16 मामले लंबित है। कलेक्टर ने कहा कि 60 दिन से अधिक के 20 प्रकरण लंबित है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सतना।** नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को थाना देहात पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित नाबालिग बालिका ने थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के ही एक युवक ने उसे गांव की आंगनवाड़ी के पास ले जाकर बुरी नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। बालिका की रिपोर्ट पर थाना देहात पुलिस ने अपराध क्रमांक 382/25 के तहत धारा 74, 75-2 बीएनएस में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायालय द्वारा ज्यूडिशियल रिमांड पर उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए।

# यातायात प्रभारी मैहर ने ऑटो चालकों की ली बैठक, दिये निर्देश



**जागरण, सतना ।** यातायात प्रभारी विक्रम पाठक के द्वारा ऑटो चालको को वाहन के दस्तावेज जैसे परमिट, बीमा, लाइसेंस,रजिस्टेशन अपडेट करने को कहा गया वाहन चलाते समय शराब का सेवन ना करेए यात्रियो से शालीनता से पेश आये अभद्र व्यवहार ना करेएओवर स्पीडिंग ना करे, क्षमतानुसार ही सवारी बैठा,घण्टो तक रोड मे खड़े होकर जाम ना लगायेरोड किनारे उचित स्थान पर सवारियो को उतारे एवं बैठाए बाहरी ऑटो या संदिग्ध ऑटो चालको पर सतत निगरानी रखे अगर कुछ भी अवैध गतिविधि दिखाई देती है तो कन्ट्रोल रूम मैहर एवं यातायात पुलिस मैहर को सूचित करें । इस प्रकार ऑटो चालको को यातायात प्रभारी मैहर द्वारा दिशा निर्देश दिये गये । मीटिंग मे यातायात प्रभारी एवं उनकी टीम के अतिरिक्त ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष भोला चौरसिया,उपाध्यक्ष रवि गुप्ता,संजय गुप्ता एवं तकरीबन 100 ऑटो चालक उपस्थित रहे ।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में मध्यप्रदेश के सांसदों की भूमिका सराहनीय

## बैठक में शामिल हुए सतना सांसद गणेश सिंह

**जागरण, सतना।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में मध्यप्रदेश के सांसदों के लिए एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने सतना सांसद गणेश सिंह सहित मध्यप्रदेश के अन्य सांसदों द्वारा टीबी के विरुद्ध किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और अभियान में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। बैठक के दौरान चर्चा में बताया गया कि भारत ने टीबी उन्मूलन की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2025 के अनुसार पिछले नौ वर्षों में देश में टीबी के मामलों में 21 प्रतिशत की कमी आई हैए जबकि टीबी से होने वाली मृत्यु दर में 25 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। यह उपलब्धि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत किए गए संगठित और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रह गया हैए बल्कि यह सामुदायिक नेतृत्व वाला जन आंदोलन बन चुका है। इसमें निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही हैए जिन्होंने आमजन के बीच जागरूकता बढ़ानेए समय पर



जांच और शीघ्र उपचार को प्रोत्साहित करने तथा टीबी से जुड़े सामाजिक अभिशाप को कम करने में सक्रिय योगदान दिया है। उन्होंने दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक चले 100 दिनों के गहन टीबी उन्मूलन अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान सांसदों और जनप्रतिनिधियों का नेतृत्व वास्तव में उल्लेखनीय रहा। बैठक में टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देने तथा कमजोर और वंचित आबादी तक कार्यक्रम की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया गया। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि जनप्रतिनिधियोंए स्वास्थ्य कर्मियों और समाज के संयुक्त प्रयासों से भारत टीबी मुक्त राष्ट्र बनने के लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त करने में सफल होगा।

# रामा कृष्णा कॉलेज में वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**जागरण, सतना।** श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंसए सतना के बीबीए विभाग द्वारा आदित्य बिड़ला समूह के सहयोग से वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज़ मार्केट्स एनआईएसएम के माध्यम से संचालित किया गया जो भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सेबी द्वारा स्थापित एक सार्वजनिक न्यास है। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 एवं 16 दिसंबर को आयोजित किया गया जिसकी कुल अवधि 10 घंटे रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीबीए बीकॉम एवं बी अर्थशास्त्र विभागों के लगभग 170 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को निवेश एवं वित्तीय बाजार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गईए जिनमें निवेश का महत्वए प्रतिभूति बाजार का परिचयए प्राथमिक एवं द्वितीयक बाजारए म्यूचुअल फंडए निवेश से संबंधित सावधानियाँए निवेशक संरक्षण एवं शिकायत निवारण तथा प्रतिभूति बाजार में करियर के अवसर प्रमुख रहे। एनआईएसएम द्वारा विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री भी निः शुल्क उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में सेबी की ओर से डॉ प्रवीण जैन ने संसाधन व्यक्ति के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के गतिविधि प्रभारी के रूप में अशुतोष दुबे इंचार्ज बीबीए बीकॉम बी ए द्वारा संपूर्ण प्रशिक्षण का सफल संचालन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन शम्मी पुरी प्रबन्धन सुश्री मनीषा पंजवानी एवं प्राचार्य डॉ दीपक नेमा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसके सफल आयोजन हेतु आयोजकों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के बलजीत सिंह सुश्री ख्याति पांडेय डॉ आशीष तिवारी संजीव निगम एवं राजनारायण सेन सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।




# जरूरतमंद परिवारों के साथ-साथ शासकीय विद्यालयों को किया गया सहयोग

**जागरण, वैढ़न।** सासन पावर लिमिटेड के सीईओ एवं स्टेशन डायरेक्टर के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर गतिविधियों के अन्तर्गत दान उत्सव अभियान के अन्तर्गत कम्पनी के 60 कर्मचारियों और वेंडर्स ने मिलकर 35,000/- से अधिक की सहयोग राशि एकत्रित किया, जिसका उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की मदद करना एवं आस-पास के शासकीय विद्यालयों के प्रवीण बच्चों को प्रोत्साहित करना था। शिक्षण संबंधित किट में पेन, पेंसिल, नोटबुक, ड्रोइंग बुक, पानी की बोतल, आइल पेस्टर जैसी अन्य शिक्षण सामग्री थी, जिसे अलग-अलग गतिविधियों के प्रवीण छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। शिक्षा, खेल-कूद और उपस्थिति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरुस्कृत किया गया। प्राथमिक पाठशाला एवं हाईस्कूल सासन, जूनियर हाई स्कूल नौगढ़, सेटेलाइट स्कूल नौगढ़, प्राथमिक विद्यालय भकुआर टोला नौगढ़ बैगा बस्ती विद्यालय कृष्ण विहार तथा प्राथमिक पाठशाला कैम्हाड़ांड तियरा के 85 से अधिक बच्चों को शिक्षण किट दे करके छात्रों का मनोबल बढ़ाया गया। छात्रों ने क्विज, दौड़, ड्रॉइंग आदि गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वितरण टीम में सासन पावर लिमिटेड से फुज़ैल अहमद, मधुर जैन, राहुल यादव फइनेंस माइन उत्तर सिंह सिक्योरिटी डिपार्टमेंट माइन आशीष कुमार गुप्ता, नृपेन्द्र पाण्डेय, हृदय लाल, अमित दुबे, विजय दुबे, मिथिलेश शाह एवं श्याम सुन्दर बसोर सक्रिय रूप से शामिल रहे । इस अभियान में स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओ तथा विद्यालय के शिक्षकों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनकी मदद से जरूरतमंद परिवारों तथा छात्रों तक सहायता प्रभावी रूप से पहुँची।




# राज्यमंत्री ने किये भगवान कामतानाथ के दर्शन

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को सतना जिले के चित्रकूट में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन और पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने देश और प्रदेश की जनता को खुशहाली की कामना की।

**नाम सुधार सूचना**

मै राकेश कुमार चौधरी पिता श्री दयाराम चौधरी उम्र 32 साल निवासी ग्राम भैसवार तह.कोठी जिला सतना का निवासी होकर शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उक्त पते का निवासी हूँ मेरा आधार कार्ड क्रमांक 375082144771 है। मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा नाम राकेश चौधरी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम जो आधार कार्ड में दर्ज वह राकेश कुमार चौधरी है। अतः मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा नाम सुधारकर राकेश चौधरी के स्थान पर राकेश कुमार चौधरी दर्ज किया जाये।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 अंक 82 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 20 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए






# आज से भोपाल में भी दौड़ेगी मेट्रो

## मिंटो हॉल में शाम 4 बजे लोकार्पण, केंद्रीय मंत्री खट्टर रहेंगे मौजूद, पीएम मोदी भी जुड़ेंगे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** आठ साल पहले शुरू हुए मेट्रो फेस-1 प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कॉरिडोर का लोकार्पण शनिवार शाम 4 बजे होगा। मिंटो हॉल में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, सांसद भोपाल, महापौर और भोपाल के सभी विधायक मौजूद रहेंगे। एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल करने के लिए न्यौता भेजा है। 45 मिनट के कार्यक्रम में पीएम मोदी मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे और शहरवासियों को मेट्रो की सुविधा शुरू होने पर शुभकामनाएं देंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे या फिर उनका वीडियो संदेश प्रसारित किया जाएगा।



45 मिनट के कार्यक्रम के बाद सभी अतिथि शाम को 4.50 बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के लिए रवाना होंगे। शाम 5.10 बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से पहली बार भोपाल शहर में मेट्रो शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखाई जाएगी। केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम डॉ. मोहन यादव हरी झंडी दिखाकर मेट्रो को रवाना करेंगे। शाम 5.15 बजे मेट्रो सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से रवाना होगी और आधे घंटे बाद 5.45 मिनट पर एम्स स्टेशन पर पहुंचेगी। शाम 6 बजे एम्स स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री खट्टर और सीएम डॉ. यादव आम लोगों को संबोधित करेंगे।

## हर 3 मिनट में स्टापेज, 25 मिनट कुल यात्रा

**खास बातें**

- एम्स से सुभाष नगर तक 25 मिनट में पहुंचेगी ट्रेन
- 3 से 4 मिनट के बीच तय होगी एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के बीच की दूरी, इसी समय सीमा में स्टॉपेज भी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल मेट्रो का लोकार्पण आज होगा, लेकिन शहरवासी मेट्रो में रविवार से सफर कर सकेंगे। ८ साल की मेहनत के बाद तैयार हुए 7.5 किमी के मेट्रो कॉरिडोर में मेट्रो ट्रेन ८ स्टेशनों पर रुकेगी। एक से दूसरे स्टेशन का सफर 3 से 4 मिनट में तय होगा। खास बात यह है कि ट्रेन स्टापेज भी इसी समय सीमा में होगा। दोपहिया या चार पहिया में इन स्थानों की दूरी तय करने में 4 से 6 मिनट लगते हैं। मेट्रो में तेज गति से कम दाम में सफर हो सकेगा। शहर में रोजाना पहली मेट्रो की शुरुआत सुबह 9 बजे एम्स स्टेशन से होगी। यह ट्रेन 25 मिनट बाद 9.25 पर सुभाष नगर पहुंचेगी।

### केवल एक रैक से होगा संचालन

शुरुआत में दोनों ओर से केवल एक ही रैक आम लोगों के सफर के लिए उपलब्ध कराया गया है और इसकी टाइमिंग तय कर दी गई हैं। जैसे ही यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। रैक की संख्या बढ़ा दी जाएगी। खास बात यह है कि भोपाल में मेट्रो स्टेशनों के नाम शहरी क्षेत्रों के नाम पर रखे गए हैं। इंदौर में पहले महापुरुषों के नाम पर स्टेशनों के नाम रख गए थे, जिससे आम लोगों को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ा था। बता दें कि शुरुआत में एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो नौ फेरे लगाएगी, जबकि सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक आठ फेरे लगाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत ने जीती लगातार 8वीं टी-20 सीरीज

**अंतिम मैच में द. अफ्रीका को 30 रन से हराया**

**अहमदाबाद, जेएनएन।** हार्दिक पंड्या, तिलक वर्मा, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पांच मैचों की सीरीज के अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय में द. अफ्रीका को 30 रन से शिकस्त दी। वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया ने सीरीज 3-1 से नाम की और टी-20 विश्व कप 2024 के बाद से भारत अब तक इस प्रारूप में एक भी सीरीज नहीं हारी। इंडिया ने लगातार 8वीं सीरीज जीती है। अहमदाबाद में खेले गए अंतिम मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ५ विकेट पर 231 रन बनाए। हार्दिक ने 25 गेंद में 63 और तिलक ने 42 गेंद में 73 रन बनाए। अभिषेक शर्मा (34) और संजू सैमसन (37) ने पारी का आगाज करते हुए पहले विकेट के लिए छठे ओवर में ही 63 रन जोड़े। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 201 रन बना पाई। उसके लिए सर्वाधिक रन सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 65 और डेवाल्ड ब्रेविस ने 31 रन बनाए। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज वरुण ने चार विकेट लिए, जबकि बुमराह को दो सफलता मिली।

### दिल्ली में धुंध-कोहरे से 152 फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में शुक्रवार को लगातार छठे दिन हवा बेहद खराब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे दिल्ली में एक्यूआई 387 दर्ज किया गया। शहर में हवा की गुणवत्ता और भी बिगड़ गई है। कल शाम 4 बजे एक्यूआई 373 था। प्रदूषण के साथ शहर के ज्यादातर हिस्से जहरीले धुंध (स्मॉग) की चपेट में हैं। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर दिनभर के लिए 152 फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं।

**1 बेट एप सट्टेबाजी केस:** बॉलीवुड एक्टरों और खिलाड़ियों पर सख्ती

# युवराज-सूद सहित सेलेब्स की 1000 करोड़ की संपत्तियां जब्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सट्टेबाजी केस में पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद, एक्ट्रेस नेहा शर्मा समेत कई सेलेब्स की संपत्तियां जब्त की हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस केस में मॉडल-एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला की मां, बंगाली एक्टर अंकुश हाजरा, पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के अलावा पूर्व टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती की संपत्तियों को भी ईडी ने जब्त कर लिया है। जब्त संपत्तियों की अनुमानित कीमत 1,000 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। इसमें सोनू सूद की लगभग 1 करोड़ रुपए, मिमी चक्रवर्ती की 59 लाख रुपए, युवराज सिंह की 2.5 करोड़ रुपए, नेहा शर्मा की 1.26 करोड़ रुपए, उथप्पा की 8.26 लाख रुपए, अंकुश हाजरा की 47 लाख और उर्वशी रौतेला की मां की 2.02 करोड़ रुपए की संपत्ति शामिल है।



सूत्रों के अनुसार, फेडरल प्रॉब एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी करने के बाद एक्शन लिया है। इन सभी सेलेब्स पर आरोप है कि इन्होंने 1×बेट नाम के सट्टेबाजी ऐप का प्रमोशन किया। प्रमोशन के बदले मिलने वाली रकम को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए लिया। बता दें कि इन सभी सेलेब्स से इस मामले में पहले ईडी द्वारा पूछताछ की गई थी। एजेंसी ने कुछ समय पहले पूर्व क्रिकेटरों शिखर धवन और सुरेश रैना की 11.14 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी।

### 18 साल पुराना बेटिंग प्लेटफॉर्म, भारत में बैन

1×बेट साइप्रस की ऑनलाइन बेटिंग कंपनी (2007) है। यह दुनिया भर में खेल आयोजनों पर सट्टा लगाने की सुविधा देती है। कंपनी खुद को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी बताती है। इसका एप और वेबसाइट 70 भाषाओं में उपलब्ध हैं। भारत में यह प्लेटफॉर्म प्रतिबंधित है। यह जांच अवैध बेटिंग एप से जुड़ी है। कंपनी पर आरोप है कि उसने लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी की है या बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है। कंपनी का दावा है कि 1×बेट एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी है, जो पिछले 18 सालों से बेटिंग इंडस्ट्री में है। इसके ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं। कंपनी की वेबसाइट और एप 70 भाषाओं में उपलब्ध हैं। 1×बेट चांस बेस्ड गेम्स एप है।

### इधर, देशभर के 30 ठिकानों पर रेड, ड्रीम-11 भी जांच के घेरे में

देश के बहुचर्चित 2,434 करोड़ के धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का असर छत्तीसगढ़ तक पहुंच गया है। जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक आनंद जयकुमार जैन से जुड़े इस मामले में ईडी ने रायपुर समेत देश के कई बड़े शहरों में एक साथ छापेमारी की है। रायपुर में कंपनी और उससे जुड़े व्यक्तियों के ठिकानों पर ईडी की विशेष टीम ने दबिश दी, जहां से अहम दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में हुई यह कार्रवाई इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि जांच एजेंसी को राज्य के जरिए हुए संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के संकेत मिले हैं।

रायपुर कनेक्शन की जांचः ईडी को संदेह है कि रायपुर और आसपास के इलाकों में रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के नाम पर जुटाई गई रकम को आगे विदेशी कंपनियों में ट्रांसफर किया गया। एजेंसी को कुछ ऐसे ट्रांजेक्शन मिले हैं, जिनका सीधा संबंध ऑफशोर अकाउंट्स और शेल कंपनियों से बताया जा रहा है। जांच एजेंसी रायपुर में बैंकिंग ट्रांजेक्शन, प्रॉपर्टी डील, कंपनियों के डायरेक्टर्स और पार्टनर्स से जुड़े रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। सूत्रों का कहना है कि छत्तीसगढ़ से जुड़े कुछ कारोबारी समूह भी जांच के दायरे में आ सकते हैं, जिससे आने वाले दिनों में राच्य में ईडी की कार्रवाई और बढ़ सकती है। सीबीआई ने आनंद जयकुमार जैन, उनकी कंपनी जय कॉर्प लिमिटेड, कारोबारी पराग शांतिलाल पारेख और कई अन्य कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आनंद जैन मशहूर गेमिंग कंपनी ड्रीम11 के को-फाउंडर हर्ष जैन के पिता हैं, जिससे यह केस और भी हाई-प्रोफाइल बन गया है।

## महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई केस पर रोक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नेशनल हेराल्ड केस में विशेष अदालत ने ईडी की चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। कोर्ट के इस फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी को नेशनल हेराल्ड केस को राजनीति से प्रेरित बता सरकार के खिलाफ आक्रामक होने का मौका मिल गया था। अब विपक्ष को सरकार के खिलाफ आक्रामक होने का एक और मौका मिल गया है। कैश फॉर क्वैरी मामले में पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई के चार्जशीट दायर करने से जुड़ा केस भी धराशायी हो गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने महुआ को बड़ी राहत देते हुए लोकपाल के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें सीबीआई को चार्जशीट दायर करने की अनुमति दी गई थी। हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल व जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने लोकपाल को मामले में महुआ मोइत्रा की दलीलों पर ठीक से विचार कर एक महीने में फैसला लेने के लिए कहा है। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले में मोइत्रा के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने की मंजूरी दे दी थी।

वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम में सीएम बोले

# तेजी से बदल रहा है मप्र का औद्योगिक परिदृश्य

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। निवेश और सरलता से व्यापार-व्यवसाय बढ़ाने के लिए हमारी सरकार निवेशकों की हरसंभव मदद करने को तत्पर है। निवेशकों को साथ सरकार हर पल है। सीएम शुक्रवार को मुम्बई में वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, निवेशक, उद्योगपति और निवेशक मिलकर मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। देश को 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सशक्त अर्थनीति, वैचारिक दूरदर्शिता ही उसके विकास की संतुलित गति, स्थायित्व व भविष्य की दिशा तय करती है। बीता दशक पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम



काल रहा है। इस दौरान देश ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। डॉ. यादव ने कहा, मप्र में निवेशकों को बेहतर पॉलिसी, अवसर, इन्सेंटिव, इको सिस्टम, मार्केट लिंकेज और ग्रोथ रेट के साथ-साथ सरकार का फुल सपोर्ट मिलेगा। हमारे यहां उद्योगों के लिए पर्याप्त लैंड और वॉटर बैंक है, यूथ फोर्स है और स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स भी है। उन्होंने निवेशकों से मप्र में निवेश करने के लिए बेहिचक आगे बढ़ने का आहवान किया।

# अनाज के नाम पर 22.88 करोड़ की चपत

## कंपनी के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** इंदौर की आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बैंक धोखाधड़ी के एक मामले का पर्दाफाश करते हुए लाभांशी मल्टीट्रेड प्रालि के संचालकों पर एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों पर बैंक में 22.88 करोड़ के गबन का गंभीर आरोप है। खास बात यह है कि आरोपियों ने बैंक के पास बंधक रखे अनाज (सोयाबीन और चना) को चोरी-छिपे ठिकाने लगा दिया। जांच में खुलासा हुआ कि धार निवासी आयुष अग्रवाल और उनके परिवार ने दि कॉसमोस को-ऑपरेटिव बैंक लि. से वर्ष 2019 में मशीनरी खरीदने के नाम पर



2.50 करोड़ का टर्म लोन और 2.50 करोड़ की कैश क्रेडिट लिमिट ली थी। इसके बाद बैंक से उन्होंने 2022 तक कैश क्रेडिट लिमिट बढ़ाकर 21.50 करोड़ करवा लिया गया। नियम के मुताबिक, लोन के बदले आरोपियों ने अपना स्टॉक (चना, सोयाबीन आदि) बैंक के पास गिरवी रखा था। इसे बिना बैंक की अनुमति के बेचा नहीं जा सकता था, लेकिन जब बैंक ने जांच की तो पता चला स्टॉक गायब है।

### कागजों पर स्टॉक दिखाकर 6.87 करोड़ की हेराफेरी

ईओडब्ल्यू की इंदौर यूनिट ने ही धोखाधड़ी के मामले में केशव प्रोटीन्स एंड ऑर्गेनिक एलएलपी नाम की एक कंपनी के संचालकों के खिलाफ भी शिकंजा कसते हुए केस दर्ज किया है। इस कंपनी ने फर्जी तरीके से एचडीएफसी बैंक से करोड़ों का कर्ज लेकर रकम हड़प ली। फर्म के पार्टनर्स ने लोन लेने के बैंक के दस्तावेजों में स्टॉक को बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया, जबकि इस तरह का कोई स्टाक कंपनी ने खरीदा ही नहीं था। कागजों पर इस स्टॉक के दम पर बैंक से पहले 7.41 करोड़ का लोन लिया और फिर उसे बढ़वाकर 8.72 करोड़ रुपए करवा लिया।

**स्वास्थ्य** | वैज्ञानिकों ने एक ताजा रिसर्च में किया दावा

# बुजुर्गों में धीरे-धीरे बीपी कम करता है रोजाना मल्टीविटामिन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मास जनरल ब्रिघम के इन्वेस्टिगेटर्स की नई खोज से पता चलता है कि लंबे समय तक रोजाना मल्टीविटामिन लेने से कुछ बुजुर्गों के ग्रुप्स में ब्लड प्रेशर (बीपी) कम करने और हाइपरटेंशन का खतरा कम करने में मदद मिल सकती है। टीम ने कोको सप्लीमेंट और मल्टीविटामिन आउटकम्स स्टडी (कॉसमॉस) के डेटा का सेकेंडरी एनालिसिस किया। जब उन्होंने पार्टिसिपेंट्स के पूरे ग्रुप को देखा, तो उन्हें रोजाना मल्टीविटामिन लेने वालों और प्लेसिबो लेने वालों के बीच हाइपरटेंशन के खतरे या ब्लडप्रेशर में कोई खास फर्क नहीं दिखा। हालांकि, जब उन्होंने खास सबग्रुप्स पर फोकस किया, तो उन्होंने उन लोगों में छोटे लेकिन स्टैटिस्टिकली अहम सुधार देखे जिनकी डाइट क्वालिटी कम थी और स्टडी की शुरुआत में उनका बीपी नॉर्मल था। रिजल्ट्स अमेरिकन जर्नल ऑफ हाइपरटेंशन में पब्लिश हुए हैं।

### कैसे असर डालते हैं सप्लीमेंट्स



कॉसमॉस एक रैंडम, प्लेसबो-कंट्रोल्ड क्लिनिकल ट्रायल है, जिसमें यह जांचा गया कि कोको एक्सट्रैक्ट और मल्टीविटामिन सप्लीमेंट्स यूनाइटेड स्टेट्स में बुजुर्गों की हेल्थ पर कैसे असर डालते हैं। इस एनालिसिस के लिए, रिसर्चर्स ने 8,905 बुजुर्गों पर फोकस किया, जिन्हें बेसलाइन पर हाइपरटेंशन नहीं था और जिन्हें रैंडमली हर दिन सेंट्रम सिल्वर या प्लेसिबो लेने के लिए असाइन किया गया था। उन्हें औसतन 3.4 साल तक फॉलो किया गया। टीम ने 529 और 994 पार्टिसिपेंट्स के दो और ग्रुप में दो सालों में ब्लड प्रेशर में हुए बदलावों की भी स्टडी की, जिनका बीपी मेजरमेंट या तो क्लिनिक में या घर पर लिया गया था।

मास जनरल ब्रिघम डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन के प्रिवेंटिव मेडिसिन डिवीजन के कॉरेस्पोंडिंग ऑथर एमडी, पीएचडी, एमएस रिकुटा हमाया, ने कहा, न्यूट्रिशन ब्लड प्रेशर और हाइपरटेंशन को कंट्रोल करने के लिए जरूरी चीजों में से एक है। हमने पाया कि रोजाना मल्टीविटामिन लेना उन लोगों में हाइपरटेंशन का खतरा कम करने में फायदेमंद हो सकता है जो कम न्यूट्रिशन लेते हैं। हमारे नतीजों से पता चलता है कि रोजाना मल्टीविटामिन लेना ब्लडप्रेशर को कंट्रोल करने का एक जैसा सॉल्यूशन नहीं हो सकता है, लेकिन यह बुजुर्गों के कुछ खास ग्रुप के लिए फायदेमंद हो सकता है।

पूरी स्टडी पॉपुलेशन में, इन्वेस्टिगेटर को मल्टीविटामिन और प्लेसिबो ग्रुप्स के बीच खुद बताए गए नए हाइपरटेंशन में कोई अंतर नहीं मिला। हालांकि, जब उन्होंने डाइट क्वालिटी की जांच की, तो उन्होंने देखा कि अल्टरनेटिव हेल्दी ईटिंग इंडेक्स और अल्टरनेट मेडिटेरेनियन डाइट के स्कोर के आधार पर मल्टीविटामिन का इस्तेमाल उन पार्टिसिपेंट्स में हाइपरटेंशन के कम रिस्क से जुड़ा था, जिनका डाइट तुलनात्मक रूप से खराब था। जिन पार्टिसिपेंट्स का स्टडी की शुरुआत में बीपी नॉर्मल था और जो रोज मल्टीविटामिन लेते थे, उनमें भी दो साल के समय में बीपी मेजरमेंट में थोड़ी लेकिन बड़ी कमी आई। लेखकों ने बताया कि यह पता लगाने के लिए और स्टडीज की जरूरत है कि रोजाना मल्टीविटामिन लेने से युवा और अधेड़ उम्र के वयस्कों के साथ-साथ उनके न्यूट्रिशनल स्टेटस के हिसाब से अलग-अलग आबादी में ब्लड प्रेशर पर क्या असर पड़ सकता है। सेसो और मैनसन को मार्स एज से इन्वेस्टिगेटर-इनिशिएटेड ग्रांट मिलीं, जो मार्स इनकॉरपोरेटेड का एक सेगमेंट है जो न्यूट्रिशन रिसर्च और प्रोडक्ट्स के लिए डेडिकेटेड है।

### ग्रांट से मिा सपोर्ट

कोको सप्लीमेंट और मल्टीविटामिन आउटकम स्टडी (कॉसमॉस) को मार्स एज से एक इन्वेस्टिगेटर द्वारा शुरू किए गए ग्रांट से सपोर्ट मिला है, जो मार्स का एक सेगमेंट है जो न्यूट्रिशन रिसर्च और प्रोडक्ट्स के लिए डेडिकेटेड है, जिसने इंफ्रास्ट्र. र सपोर्ट दिया और स्टडी पिल्स और पैकेजिंग डोनेट की। फाइजर कंज्यूमर हेल्थकेयर (अब हैलोन) ने स्टडी पिल्स और पैकेजिंग के पार्शियल प्रोविजन के जरिए एक्स्ट्रा सपोर्ट दिया। कॉसमॉस को नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ, बेथेस्डा, एमडी से ग्रांट जी050657, एजी071611, ईवाई 025623, और एचएलवी 57665, और हैलोन से एक इन्वेस्टिगेटर द्वारा शुरू किए गए ग्रांट से भी पार्शियल सपोर्ट मिलता है। ट्रायल के डिजाइन या कंडक्ट, डेटा कलेक्शन, डेटा एनालिसिस, या मैन्युस्क्रिप्ट की तैयारी या रिव्यू में न तो मार्स एज और न ही हेलियन की कोई भूमिका थी।

**नेशनल हेराल्ड केस:** मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

# ईडी ने की अपील, सोनिया और राहुल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी ने दिल्ली की ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ दाखिल शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया था। बता दें कि 16 दिसंबर 2025 को राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट को गैर-कानूनी ठहराते हुए कहा कि यह निजी शिकायत पर आधारित थी, न कि किसी प्रीडिकेट ऑफेंस की एफआईआर पर। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पीएमएलए के तहत जांच के लिए एफआईआर अनिवार्य है। ईडी ने ट्रायल कोर्ट के निष्कर्षों पर सवाल उठाते हुए अपील में कहा कि फैसला गलत है और शिकायत पर आगे बढ़ने की जरूरत है। एजेंसी दिल्ली पुलिस की हालिया एफआईआर को आधार बनाकर नई चार्जशीट दाखिल करने की भी तैयारी कर रही है। इस मामले में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्तियों के कथित दुरुपयोग के आरोप हैं। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है, जबकि ईडी आर्थिक अपराध मान रही है। मामला अब हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए जाएगा।



**दिल्ली की ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में दी चुनौती**

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## धुंध में दृश्यता बढ़ाने के तकनीकी प्रयास जरूरी

*उस घटना की कल्पना करके भी रूह कांप जाती है, जिसमें मथुरा के निकट, मंगलवार तड़के घने कोहरे के चलते कई वाहनों के आपस में टकराने से तेरह लोग जिंदा जल गए। घने अंधेरे में बड़ी संख्या में लोग आग में झुलसे और घायल हुए। मरने वाले निर्दोष लोग अपने-अपने जरूरी कामों के लिए जल्दी पहुंचने की चाहत में रात के सफर पर निकले थे। लेकिन हालात उन्हें मौत के मुंह में ले गये। मंगलवार को अमंगल का यह सिलसिला पंजाब तक चला, जहां सुबह घने कोहरे के चलते पांच लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई। बरनाला व तपामंडी में हुए दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच लोगों की मौत हुई। वजह वही, घने कोहरे के चलते दृश्यता में कमी और स्थिति का आकलन न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाना। वहीं तपामंडी के व्यापारी की पत्नी व बेटी की मौत रास्ते में खड़े ट्रक से उनकी कार के टकराने से हुई। इससे पहले रविवार सुबह कोहरे के कोहराम से 66 वाहनों के टकराने से एक छात्रा समेत चार लोगों की मौत हरियाणा में भी हुई। चरखी दादरी में एक स्कूल बस व रोडवेज की बस की आमने-सामने की टक्कर में एक ग्यारहवीं की छात्रा की मौत हो गई और तीस से अधिक छात्राएं व शिक्षक, बस चालक समेत घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार वाले नेशनल हाईवे 152-डी पर एक के बाद एक, अनेक वाहन दृश्यता की कमी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए। निश्चय ही निर्दोष लोगों का यूं असमय काल-कवलित होना बेहद दुखद ही है। आखिर हर साल जाड़े के दिनों में धुंध या कोहरे की वजह से होने वाले हादसों के लिए हम क्यों अभिशप्त हैं? आखिर इन दुर्घटनाओं को टालने की गंभीर कोशिश सरकार, समाज व वाहन चालकों की तरफ से क्यों नहीं की जाती?*

*विडंबना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए धुंध से मुक्ति की तकनीक क्यों नहीं लगा पा रहे हैं? निश्चय ही प्रकृति की लीला का मुकाबला कर पाना संभव नहीं, लेकिन कमोबेश दुर्घटनाओं की संख्या कम करके जान-माल का नुकसान कम करने का प्रयास तो करें। यह सजगता नागरिकों के स्तर पर भी जरूरी है। यात्रा के समय के चयन और धुंध के बीच वाहन चालन में अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग व एक्सप्रेस-वे पर पर्याप्त रोशनी और धुंध में दृश्यता बढ़ाने के तकनीकी प्रयास किए जाएं।*

*मौसमी बाधा के बीच दुर्घटना का एक बड़ा कारण राजमार्गों के किनारे अवैध रूप से खोले गए ढाबे भी बनते हैं। दरअसल, होटल-ढाबों के पास वाहनों को अपने परिसर में खड़ा करने की जगह नहीं होती, जिसके चलते ट्रक व अन्य वाहन सड़कों में खड़े रहते हैं। अक्सर तेजी से आने वाले वाहन दृश्यता की कमी से इन खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं। पिछले माह राजस्थान के फलोदी के निकट एक टेम्पो ट्रेवलर के सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर से टकराने से दस महिलाओं व चार बच्चों समेत पंद्रह लोगों की मौत हुई थी। इस घटना पर स्वतः संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी दिखाई। कोर्ट ने अवैध होटलों-ढाबों पर नियंत्रण हेतु पूरे देश के लिये दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत बतायी।*

*कई अध्ययनों में हादसों की वजह सड़कों के डिजाइन को भी बताया गया। सवाल है कि जब देश में अच्छी-तेज सड़कों का जाल तीव्र गति से बिछाया जा रहा है तो सुरक्षित सफर सुनिश्चित करना भी तो नीति-नियंताओं की जवाबदेही बनती है? हादसों के लिए सिर्फ चालकों को जिम्मेदार नहीं बताया जा सकता। हां, चालकों को गति के साथ मति भी तेज रखनी होगी। एक जिम्मेदार नागरिक का भी दायित्व निभाना होगा।*

# रूफटॉप सोलर पर भारी पड़ेगा रात की बिजली का खर्च

सौर ऊर्जा परियोजना

सुनीता नारायण

अब आप जैसे ही छत के बारे में सोचते हैं आपके जेहन में वहां लगे सौर पैनल की तस्वीर उभरने लगती है। आप सौर ऊर्जा की बात सोचते हैं तो आप दिन में पैदा होने वाली बिजली को देखते हैं जो उपकरणों को चलाती है और यहां तक कि ग्रिड में भी जाती है। इस ग्रिड से रात में रोशनी के लिए बिजली वापस हासिल की जा सकती है, जब सूरज की चमक नहीं होती।

यह दुनिया का सबसे बेहतरीन समाधान है, जहां हम में से हर कोई बिजली का उत्पादक बन जाता है। यह इसलिए काम करता है क्योंकि सौर ऊर्जा मॉड्यूलर है, और इसके पैनल ताप विद्युत संयंत्रों और नाभिकीय ऊर्जा उत्पादक संयंत्रों के विपरीत, कहीं भी फिट हो सकते हैं। हालांकि बड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण के लिए बहुत अधिक जमीन की जरूरत होती है, जो हमेशा दुर्लभ और अक्सर विवादित जमीन होती है, लेकिन इस मॉडल में हर उपलब्ध छत अपने आप में एक बिजली संयंत्र बन जाती है।

आप यह सवाल कर सकते हैं कि मैं छत पर लगने वाले सौर ऊर्जा के उन लाभों के बारे में क्यों बता रही हूं जिससे सभी वाकिफ हैं। मेरा भी मानना है कि इसकी क्षमता बहुत ज्यादा है। फिर, केंद्र सरकार के दफ्तरों और घरों में छत पर लगने वाले सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की योजनाओं के बावजूद, इस क्षेत्र में प्रगति अब भी परिवर्तनकारी स्तर पर क्यों नहीं है? यह नीति या इरादे की कमी नहीं है। असली सवाल यह है कि यह तकनीक मौजूदा बिजली वितरण प्रणालियों के साथ कैसे एकीकृत होगी।

यह चुनौती सिर्फ भारत के लिए ही अनोखी नहीं है। सभी नई तकनीकें समान रास्ते पर चलती हैं। उन्हें अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए पुरानी चीजों को हटाने के तरीके खोजने होंगे और इस मामले में तो सचमुच यह जरूरी है। हकीकत यह है कि सौर तकनीक, केवल तभी बिजली दे सकती है जब सूरज चमकता है, ऐसे में किसी तरह के बैकअप की आवश्यकता होती है।

याद रखें कि रात के समय ऊर्जा की खपत अक्सर दिन के समय के बराबर या उससे भी ज़्यादा होती है। दिन में प्राकृतिक रोशनी उपलब्ध होती है और आमतौर पर किसी चीज को गर्म रखने या वातानुकूलन की कम जरूरत होती है। आदर्श व्यवस्था यह है कि सौर पैनल दिन के दौरान बिजली पैदा करते हैं, जिसका कुछ हिस्सा पैनल वाली साइट पर ही इस्तेमाल किया जाता है, जबकि अतिरिक्त बिजली ग्रिड को भेजी जाती है या फिर बैटरी में संग्रहित की जाती है जिसका इस्तेमाल तब होता है जब सूरज की रोशनी नहीं होती है। चूंकि बैटरी अब भी महंगी हैं, इसलिए ग्रिड को भेजना सबसे व्यावहारिक विकल्प बना हुआ है। इस सेटअप में यह वितरण कंपनी (डिस्कॉम) या बिजली आपूर्ति कंपनियों के बैकअप के रूप में काम करती है।



**रूफटॉप सौर ऊर्जा की संभावनाओं को बढ़ाने में ग्रिड एकीकरण, बैटरी लागत और वितरण कंपनियों पर पड़ने वाले वित्तीय दबाव को बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। छत पर लगने वाले सौर ऊर्जा उत्पादकों द्वारा ग्रिड को भेजी जाने वाली या फिर बैटरी में संग्रहित की जाने वाली अतिरिक्त बिजली जिसका इस्तेमाल रात में होता है। सवाल यह है कि घरों के लिए और ऊर्जा वितरकों के लिए कारगर लगने वाला सबसे अच्छा नियामक वातावरण क्या होगा। या क्या वितरण पर भरोसा किए बिना सौर भविष्य बनाने के तरीके हो सकते हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां आज ग्रिड नहीं है?**

हालांकि मुश्किलें यहीं से शुरू हो जाती हैं। केरल का उदाहरण लें, जो छतों पर लगाई जाने वाली सौर ऊर्जा परियोजनाओं में देश के सबसे सफल राज्यों में से एक है। राज्य ने छतों पर लगाए जाने वाले 1.5 गीगावॉट के तंत्र स्थापित किए हैं जिसकी पहुंच इसके एक करोड़ घरेलू ग्राहकों के 2 फीसदी हिस्से तक है। केरल राज्य बिजली बोर्ड (केएसईबी), जो इस योजना को लागू करता है, उसने अगस्त में कहा कि उसका वित्तीय नुकसान असहनीय हो गया है।

समस्या यह थी कि केएसईबी दिन के दौरान छत पर लगने वाले जेनरेटर से बिजली खरीद रहा था, जब दरें कम थीं और उन्हें रात में उतनी ही मात्रा में वापस बेच रहा था, जब उसकी खरीदी हुई बिजली की लागत ज़्यादा थी। इस सौर कार्यक्रम के माध्यम से केवल 2 फीसदी उपभोक्ताओं को सेवाएं मिलने से बिजली दरों पर बोझ बढ़ गया, जिससे बदले में बाकी उपभोक्ताओं के लिए बिल बढ़ गए।

इसलिए, केएसईबी ने एक मसौदा आदेश जारी किया, जो ग्रिड को बिजली देने की अधिकतम क्षमता को सीमित करेगा, ग्रिड शुल्क पर कर लगाएगा और दिन के समय की गणना के आधार पर शुल्क पेश करेगा। जैसे ही यह आदेश आया, छत पर लगाई जाने वाली योजना ठप पड़ गई और एक महीने के भीतर, इंस्टॉलेशन आधे हो गए।

नवंबर में, केरल राज्य बिजली नियामक आयोग (केएसईआरसी) ने ग्रिड से जुड़े छत पर लगने वाले सिस्टम के लिए अंतिम अधिसूचना जारी की। यह नए जुड़े घरों को बैटरी स्टोरेज लगाना अनिवार्य करके वितरण कंपनियों पर बोझ कम करने का प्रयास करता है, ताकि उनकी रात के समय बिजली की खरीद कम हो जाए। छत पर लगने वाले 10 किलोवॉट से ऊपर के सौर ऊर्जा पैनल में 10 फीसदी बैटरी स्टोरेज होनी चाहिए और 15-20 किलोवॉट वाले पैनल तंत्र में 20 फीसदी की आवश्यकता होगी। वर्ष 2027 के बाद, छोटे 5 किलोवॉट तंत्र में भी स्टोरेज की आवश्यकता होगी। यह नीति कुल मीटरिंग तंत्र के माध्यम से प्रोत्साहन की पेशकश भी करती है, जिससे बिजली की अधिक मांग वाले समय के दौरान सौर ऊर्जा की आपूर्ति करने वाले ग्राहकों को अधिक टैरिफ की पेशकश होती है।

ग्राहक के बिजली बिलों का अंतिम निपटान प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में किया जाएगा। इस निपटान प्रक्रिया के तहत, पहले ग्राहक के खाते से निश्चित शुल्क और ग्रिड शुल्क की कटौती की जाएगी। इन कटौतियों के बाद भी, यदि ग्राहक की कोई बिजली की यूनिट अधिशेष या 'जमा' बचती है (यानी ग्राहक ने ग्रिड को जितनी बिजली दी, वह ली गई बिजली से अधिक है), तो उस बची हुई बिजली के लिए भुगतान किया जाएगा।

मौजूदा ग्राहकों को यह भुगतान 3.08 रुपये प्रति किलोवॉट की दर से और नए कनेक्शन वाले ग्राहकों को 2.79 रुपये प्रति किलोवॉट की दर से किया जाएगा। यह महत्त्वपूर्ण है कि अधिशेष यूनिट के लिए भुगतान की जाने वाली यह दर, बिजली की सामान्य या अधिक मांग वाले समय की दरों से काफी कम होगी। इस अधिसूचना पर राज्य उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है और यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले का समाधान कैसे होता है।

सवाल यह है कि छत पर लगने वाले सौर ऊर्जा उत्पादकों, घरों के लिए और ऊर्जा वितरकों के लिए कारगर लगने वाला सबसे अच्छा नियामक वातावरण क्या होगा। या क्या वितरण पर भरोसा किए बिना सौर भविष्य बनाने के तरीके हो सकते हैं, खासकर उन देशों और क्षेत्रों में जहां आज ग्रिड नहीं है?

पड़ोसी पाकिस्तान से आ रही खबरें एक अलग रास्ते के संकेत देती हैं। यह देश बिजली की कमी के कारण अधिक ऊर्जा लागत का सामना कर रहा है। हालांकि, इसने चीनी सौर पैनलों और लीथियम बैटरी पर आयात शुल्क हटा दिया है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा विश्लेषकों का अनुमान है कि 2024 तक, पाकिस्तान ने लगभग 25 गीगावॉट क्षमता के ऐसे सोलर तंत्र लगाए जो ग्रिड से जुड़े हुए थे इसकी तुलना में, पाकिस्तान की कुल ग्रिड बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 50 गीगावॉट थी। इसके अलावा, देश ने दूर-दराज के ऐसे इलाके जो ग्रिड से नहीं जुड़े हैं, उन्हें चलाने में मदद के लिए 1.25 गीगावॉट क्षमता वाली लीथियम बैटरियां भी आयात की थीं।

इस रफ्तार से, पाकिस्तान वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी दिन के समय की बिजली की 100 फीसदी मांग और रात के समय की मांग का 25 फीसदी पूरा कर सकता है। लेकिन रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि यह बदलाव वितरण कंपनियों की लागत में वृद्धि कर रहा है, जिससे पीछे हटने और नीति की समीक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह बात कहां तक जाएगी। यह हमारे दौर का अहम प्रश्न है कि नई ऊर्जा प्रणालियां मौजूदा जीवाश्म-ईंधन-आधारित ग्रिड को कैसे विस्थापित करेंगी और हमें अलग तरीके से क्या करना चाहिए? यह एक ऐसा सवाल है जिसे हम सभी को ध्यान से देखने की कोशिश करनी चाहिए।

# बेटियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली हो माता-पिता का घर

बेटी के अधिकार

राकेश के सिंह

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने हाल ही में बेटियों के मायके में अधिकार के मुद्दे पर ट्वीट कर सामाजिक व्यवस्था पर व्यापक बहस छेड़ दी है। उनका कहना है कि हर बेटी को यह भरोसा होना चाहिए कि माता-पिता का घर हमेशा उसके लिए सुरक्षित शरणस्थली है, जहां वह बिना किसी डर, शर्म या किसी को सफाई दिए वापस लौट सके।

रोहिणी आचार्य कहती हैं- लड़कियों को 10,000 रुपये देना या साइकिलें बांटना, भले ही नेक इरादे से किया गया हो, लेकिन ये भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा डालने वाले व्यवस्थागत मुद्दों को हल करने के मद्देनजर अपर्याप्त है। सरकार और समाज का यह प्रथम दायित्व होना चाहिए कि वह बेटियों के समान अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए, खासकर सामाजिक और पारिवारिक उदासीनता के मद्देनजर बिहार में गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक मानसिकता सामाजिक और राजनीतिक, दोनों क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता पैदा करती है।

हर बेटी को इस आश्वासन के साथ बड़े होने का अधिकार है कि उसका मायका एक ऐसा सुरक्षित स्थान है ,जहां वह बिना किसी डर, अपराधबोध, शर्म या किसी को कोई स्पष्टीकरण दिए बिना लौट सकती है। इस उपाय को लागू करना केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं है, बल्कि अनगिनत महिलाओं को भविष्य में होने वाले शोषण और उत्पीड़न से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

बिहार में गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक मानसिकता सामाजिक और राजनीतिक, दोनों स्तरों पर व्यापक परिवर्तन की मांग करती है। प्रत्येक बेटी को यह आश्वासन मिलना चाहिए कि उसका मायका एक सुरक्षित शरणस्थली है, जहां वह बिना किसी डर, अपराधबोध, शर्म या स्पष्टीकरण के वापस लौट सकती है। इस अधिकार को लागू करना केवल एक प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अनगिनत महिलाओं को भविष्य में शोषण और उत्पीड़न से बचाने की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा।



**रोहिणी आचार्य ने हाल ही में बेटियों के मायके में अधिकार के मुद्दे पर ट्वीट कर सामाजिक व्यवस्था पर व्यापक बहस छेड़ दी है. सरकार और समाज का यह प्रथम दायित्व होना चाहिए कि वह बेटियों के समान अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए, खासकर सामाजिक और पारिवारिक उदासीनता के मद्देनजर बिहार में गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक मानसिकता सामाजिक और राजनीतिक, दोनों क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता पैदा करती है।**

कानून की कमी

हालांकि भारतीय कानून ने हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 के माध्यम से बेटियों के आर्थिक अधिकारों का प्रगतिशील विस्तार किया है और घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत वैवाहिक घरों में महिलाओं के निवास के लिए मजबूत सुरक्षा प्रावधान स्थापित किए हैं, फिर भी एक गंभीर कमी बनी हुई है। कोई भी कानून अपने माता-पिता के जीवनकाल में बेटी को उनके मायके में निवास करने के बिना शर्त अधिकार की गारंटी नहीं देता। यह कानूनी चुप्पी विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 21 की व्याख्या आश्रय और गरिमा के मौलिक अधिकार के रूप में की है; फिर भी, इन सुरक्षा उपायों को यह स्थापित करने के लिए विस्तारित नहीं किया गया है कि बेटियों का अपने पैतृक घरों पर स्थायी अधिकार है। कानून एक महिला के अपने पति के घर में निवास की सुरक्षा करता है, जबकि उसके मायके तक उसकी पहुंच को माता-पिता के विवेक पर छोड़ देता है। यह परोक्ष रूप से उस पितृसत्तात्मक धारणा को कानूनी मान्यता देता है कि एक महिला का असली घर उसके पति के साथ है और उसका मायका केवल एक अस्थायी पड़ाव है, ना कि निरंतर अपनेपन का स्थान।

**पराया धन की अवधारणा :** पराया धन की अवधारणा—बेटियों को दूसरे की संपत्ति मानना—उन्हें अस्थायी पारिवारिक सदस्यों के रूप में परिभाषित करती रहती है, ऐसी महिलाएं जिनका मायके में बिताया समय कहीं और वास्तविक घर के लिए तैयारी मात्र है। नकद हस्तांतरण और सरकारी योजनाओं को अपर्याप्त बताकर आचार्य एक महत्वपूर्ण सच्चाई सामने रखती है।पितृसत्तात्मक व्यवस्था को कल्याणकारी योजनाओं से खत्म नहीं किया जा सकता। प्रशासनिक उपाय आर्थिक कठिनाइयों को कुछ हद तक कम कर सकते हैं, लेकिन उन सामाजिक और कानूनी परिस्थितियों को जड़ से नहीं बदल सकते जो बेटियों को अपने मायके में सुरक्षित अपनेपन की भावना से वंचित करती हैं। सरकारी योजनाएं समस्या की जड़ के बजाय केवल उसके लक्षणों का उपचार करती हैं—वे आर्थिक मदद तो देती हैं, लेकिन कानूनी धारणा या सामाजिक कलंक को नहीं बदलतीं। वास्तविक सुधार के लिए कानूनी और सांस्कृतिक परिवर्तन आवश्यक है, न कि केवल आर्थिक सहायता।

रोहिणी आचार्य की अपील एक ऐसे अधिकार की मांग को व्यक्त करती है जिसे केवल सरकारी योजनाओं से पूरा नहीं किया जा सकता। वो कहती हैं कि पैतृक घर को कानूनी और सामाजिक रूप से बेटियों के लिए स्थायी शरणस्थली के रूप में फिर से परिभाषित किया जाए, ना कि ऐसी जगह के रूप में जहां वे केवल माता-पिता की इच्छा पर या सामाजिक शर्म के साथ लौट सकें। रोहिणी की मांग है कि पैतृक घर को महिला के उत्पत्ति स्थल के रूप में देखने से हटकर उसे एक स्थायी शरणस्थली के रूप में मान्यता दी जाए, जो उसकी गरिमा और सुरक्षा को जीवन भर स्थिर रखे।

प्रसंगवश

## टीकाकरण से नुकसान के विवाद पर विराम की उम्मीद

टीकाकरण से बच्चों में ऑटिज्म होने संबंधी वर्षों पुराना विवाद अब थम सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हाल ही में स्पष्ट कर दिया है कि इस बात का कोई वैज्ञानिक सुबूत नहीं है, कि एमएमआर टीका से ऑटिज्म होता है। इसके लिए वैक्सीन सुरक्षा पर डब्ल्यूएचओ की वैश्विक विशेषज्ञ समिति ने जनवरी, 2010 से लेकर अगस्त, 2025 तक प्रकाशित 31 शोध अध्ययनों सहित तमाम वैज्ञानिक साक्ष्यों का विश्लेषण किया और यह निष्कर्ष निकाला कि गर्भावस्था व बचपन के दौरान लगने वाले टीके किसी भी तरह से नुकसानदेह नहीं हैं।

**तमाम दावों-प्रतिदावों के बावजूद आम जनमानस में टीके और ऑटिज्म के रिश्ते पर बहस चलती रही। अब एक लंबे वैज्ञानिक अध्ययन के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्थिति स्पष्ट कर दी है, जिससे इस विवाद पर विराम लगने की उम्मीद है।**

दरअसल, यह पूरा विवाद साल 1998 में तब शुरू हुआ था, जब लैंसेट पत्रिका में छपे एक शोध अध्ययन में दावा किया गया कि एमएमआर टीका से ऑटिज्म होता है। उस अध्ययन में 12 मामलों का जिक्र किया गया था, हालांकि उसमें वैज्ञानिक पहलुओं का अभाव था, जिसके कारण बाद में पत्रिका ने अपना लेख वापस ले लिया। मगर तब तक तीर कमान से निकल चुका था। तमाम दावों-प्रतिदावों के बावजूद आम जनमानस में टीके और ऑटिज्म के रिश्ते पर बहस चलती रही। अब एक लंबे वैज्ञानिक अध्ययन के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्थिति स्पष्ट कर दी है, जिससे इस विवाद पर विराम लगने की उम्मीद है।

ऑटिज्म असल में एक मानसिक अवस्था है, जिसमें मस्तिष्क का पूरी तरह से विकास नहीं हो पाता। इस वजह से मरीज बाहरी संसार से अलग अपनी दुनिया में खोया रहता है। ऑटिज्म से पीड़ित लोग, फिर चाहे वे बच्चे हों या बड़े, खुद को समाज से कटा हुआ मानते हैं, क्योंकि उनके सोचने-समझने या बातचीत का सलीका आम इंसानों से अलग होता है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे मरीजों को मंदबुद्धि मानते हैं, लेकिन डॉक्टरों की नजर में यह महज मिथक है। उनके मुताबिक, ऐसे मरीजों को समाज में घुलने-मिलने में बेशक झिझक हो, लेकिन वे दिमागी रूप से कमजोर नहीं होते। तकनीकी शब्दावली में ऑटिज्म एक 'न्यूरो- डेवलपमेंटल डिसऑर्डर' है, जो आमतौर पर आनुवंशिक होता है, लेकिन प्रदूषण जैसे बाहरी कारक भी इसकी वजह बन सकते हैं। एम्स ने अपने एक अध्ययन में भारी धातुओं और मोबाइल पर अधिक वक्त बिताने (स्क्रीन टाइम ज्यादा होने) को भी इसका अहम कारण माना है। सलाह यही दी जाती है कि अगर बच्चा अकेला रहना पसंद करता है, बोलने में झिझकता है या नजरें मिलाने से बचता है, तो उसे ऑटिज्म हो सकता है। घबराना, तेज आवाज से बेचैन होना, चिड़चिड़ापन या बेवजह का गुस्सा भी ऑटिज्म के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी सूरत में बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाना ही श्रेयस्कर है।

विडंबना है कि समाज में आज भी कई मिथक मौजूद हैं। पिछले दिनों तो अमेरिका में यह बहस शुरू हो गई थी कि गर्भावस्था के दौरान पेरासिटामोल का सेवन बच्चों में ऑटिज्म पैदा कर सकता है। यह तो भला हो विश्व स्वास्थ्य संगठन का कि उसने समय रहते इसका खंडन किया। आज दुनिया के हर 127 में से एक व्यक्ति इस बीमारी से जूझ रहा है। ऐसे में, इससे जुड़ी तमाम गलतफहमियों को दूर करना निहायत जरूरी है। तब तो और, जब दुनिया के कई हिस्सों में टीकाकरण के खिलाफ बेवजह की बहस चल रही हो। वास्तव में, विश्व स्वास्थ्य संगठन का टीके को लेकर नया खंडन इसी की कड़ी है, क्योंकि अनुमान यही है कि बीते पांच दशकों में नियमित टीकाकरण ने 15.4 करोड़ बच्चों की जान बचाई है।




## ॥गीता॥



**श्लोक**

**आवृतं ज्ञानमेतेन ज्ञानिनो नित्यवैरिणा**
**कामरूपेण कौन्तेय**
**दुष्पूरेणानलेन च॥**

**भावार्थ**

हे अर्जुन ! इस अग्नि के समान कभी न पूर्ण होने वाले कामरूप ज्ञानियों के नित्य वैरी के द्वारा मनुष्य का ज्ञान ढका हुआ है

जीवन दर्शन

## वाक् शुद्धि से बदलती है आध्यात्मिक ऊर्जा

वाणी और ध्वनि का हमारी चेतना और तंत्रिका तंत्र पर गहरा प्रभाव पड़ता है। मंत्र, जप, प्रार्थना और स्तुति तभी प्रभावी होती है जब वाणी शुद्ध हो। लेकिन वाणी और ध्वनि की महत्ता जानते हुए भी हमलोग अक्सर इस बात की परवाह नहीं करते कि हमें क्या सुनना चाहिए और किस प्रकार बोलना चाहिए। शास्त्रों में वाक् शुद्धि के बाए में बताया गया है, जिसके जरिये हम अपनी सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ा सकते हैं और खुद को शुद्ध भी रख सकते हैं।

ध्वनि का प्रभाव हमारी ऊर्जा, तंत्रिका तंत्र और प्राण शक्ति पर नकारात्मक असर डाल सकता है।

हिंदू धर्म में वाणी को सरस्वती का स्वरूप माना गया है, और वाक् देवी के रूप में इसकी शक्ति सृजन का माध्यम है। वाक् शुद्धि केवल सत्य बोलने का नहीं, बल्कि उचित ध्वनि और उद्देश्य से बोलने का विज्ञान है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि जो वाणी कष्ट न पहुंचाए, वह वाणी का तप है।

अक्सर हम जो सुनते और बोलते हैं, हम उस ध्वनि के प्रभाव को समझते नहीं और इस कारण उसपर खास ध्यान नहीं देते। जब भी कोई चिल्लाकर बोलता है, गुस्से में बोलता है या कोई अशुद्ध उच्चारण के साथ बोलता है, तो उस विकृत ध्वनि का हमारी ऊर्जा, तंत्रिका तंत्र और प्राण शक्ति पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। शब्दों में वो शक्ति होती है, जो हमें मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से घायल कर सकती है क्योंकि हमारे बोले गए शब्दों में कंपन होती है, जो हमारे मन, शरीर और आसपास के वातावरण को प्रभावित करता है। आप ध्वनि या वाणी की महत्ता शास्त्रों से समझ सकते हैं। हिन्दू धर्म में वाणी को सरस्वती का स्वरूप माना गया है और उसे वाक् देवी कहा गया है। सरस्वती की वाणी की शक्ति सृजन का माध्यम है। सभी मंत्र साधनाएं, जप, पाठ आदि वाणी से ही संभव हैं। यदि वाक् अशुद्ध हो, तो मंत्र भी सिद्ध नहीं होता। प्रार्थना, कीर्तन, जाप, संवाद सब वाणी से ही संभव हैं। वाक् शुद्धि क्या है? आपने सुना होगा कि कर्म, वचन और मन, इन तीनों से हम बंधे हुए हैं और अगर इन तीनों में अशुद्धता आती है, तो उसका परिणाम हमें भुगतना पड़ता है। इसलिए, वचन को सार्थक बनाने के लिए वाक् शुद्धि अत्यंत आवश्यक है।

वाक् शुद्धि का आध्यात्मिक महत्व बहुत गहरा और व्यापक है। बोलने की शक्ति को ईश्वर की सबसे सूक्ष्म और शक्तिशाली अभिव्यक्ति माना गया है। इसलिए, वाणी की पवित्रता यानि वाक् शुद्धि को योग और साधना में पहली सीढ़ी मानी जाती है। शुद्ध वाणी, न केवल आत्मा को निर्मल बनाती है, बल्कि कर्मों को भी शुद्ध करती है क्योंकि लोगों की वाणी भी एक कर्म है। अगर आप अशुद्ध वाणी से नकारात्मक कंपन फैलाते हैं, तो कहीं न कहीं लोगों का नुकसान कर अपने कर्मों को प्रभावित करते हैं। प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु के अनुसार, बोलने अथवा सुनने वाली ध्वनियाँ आपके तंत्रिका तंत्र, शरीर और चेतना को प्रभावित करती हैं। इसलिए, वाक् शुद्धि उचित ध्वनि और उद्देश्य से बोलने का विज्ञान है। सद्गुरू बताते हैं कि जो शब्द आपके लिए लाभकारी होगा, वह स्वाभाविक रूप से सभी के लिए लाभकारी होगा। शास्त्रों में यह भी कहा गया है कि जो जैसा बोलता है, वैसा सोचता है। इसलिए, जागरूकता और चेतना के साथ बोलना चाहिए। वाक् शुद्धि के अंतर्गत सही ध्वनियों का उच्चारण करना भी आता है। शास्त्रों के अनुसार, जप और ध्यान से वाणी में शक्ति आती है और ऊं का जप वाणी को शुद्ध करता है। मौन रहकर या बोलते समय अपने इरादे के प्रति जागरूक रहकर भी वाक् शुद्धि की जा सकती है।

-चंदा कुमारी

# सीधी जागरण

दैनिक जागरण रीवा 20 दिसंबर 2025 www.dainikjagranmpcg.com

11 राज्य 31 संस्करण

सूर्य उदय - अस्त
05.18 अस्त : आज
06.40 उदय : कल

शहर का तापमान
25.0 0 अधिकत
7.0 0 न्यूनतम

मध्य प्रदेश ● उत्तर प्रदेश ● दिल्ली ● हरियाणा ● उत्तराखंड ● पंजाब ● जम्मू-कश्मीर ● बिहार ● झारखंड ● हिमाचल प्रदेश ● पश्चिम बंगाल से प्रकाशित




# कोर एरिया में बसे गांवों का विस्थापन कार्य अधूरा

जागरण विस्थापन

## 11 साल बाद भी विस्थापन प्रक्रिया अधूरी

### 54 में 17 गांवों का हो चुका है विस्थापन




जागरण, सीधी

संजय टाईगर रिजर्व सीधी के अंदर आवाद गांवों की विस्थापन प्रक्रिया 11 साल बाद भी अधूरी है। 54 गांवों को विस्थापन के लिए चिन्हित किया गया था। अभी तक महज 17 गांवों का विस्थापन ही हो सका है। संजय टाईगर रिजर्व के अंदर गांवों के आबाद होने से वन्य प्राणियों को स्वच्छंद विचरण के लिए कई बंदिशों के बीच रहना पड़ रहा है। यदि विस्थापन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाए तो संजय टाईगर रिजर्व के अंदर वन्य जीवों की संख्या भी तेजी से बढ़ना शुरू हो जाए और शासन का प्रयास भी फलीभूत हो सकता है। अभी विस्थापन के लिए चिन्हित गांवों में रहने वाले परिवारों को भी जंगली जानवरों के हमले का शिकार होना पड़ता है। वहीं वन्य जीवों को भी इंशानी दखल के चलते काफी सांसत के बीच रहना पड़ रहा है। वन्य प्राणियों के साथ ही कोर एरिया में बसे गांव के लोगों को भी समस्याएं भुगतने की मजबूरी बनी हुई है। बताते चलें कि संजय टाईगर रिजर्व अंतर्गत कोर जोन में बसे 54 गांवों को विस्थापन के लिए चिन्हित किया गया था। विभागीय अमले का कहना है कि 17 गांवों का विस्थापन हो चुका है। पहला विस्थापन ग्राम कंजरा का वर्ष 2013-14 में हुआ था। इसके बाद क्रमशः कई गांव विस्थापित किए जा चुके हैं। हकीकत यह है कि करीब आधा दर्जन गांवों को छोंड़ दिया जाए तो सभी विस्थापित गांव पूरी तरह से इंशानी दखल से मुक्त नहीं हो पाए हैं। अभी भी यहां के परिवार गांव छोंड़कर नहीं गए हैं। घर गिराने के बाद भी लोग झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं और यहीं खेती-बाड़ी का काम करते हैं। जबकि उन्हें शासन की ओर से मिलने वाला मुआवजा मिल चुका है। वहीं कुछ परिवारों का आरोप था कि उन्हें विस्थापन पैकेज की राशि नहीं मिली है इसलिए गांव नहीं छोंड़ेंगे। संजय टाईगर रिजर्व एरिया के विस्थापन के चिन्हित गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया काफी मंथर गति से चल रही है। पहला गांव कंजरा वर्ष 2013-14 में विस्थापित हो गया था। उसके बाद से अब तक महज 16 गांव विस्थापित हो पाए हैं। विस्थापन की प्रक्रिया धीमी गति से चलने के कारण विस्थापित गांवों में दोबारा बसाहट बढ़ने लगी है। लोग गांव में झोपड़ी बनाकर रहते हैं। वहीं विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुआवजा और पैकेज की लालच में संजय टाईगर के कोर एरिया में फर्जी लोगों की संख्या ज्यादा है। यही लोग विस्थापन की कार्रवाई में पेंच अड़ा रहे हैं। जिसके चलते विस्थापन की प्रक्रिया शासन की नीति के अनुसार समय पर पूर्ण नहीं हो पा रही है। विभाग द्वारा अपने स्तर से सभी प्रयास किए जा रहे हैं कि चिन्हित गांवों का विस्थापन जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। विस्थापन को लेकर सबसे बड़ी समस्या निर्धारित पैकेज राशि थी। शासन स्तर से मूल निवासी परिवार को विस्थापन के लिए 10 लाख रुपए का पैकेज पूर्व में निर्धारित किया गया था। जिसका लगातार विरोध किया जा रहा है। विधायक धौहनी के हस्तक्षेप के बाद शासन स्तर से विस्थापन के पैकेज की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 15 लाख प्रति परिवार कर दी गई थी। जिससे इस समस्या का भी समाधान हो गया। बावजूद विस्थापन की प्रक्रिया तेज नहीं हो पाई।

### नहीं मिल रहा सक्रिय सहयोग

संजय टाईगर रिजर्व के अमले का कहना है कि विस्थापन में तेजी न आने का सबसे बड़ा कारण राजस्व विभाग का सक्रिय सहयोग न मिलना है। पिछले करीब 6 माह से एडीएम कार्यालय में दो गांवों की फाइल धूल खा रही है लेकिन यहां से विस्थापन की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। जिससे विस्थापन के कार्य को तेजी से गति नहीं मिल पा रही है। विस्थापन को लेकर राशि की कोई समस्या विभाग के पास नहीं है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पिछले करीब दो वर्ष से विस्थापन मद के डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा राशि खाते में डंप है लेकिन विस्थापन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाने की स्थिति में राशि का वितरण पात्र परिवारों को नहीं हो रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन से संबंधित जो भी फाइलें राजस्व विभाग को पहुंचती हैं उनका निराकरण प्राथमिकता से सुनिश्चित होना चाहिए। फिर भी फाइल महीनों पड़ी रहती हैं और उनका निराकरण उचित समय में नहीं हो पाता। इसी वजह से विस्थापन की प्रक्रिया में भी विलंब बना हुआ है।

> संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में विस्थापन कार्य अनवरत किया जा रहा है। भूमि संबंधित मामला होने के कारण राजस्व विभाग की मदद के बिना इसका समाधान संभव नहीं है। प्रयास है कि जल्द ही विस्थापन की कार्रवाई पूर्ण कर ली जाए। जिससे क्षेत्र में जंगली जानवरों को और भी संरक्षण प्राप्त हो सके।
>
> **अमित कुमार द्विवेदी, सीसीएफ संजय टाईगर रिजर्व सीधी**

# संभागीय उड़नदस्ता टीम ने होटल में मारा छापा



## लायसेंस को निलंबित करने की अनुशंसा

जागरण, सीधी

आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की जांच एवं आमजन को गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु गठित संभागीय उड़नदस्ता टीम द्वारा आज दिनांक 19 दिसंबर 2025 को स्थानीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ होटल गंगा पैलेस पर छापामार कार्रवाई की गई। टीम द्वारा जांच के दौरान टीम को मांसाहारी एवं शाकाहारी खाद्य पदार्थों को एक साथ एक ही फ्रिज में स्टोर करते पाया। किचन में वेज व नॉन वेज खाद्य पदार्थों को बनाने में अलग-अलग बर्तनों का इस्तेमाल करते नहीं पाया गया। रेस्टोरेंट के किचिन एवं स्टोर में भयंकर गंदगी पाई गई। स्टोर में एक्सपायरी डेट का मसाला संग्रहित पाया गया, जिसे मौके पर नष्ट करा दिया गया। होटल गंगा पैलेस के संबंध में टीम को सीएम हेल्पलाइन इसकी शिकायत प्राप्त हुई थी की गई है होटल के रेस्टोरेंट में ग्राहक को शाकाहारी खाद्य पदार्थ में नॉन वेज खाद्य पदार्थ के अंश प्राप्त हुआ था। टीम द्वारा होटल के लायसेंस को निलंबित करने की अनुशंसा की गई है एवं होटल के संचालक अरुण सिंह के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही हैं।

## नगर परिषद मझौली अध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित



**जागरण, सीधी।** उपखण्ड अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर नगर परिषद मझौली ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के ज्ञाप दिनांक 19 दिसंबर 2025 द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर के सिविल रिवीजन क्रमांक 1110/2025 1134/2025 एवं 1135/2025 में पारित आदेश दिनांक 18 दिसंबर 2025 के अनुपालन में नगर परिषद मझौली जिला सीधी के पूर्व अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता को पुनः अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त न्यायालयीन आदेश के फलस्वरूप नगर परिषद मझौली का अध्यक्ष पद रिक्त नहीं होने की स्थिति निर्मित होने से अध्यक्ष पद हेतु प्रचलित निर्वाचन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित किए जाने के निर्देश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रसारित किए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के उक्त निर्देशों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन जिला सीधी के आदेश दिनांक 19 दिसंबर 2025 के अनुक्रम में नगर परिषद मझौली के अध्यक्ष पद की प्रचलित निर्वाचन प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गई है।

## जैविक संसाधन केन्द्र बने किसानों की ताकत

**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी के कुशल नेतृत्व में जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत 16 ग्रामों में आईएफएससी (एकीकृत कृषि प्रणाली) योजना का सफल संचालन किया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर ग्रामीण परिवारों की आजीविका के साधनों में वृद्धि करना तथा चिन्हित 1010 किसानों के जीवन स्तर में कृषि एवं पशुपालन के माध्यम से सुधार लाना है। योजना के अंतर्गत चार संकुल स्तरीय क्षेत्र बनाए गए हैं, जिनमें ग्राम छुई, पांड, करमाई एवं परसली में जैविक संसाधन केन्द्रों की स्थापना की गई है। जैविक संसाधन केन्द्रों के माध्यम से क्षेत्र के उत्पादक समूहों द्वारा जैविक कीटनाशक, जैविक दवाइयों एवं जैविक खाद का निर्माण कर पैकेजिंग के पश्चात विक्रय किया जा रहा है। किसानों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु ग्राम स्तर पर सामुदायिक संसाधन व्यक्ति सीआरपी की तैनाती की गई है, जो गांव-गांव जाकर कृषक पाठशालाओं के माध्यम से कृषि एवं पशुपालन संबंधी जानकारी प्रदान कर रही हैं। सीआरपी द्वारा स्व सहायता समूहों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के साथ-साथ घर-घर जाकर जैविक कीटनाशक एवं जैविक खाद के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## जिला जेल में मना मानवाधिकार जागरुकता कार्यक्रम



**जागरण, सीधी।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग चंद्रवंशी और प्रदेश प्रभारी चंद्रकला विश्वकर्मा के निर्देशानुसार जिला जेल सीधी में मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला जेल उमरिया के जेल अधीक्षक डीके सरस द्वारा कहा गया कि कारागार के अंदर भी मानव के अधिकार हैं जैसे सामाजिक समन्वय बनाए रखने के लिए पैरोल की व्यवस्था होती है यह भी मानवाधिकार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला जेल सीधी के जेल अधीक्षक रविशंकर सिंह द्वारा कहा गया कि मानव अधिकारों की रक्षा ही मानवाधिकार है। इसको ध्यान में रखकर अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कल्याण सचिव डॉ. अजय चौधरी द्वारा स्वस्थ जीवन के लिए योग पर विशेष बल देते हुए योगाभ्यास कराया गया और जड़ी बूटियां के बारे में बताया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य द्वारा मानवाधिकार के बारे में वृहद जानकारी प्रदान करते हुए कैदियों के बताया गया की जेल के अंदर भी कैदियों के क्या-क्या अधिकार हैं। भारतीय संविधान में 6 मौलिक अधिकार हैं परंतु कर्तव्य 11 हैं। जो व्यक्ति अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखकर जीवन जीता है वह कभी अपराधी नहीं हो सकता। प्रदेश कार्यक्रम सचिव रामेश्वर पाण्डेय द्वारा किया गया की कैदियों को कारागार को सुधार गृह मानकर सुधार का अवसर मानना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जेलर कृष्ण कुमार तिवारी, प्रभारी यज्ञ नारायण सोनी, जिला प्रभारी गोविंद द्विवेदी, जिला मीडिया सचिव अरुण द्विवेदी, डॉ. रजनीश गुप्ता, संदीप कुमार पटेल, योगेश पटेल सहित जेल स्टाफ और बंदी उपस्थित रहे।

## खेल देश के लिए सम्मान अर्जित करने का है माध्यम: नीरज



**जागरण, सीधी।** जिले के श्री गणेश हायर सेकेंडरी स्कूल अमहा के होनहार खिलाड़ी आदित्य सिंह गुना जिले में आयोजित होने जा रही 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष आयु वर्ग बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने शुक्रवार को अमहा स्थित विद्यालय से रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर तक तक गुना में आयोजित होगी, जिसमें आदित्य मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया प्रतियोगिता से पूर्व वह 20 से 25 दिसंबर तक गुना जिले में ही आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। आदित्य को यह सफलता उनके समर्पण, निरंतर अभ्यास और उनके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से मिली है। आदित्य व उनके कोच सूरज शुक्ल की मेहनत की सराहना करते हुए संस्था के संचालक नीरज शर्मा ने कहा कि खेल न केवल अनुशासन और आत्मविश्वास सिखाते हैं, बल्कि देश के लिए सम्मान अर्जित करने का भी माध्यम हैं। इस अवसर पर सहा. निदेशक अरुण ओझा, प्राचार्य जेएन मिश्र, हेडमास्टर पुष्पराज मिश्र, सतीश तिवारी, एके नवैत, विनायक पाण्डेय सहित समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

## संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा ने ली प्राचार्यों की बैठक



**जागरण, सीधी।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग नीरव दीक्षित द्वारा सीधी जिले के समस्त प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा सत्र 2025-26 में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं परीक्षा परिणाम में और अधिक सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संयुक्त संचालक श्री दीक्षित ने एक-एक प्राचार्य से संवाद करते हुए निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में नियमित रूप से न्यूनतम दो पीरियड अध्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा शिक्षकों द्वारा दिए गए गृहकार्य की अनिवार्य जांच की जाए। उन्होंने कहा कि सीधी जिले का परीक्षा परिणाम पहले से ही सराहनीय है, किंतु अब लक्ष्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक विद्यार्थी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करें। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल की लत से दूर रखने, रिमेडियल कक्षाओं के नियमित संचालन, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यों को ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से लागू करने तथा ऑपरेशन निखार के अंतर्गत कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक द्वारा मेरी शाला, बेस्ट शाला जैसे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा गया कि सभी विद्यालय न केवल परीक्षा परिणाम में, बल्कि सह-शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। बैठक में शंभूनाथ त्रिपाठी, एडीपीसी प्रवीण कुमार शुक्ला, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ओषो उत्सव, रविचंद्र दास, बीडी कोल, अवधशरण पाण्डेय, महेन्द्र प्रसाद शुक्ला, एपीसी विष्णु पाण्डेय, आईटी सेल के संजय सोनी, देवेन्द्र तिवारी सहित जिले के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

## उपार्जन केन्द्रों को त्वरित परिवहन के निर्देश

**जागरण, सीधी।** उप आयुक्त सहकारिता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला उपार्जन समिति जिला सीधी की बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र प्रभारी आगामी दो दिवसों में शत-प्रतिशत उपार्जित स्कंध का सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार समिति स्तरीय उपार्जन केन्द्रों द्वारा आगामी दो दिवसों में उपार्जित स्कंध को रेडी टू ट्रांसपोर्ट स्थिति में रखते हुए परिवहन हेतु केन्द्रों पर पहुंचने वाले वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर लोडिंग कराई जाएगी। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जित स्कंध को सुरक्षित रखने के समुचित प्रबंध भी सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने समस्त समिति प्रबंधक एवं उपार्जन केन्द्र प्रभारी, आदिम जाति/सेवा सहकारी समिति मर्यादित को निर्देशित किया है कि आगामी दो दिवसों के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से समिति को अवगत कराएं।

# उपार्जन कार्य में लापरवाही पर होगी कठोर कार्यवाही: कलेक्टर

## धान खरीदी से परिवहन तक सख्त निगरानी के निर्देश

### दो दिन में 80 प्रतिशत धान परिवहन नहीं हुआ तो होगी कड़ी कार्रवाई



जागरण, सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान उपार्जन, भण्डारण एवं परिवहन की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने उपार्जन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कड़ा असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों का रोस्टर तैयार कर नियमित निरीक्षण कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा मनमानी पाई गई तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर बिना विलंब कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो दिवस के भीतर उपार्जित धान को रेडी टू ट्रांसपोर्ट स्थिति में लाकर कम से कम 80 प्रतिशत परिवहन अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। इस संबंध में 22 दिसंबर 2025 को आयोजित आगामी टीएल बैठक के पश्चात परिवहन की विशेष समीक्षा की जाएगी। भण्डारण व्यवस्था पर सख्त निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन अवधि तक चिन्हित सभी गोदाम प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक अनिवार्य रूप से खुले रहेंगे। जो गोदाम प्रभारी समय पर गोदाम नहीं खोलेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि जिन उपार्जन केन्द्रों में खरीदी गई मात्रा और रेडी टू ट्रांसपोर्ट धान की मात्रा में 6000 क्विंटल या उससे अधिक का अंतर पाया गया है, उन केन्द्र प्रभारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाए। इसके साथ ही जिले के समस्त धान मिलर्स से समन्वय स्थापित कर मिलिंग हेतु अनुबंध शीघ्र पूर्ण करते हुए धान मिलिंग कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

# सकल लोक पावन गंगा है श्री राम कथा: मुरलीधर महराज

## कपुरी कोठार भरतपुर में श्रीराम कथा का हो रहा भव्य आयोजन

### संत की कथा सुनने दूर से आ रहे श्रद्धालु



जागरण, सीधी

श्रीराम कथा का श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। श्रीराम कथा को इसीलिए सकल लोक पावन गंगा माना गया है। जिले के ग्राम कपुरी कोठार भरतपुर में चल रही श्रीराम कथा में प्रवचन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास संत मुरलीधर जी महराज ने कहा कि मनुष्य का शरीर पाकर जिन्होंने भगवान श्री राम की कथा नहीं सुनी उनके काम सर्पो के बिल के समान हैं। वहीं इन आंखों से जिसने संतों के दर्शन नहीं किए उनकी आंख मोर पंख में बनी आंख के समान है। कथाव्यास ने कहा कि श्रीराम कथा का श्रवण करने से मनुष्य की अंतरात्मा जागृत हो जाती है। वह पाप और पुण्य को अच्छे से समझने के काबिल हो जाता है। भगवान शिव एवं उमा प्रसंग की चर्चा करते हुए कथाव्यास ने कहा कि उमा एक बार काफी गौर से बहुत देर से भगवान शिव को देख रही थीं। इसके बाद उमा ने कहा कि यदि आप हम पर प्रसन्न हैं तो मेरे अज्ञान को हरें और श्री राम की कथा सुनाइये। श्री राम की कथा को विस्तार पूर्वक उनके जन्म से लेकर राम राज्य तक की कथा को सुनाएं। यह सुनकर भगवान शिव काफी प्रशन्न हुए और उन्होने कहा कि तुम धन्य हो जो श्री राम की कथा का श्रवण करने के लिए कह रही हो। श्री राम की कथा को सुनने से समूचे ब्रम्हांड का कल्याण होगा। इसी वजह से श्रीराम कथा से समूचे जगत का कल्याण हमेंशा होता रहेगा। अपनी ओजस्वी वांणी प्रवाह के साथ संत मुरलीधर श्री राम कथा के विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन कर रहे हैं और संगीतमयी कथा के कारण श्रद्धालु भी भजनों को सुनकर भक्ति में सराबोर हो रहे हैं। कथाव्यास द्वारा काफी रोचक अंदाज में श्रीराम कथा के विविध प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। उनकी कथा की ख्याति भरतपुर अंचल में काफी दूर-दूर तक फैलने के कारण हजारों की संख्या में श्रद्धालु हनुमान मंदिर कपुरी कोठार में कथा का रसपान करने के लिए दोपहर 12 बजे के पहले ही पहुंच जाते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सर्व समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति सगौनी द्वारा भारी इंतजाम किए गए हैं। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर वरिष्ठ संविदाकार एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह केडी सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मीनू सिंह, अखिलेश पाण्डेय, ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, शिवेंद्र सिंह, उमेश सिंह, प्रदीप सिंह, वसूधा सिंह सरपंच भरतपुर, श्रीमती दिपिका सिंह, श्रीमती चित्रा सिंह, अनोखेलाल सिंह, एडवोकेट केपी सिंह, अनुराग सिंह, सतीष सिंह, रंजना मिश्रा, त्रिपाठी जनपद सदस्य, पंकज सिंह, शशिभूषण तिवारी, अरविंद सिंह, दिवाकर तिवारी, महेंद्र पाण्डेय, सुधाकर द्विवेदी, राजेश सिंह, हंसराज सिंह, राम लखन कोरी, अनिल सिंह, सुरेश उपाध्याय, छोटे लाल पाण्डेय, राम लखन गुप्ता, रावेन्द्र सिंह, जीतेन्द्र सिंह, गोविंद गुप्ता, संदीप सिंह, नरेश सिंह, राजेश पाण्डेय, सुधार पाण्डेय, हीरालाल पाण्डेय, पवन तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वान अपोलो को दी गई विदाई, किया गया सम्मान




**जागरण, सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व सीधी अंतर्गत सेवा रथ डाक अपोलो को परिषद कार्यों के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार गुरुवार को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदा पुरम के लिए स्वान अपोलो को भार मुक्त किया गया। अपोलो ने संजय टाइगर रिजर्व में पिछले 9 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दी। इस दौरान अपोलो ने वन्य जीव अपराध एवं अन्य चोरी डकैती के प्रकरण में 99.99 प्रतिशत सफल ट्रैक किया। जिसके तारतम में भार मुक्त से पूर्व शासकीय सम्मान के साथ अपोलो डाग को विदाई दी गई। विदाई समारोह का आयोजन कैलाश बामनिया परिक्षेत्राधिकारी वस्तुओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेंद्र रवि सहायक संचालक मझौली उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दाग अपोलो को कंबल एवं हैंडलर गगन सिंह एवं रवि सिंह को शाल देकर सम्मानित किया गया।

# बेहतर कार्य करने वाले नपा वार्ड प्रभारियों का उपाध्यक्ष ने किया सम्मान

## लोक अदालत में अब तक की सबसे बड़ी वसूली पर जताया हर्ष

### नपा परिषद स्थित अपने कक्ष में किया सम्मानित



जागरण, सीधी

नगर पालिका परिषद सीधी के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी कर वसूली की राशि यह बताती हैं कि नगर परिषद के सभी वार्ड प्रभारियों ने अपनी सेवा के प्रति समर्पण का भाव दिखाया है, अपनी अपनी जिम्मेवारियों को लेकर जिस तरह बढ़चढ़ कर नपा कर्मचारियों ने राजस्व वसूली का कार्य किया है उसके लिए यह सभी सम्मान के हकदार हैं। उक्त बातें नपा उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान ने वार्ड प्रभारियों को स्वयं के व्यय पर एक निश्चित सम्मान स्वरूप नगद राशि के साथ अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा है। उन्होने कहा कि नगर की संभ्रांत जनता जनार्दन ने हमारे कर्मचारी साथियों का सहयोग करते हुए नगर के विकास में अपना अपना अमूल्य सहयोग बतौर टैक्स राशि की अदायगी के रूप में की हैं। जिनके द्वारा लंबे समय से नगर पालिका परिषद के विभिन्न बकाया करो कि राशि किन्हीं कारणों से नहीं जमा की जा रही थी उन्हें छूट के साथ राशि जमा करने के लिए जिला न्यायालय में आयोजित हुई लोक अदालत के माध्यम से बुलाया गया था, यह सभी वार्ड प्रभारी इसलिए भी सम्मान के पात्र हैं कि उनके द्वारा वकाया वसूली की राशि न जमा करने वाले नगर वासियों को लोक अदालत में उपस्थित कराते हुए अच्छी खासी राशि संग्रह की हैं। यह राशि हमारे नगर के विकास में अपना सहयोग प्रदान करेंगी। उपाध्यक्ष श्री सिंह ने यह भी कहा कि जिन कर्मचारी भाइयों के द्वारा बेहतर कार्य किया जाता है उनका सम्मान करना चाहिए, इससे एक तरफ उनका कार्य के प्रति और उत्साह बढ़ता है, दूसरी तरफ जो कर्मचारी साथी अपने कार्य के प्रति शिथिलता बरतते हैं उनके अंदर भी अपनी सेवा को सुधारने की सोच जागृति होती हैं। इस दौरान जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं संविदाकार रामदुलारे चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

### इनका किया गया सम्मान

नगर पालिका परिषद सीधी के वार्ड प्रभारियों द्वारा लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न मद की वकाया वसूली करीब 28 लाख रुपए एक दिन में जमा कराई गई हैं। जिन्हें नगर पालिका परिषद सीधी के उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान द्वारा सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वाले कर्मचारियों में ललोहर साहू, वंशराज सिंह, अजीत सिंह चौहान, बृजेश सिंह गोरे, अरविंद पाठक, लालजी सिंह, रामू नापित, महेन्द्र सिंह, जय प्रकाश सिंह, अमरेंद्र पटेल, दिनेश पाण्डेय, जलकर प्रभारी, विकाश सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर को सम्मानित किया गया है।

# झरेला मोड़ के पास ऑटो और लोडर में आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत, तीन गंभीर घायल



**जागरण, कटनी।** कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विलायत कला स्लीमनाबाद मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना घटित हुई। झरेला मोड़ के समीप एक ऑटो और लोडर वाहन के बीच हुई सीधी भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विलायत कला से स्लीमनाबाद की ओर जा रहे ऑटो और सामने से आ रहे लोडर वाहन की झरेला मोड़ के पास जोरदार भिड़ंत हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक दोनों वाहनों की गति तेज थी जिसके कारण मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठे। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बड़वारा पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस बल मौके पर पहुंचा और 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत अभिषेक बर्मन पिता गिरधारी मंगल नगर थाना रंगनाथ निवासी को मृत घोषित कर दिया।

### तीनो घायलों की हालत नाजुक, जिला अस्पताल रेफर

इस सड़क हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों की पहचान पप्पू कुशवाहा 35 वर्ष पिता जवाहर कुशवाहा ग्राम भुड़सा थाना बड़वारा निवासी छोटू कोल पिता विदेशी कोल ग्राम भुड़सा थाना बड़वारा निवासी और रजनीश तिवारी पिता गोविंद प्रसाद मंगल नगरए थाना रंगनाथ निवासी निवासी के रूप में हुई है बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# कटनी जिले में परिवहन विभाग का सघन जांच अभियान

### 23 वाहनों पर कार्यवाही, करीब दो लाख रुपये शुल्क वसूला




**कटनी।** परिवहन आयुक्त के निर्देश एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल द्वारा 13 दिसंबर से 18 दिसंबर तक कटनी जिले के विभिन्न मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बिना वैध दस्तावेज, परमिट, फिटनेस, टैक्स एवं अन्य परिवहन नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रहे वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करना थाए ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और आम नागरिकों की जान माल की सुरक्षा बनी रहे। अभियान के दौरान कटनी जिले के प्रमुख मार्गों पर कुल 138 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 23 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख 97 हजार 820 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। यह अभियान विशेष रूप से कटनी–मैहर मार्ग एवं कटनी–जबलपुर मार्ग पर केंद्रित रहा जहां यात्री एवं मालवाहक वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है।

जांच के दौरान गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर थाना यातायात में कुल चार वाहनों को जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया। इसके अतिरिक्त एक बस को कटनी–जबलपुर मार्ग पर बिना परमिट संचालित पाए जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय कटनी में सुरक्षित रखा गया। वहीं एक ऑटो रिक्शा को भी नियमों के उल्लंघन के चलते जप्त कर आरटीओ कार्यालय कटनी में सुरक्षार्थ रखा गया। अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की कि वे अपने वाहनों के सभी वैध दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, टैक्स एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखें और परिवहन नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अमानक पॉलीथिन का संग्रह एवं विक्रय करनें वाले 5 व्यवसायियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

### 16 हजार 700 रुपये का लगाया गया जुर्माना

**कटनी।** मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशानुसार तथा निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं क्षेत्रीय अधिकारी मण्प्रण्प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर नगर की सफाई व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए गुरूवार को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम के गठित सयुक्त दल द्वारा अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्मोकोल से बनी सामग्री एवं डिस्पोजल आदि का विक्रय एवं संग्रहण करनें वालों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। संयुक्त दल द्वारा नगर के बाजार क्षेत्रों के विभिन्न स्थलों मे छापामार कार्यवाही के दौरान 5 प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन कैरी बैग, थर्माकोल प्लास्टिक बोतल आदि का विक्रय, संग्रहण करते पाए जाने पर संबंधितों पर 16 हजार 700 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया जाकर अमानक सामग्री को जब्त करने की कार्यवाही की गई।

### यह सामग्री की गई जब्त

संयुक्त कार्यवाही के दौरान कुल 1.27 क्विंटल अमानक पॉलीथिन, 112 बंडल थर्मोकोल थाली तथा 30 बोतल डिस्पोजल जब्त करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रयोगशाला प्रभारी गणेश पाठक, जे.पी.शुक्ला, भाग्यश्री सुहाने सहित नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, स्वास्थ्य निरीक्षक तेजभान सिंह, रतन परिहार, अतुल गुप्ता सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन का विक्रय एवं संग्रहण करने वालों के विरूद्ध नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त कार्यवाही आगे भी अनवरत जारी रहेगी।

# महापौर के मुख्य आतिथ्य में वेंकट वार्ड शासकीय विद्यालय में खेल गतिविधियों को मिला प्रोत्साहन



### महापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद द्वारा रिबन काटकर खेल प्रतियोगिताओं का किया गया शुभारंभ

**कटनी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड शाला परिसर में शाला संस्था द्वारा छात्र छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के उद्देश्य से विद्यालय में बच्चों के लिए वॉलीबॉल एवं फुटबॉल सहित खेलों के प्रोत्साहन हेतु छात्रों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाकर शुक्रवार को शाला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं की औपचारिक शुरुआत की गई। विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती बीना बैनर्जी द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी सहित समस्त शाला स्टाफ की उपस्थिति रही।

### खेल शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायकः महापौर

प्रतियोगिता का शुभारंभ करने शाला पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता छात्र जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल छात्रों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक होते है बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने प्रतियोगी छात्रों से उनके रुचिकर खेलों के संबंध में जानकारी ली तथा खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख देते हुए नगर का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित भी किया।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

खेल प्रतियोगिता के दौरान राज्य स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महापौर श्रीमती सूरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की तथा विद्यालय प्रबंधन को इस प्रकार की शैक्षिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन कर निरंतर प्रोत्साहित करने हेतु बधाई दी।

# राष्ट्रीय पुस्तक मेला और साहित्य महोत्सव का आयोजन 24 से कटनी में

### पुस्तक मेला का पोस्टर विमोचित

**कटनी।** राष्ट्रीय साहित्य पुस्तक मेला समिति की ओर से 13 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेला और साहित्य महोत्सव का आयोजन इस वर्ष 24 दिसंबर से 28 दिसंबर तक स्थानीय साधुराम विद्यालय में आयोजित है। मेले की पूर्व तैयारी हेतु विगत दिवस नई बस्ती विवेकानंद सभागार में पुस्तक मेला समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें इस वर्ष के मेले के पोस्टर का विमोचन सह प्रांतप्रचारक श्रवण सैनी, सह प्रांतप्रचार प्रमुख शिवनारायण पटेल, जिला संघ चालक डॉ अमित साहू, जिला कार्यवाह संजय त्रिपाठी, संरक्षक मधुसूदन बगड़िया, मुकेश चंदरिया, संयोजक डॉ.पारस जैन, सहसंयोजक रंगेश गोयनका, डॉ जिनेंद्र, प्रो सुनील बाजपेयी, राकेश अग्रवाल, प्रो.सुधा पांडे एवं बड़ी संख्या में पुस्तक नेला समिति के सम्माननीय सदस्य एवं मातृशक्तियों की उपस्थिती में हुआ। उल्लेखनीय है कि इस बार 42 प्रकाशकों की सहमति अभी तक आ चुकी हैं। विशेष आकर्षण में विभिन्न प्रतियोगिताएं, काव्य सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुस्तक विमोचन, प्रदर्शनी स्वदेशी स्टॉल आदि गतिविधियां होने वाली हैं। देश के प्रख्यात लेखक, विचारक, चिंतक, कुलगुरु, साहित्यकारों का संगम होगा। पुस्तक मेले का उद्घाटन 24 दिसंबर को साधुराम विद्यालय में सायं 4.30 बजे होगा। प्रमुख अतिथि डॉ राजेंद्र कुररिया कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह वि.वि. मुख्यवक्ता अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र सिंह ठाकुर तथा अध्यक्षता जिलाधीश कटनी करेंगे। संयोजक डॉ.पारस जैन ने इस राष्ट्रीय महत्व के आयोजन पर सभी गणमान्य नागरिक जनों एवं मातृशक्ति से उद्घाटन अवसर पर उपस्थिती का आग्रह किया है।

# कटनी-सिंगरौली रेल खंड पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कटनी।** कटनी–सिंगरौली रेल खंड पर एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़ौहा के पास रेलवे ट्रैक पर एक 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अंकित विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ौहा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित विश्वकर्मा कटनी में काम करता था और घटना से एक दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। बताया जा रहा है कि वह रात में घर नहीं पहुंचा जिसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर उसका शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक के कानों में हेडफोन लगे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि वह संगीत सुन रहा था या फोन पर बात कर रहा था जिसके चलते उसे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की गई है। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। यह घटना एक बार फिर रेलवे ट्रैक के आसपास मोबाइल और हेडफोन के इस्तेमाल से होने वाले खतरों की गंभीर चेतावनी देती है।

# सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर

**जागरण मंडला।** सुशासनट्ठसप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अनुभाग नैनपुर के ग्राम पंचायत जामगांव में जनशिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।इसमें एसडीएम श्री आशुतोष ठाकुर,नायब तहसीलदार पूजा राणा सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिससे ग्रामीणों को त्वरित एवं पारदर्शी समाधान मिल सके।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# तिलक महाविद्यालय द्वारा चलाया गया कॉलेज चलो अभियान

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के प्राध्यापकों द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुनील कुमार वाजपेई के निर्देशन में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष ज्योत्सना आठ्या एवं गणित विषय के अतिथि विद्वान भूपेंद्र शुक्ल ने कटनी शहर स्थित पीयूष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा छात्रहित से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उनके करियर विकल्पों, विषय चयन एवं भविष्य की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक सराहा गया।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

**ESB म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल**
'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल-462011, फोन : 0755-2578801-02
पत्र क्र./ई.एस.बी./पी.आर.ओ/9837/2025 भोपाल, दिनांक : 19.12.2025

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा **समूह-1 उपसमूह-2 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2025** का आयोजन किया जाना है। उक्त परीक्षा बिना किसी विवाद के संचालित हो सके इस संबंध में मण्डल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर, खंडपीठ इंदौर एवं ग्वालियर म.प्र. के समक्ष केवियट दायर की जा रही है। यदि किसी अन्य द्वारा इस संबंध में माननीय न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की जाती है, तो उसकी एक प्रति बोर्ड के अधिवक्ता (01) श्री तबरेज शेख अधिवक्ता-693 तिलक वार्ड, फुटताल रोड, जबलपुर (2) श्री कौस्तुभ पाठक अधिवक्ता-102 बी ब्लॉक प्रकृति कार्पोरेट 18/2 वाय.एन. रोड, इन्दौर एवं (3) श्री प्रवीण नेवास्कर अधिवक्ता-303 साई संकल्प अपार्टमेन्ट, किल्कारी अस्पताल के पास, साई सड़क, लश्कर, ग्वालियर म.प्र.-474001 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

म.प्र. माध्यम/123583/2025 संचालक

**कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला-रीवा (म॰प्र॰)**
Email ID- cmosirmor@mpurban.gov.in

क्रमांक/2329/NULM/न.प./2025 सिरमौर, दिनांक 19.12.2025

**अभिरूचि का प्रदर्शन (Expression of interest)**

भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश (SOP) अनुसार अमृत 2.0 एवं डे–एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में महिला स्वसहायता समूह को अमृत मित्र के रूप में संलग्नकर अमृत 2.0 अंतर्गत रानी तालाब एवं देमान तालाब वार्ड क्रमांक 05 में निकाय के पार्क में निर्मित ग्रीन स्पेस का संचालन एवं रखरखाव (O&M) कार्य (गैर तकनीकी कार्य) कराये जाने हेतु राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के अंतर्गत नगर परिषद सिरमौर में पंजीकृत एवं सक्रिय समूह से सीलबंद लिफाफे में निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 31.12.2025 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त आवेदन दिनांक 01.01.2026 को सायं 3:00 बजे खोले जायेंगे।

आवेदन पत्र नगर परिषद सिरमौर के डे–एनयूएलएम शाखा में दिनांक 30.12.2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय पश्चात प्राप्त प्रस्ताव / आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे। विस्तृत विवरण एवं शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर परिषद सिरमौर के शहरी आजीविका मिशन प्रकोष्ठ में देखी जा सकती है।

नोट :–
1. आवेदनकर्ता समूह को अपने प्रस्ताव/आवेदन निर्धारित फार्म में ही जमा करनें होगें।
2. कोई भी प्रस्ताव/आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त किया जायेगा।
3. निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त प्रस्ताव/आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला – रीवा (म.प्र.)

**शासकीय (स्वशासी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना म.प्र.**
कमांक 8797/ स्टोर / निविदा/ 25-26 सतना, दिनाक 19.12.25

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

सूचित किया जाता है कि शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना की वर्ष 2025.26 के लिये निम्नानुसार सामग्री ऋय/कार्य/मरम्मत / रख.रखाव इत्यादि कार्य करने हेतु खुली निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 09.01.2026 को सायं 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। आवेदन के साथ निविदा फार्म के निर्धारित मूल्य की क्यू आर कोड स्कैनर रसीद संबंधित फार्म के नाम ट स्टोर शाखा में जमा करते हुए निविदा फार्म, सामग्री की सूची सहित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जावेगा।

| क्र. | सामग्री का विवरण | अमानत राशि |
|---|---|---|
| 1 | स्टेशनरी/ स्वच्छता सामग्री/ क्रॉकरी सामग्री एवं अन्य आपूर्ति | 10,000.00 |
| 2 | मुद्रण प्रिंटिंग कार्य एवं बाइंडिंग | 10,000.00 |
| 3 | प्लम्बिंग मटेरियल/ पेंट/ कारपेन्टर आइटम/ एल्यूमिनियम पार्टीशन / हार्डवेयर आयटम | 5,000.00 |
| 4 | इलेक्ट्रिकल सामग्री / इन्वर्टर/ वॉटर कूलर रिपेयरिंग कार्य | 10,000.00 |
| 5 | कम्प्यूटर/ प्रिंटर/ फोटोफापी/ सी.सी.टी.व्ही कैमरा/ वॉटर कूलर/ आरो प्यूरिफायर/ ए.सी. / इन्वर्अर बैटरी / इलेक्ट्रिानिक सामग्री / फोटोकॉपी (फाजमा) एवं रिपेयरिंग कार्य | 10,000.00 |
| 6 | फर्नीचर सामग्री एवं रिपेयरिंग कार्य | 5,000.00 |
| 7 | स्वाल्पाहार | 5,000.00 |
| 8 | टेंट संबंधी समस्त सामग्री (फ्लावर डेकोरेशन, टूवे प्रसारण,कूलर, एल.सी.सी. साउण्ड बाक्स कम्प्लीट वटर प्रूफ टेंट, फूलमाला इत्यादित | 5,000.00 |
| 9 | आर.ओ. प्लांट / जनरेटर न्यू एवं रिपेयरिंग / रख.रखाव अन्य इत्यादि कार्य | 5,000.00 |
| 10 | रद्दी विक्रय | 5,000.00 |

नोटः- 1. निविदा फार्म का मूल्य रू 500.00 का भुगतान महाविद्यालय के बैंक खाते में क्यूआर कोड या यू.पी.आई. आई. की pgcollegsatna@sbi में ऑनलाइन किया जावेगा। जो महाविद्यालय के स्टोर कक्ष में स्वकैनर उपलब्ध है तथा फार्म शुल्क जमा रसीद क साथ अपने लेटर हेड में आवेदन पत्र जमा कर महाविद्यालय के स्टोर से निविदा प्राप्त कर सकते है। 2. पंजीकृत ढाक द्वारा प्राप्त निविदाएँ दिनांक 01.10.2026 को दोपहर 01: 00 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य एवं महाविद्यालयीन ऋय समिति के समक्ष खोली जावेगी। 3. अमानत राशि की बैंक डी.डी. principalgovt.pg.college satna के नाम से संबंधित फर्म के खाते से बनवाई जायेगी। 4. प्राचार्य का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। 5. निविदा महाविद्यालय की वेबसाइट https://pgcsatna.com/web-site पर देखी जा सकती है।

स्टोर कीपर, शासकीय महावि., सतना (म.प्र.)
प्रभारी प्राध्यापक (स्टोर), शासकीय महावि., सतना (म.प्र.)
प्राचार्य, शासकीय महावि., सतना (म.प्र.)

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, रीवा जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/मण्डी/स्टोर/2025–26/1905 रीवा दिनांक 17/12/25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति/ठेकेदार/संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति रीवा के चिन्हित स्थानों पर पूर्व से स्थापित 29 नग नग सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के वार्षिक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य (ए.एम.सी.) हेतु 03 वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र दिनांक 08.01.2026 सायं 05.00 बजे तक कृषि उपज मण्डी रीवा से राशि रू. 500.00 जमा कर प्राप्त कर सकते है। सीलबंद निविदाये दिनांक 12.01.2026 को कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से मण्डी कार्यालय रीवा में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त सीलबंद निविदाये दिनांक 13.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे कृषि उपज मण्डी समिति रीवा के कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्रानुसार रहेगी। निविदा में भाग लेने हेतु राशि 5000.00 रू. दिनांक 12.01.2026 तक निविदा धरोहर के रूप में नगद/डी. डी. जो सचिव कृषि उपज मण्डी समिति रीवा के नाम से देय हो निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति
रीवा (म.प्र.)

सहायक संचालक/सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
रीवा (म.प्र.)

## संक्षिप्त खबरें

### पेशाब कांड के लिए विधायक और सांसद दोषी : शुक्ला

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** दो साल पहले देश प्रदेश में चर्चित रहा सीधी पेशाबकांड के लिए पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ला ने अपने ही दल के सांसद और विधायक पर निशाना साधा है। गौरतलब है कि इस घटना के सामने आने के बाद आरोपी को पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ला का करीबी बताया गया था। जिसकी वजह से शुक्ल को राजनैतिक तौर पर काफी नुकसान हुआ था। उनका विधानसभा का टिकट भी काट दिया गया और उनके स्थान पर सीधी से पूर्व सांसद रीति पाठक को मैदान पर उतारा गया था, जो वर्तमान में विधायक हैं। इसी तरह डॉ. राजेश मिश्रा सीधी सांसद हैं। विशेष सत्र के दौरान भोपाल पहुंचे शुक्ला का बयान सामने आया है, जिन्होंने पेशाब कांड के लिए सीधी विधायक और सांसद को षडयंत्रकारी बताया। हालांकि उन्होंने जनप्रतिनिधियों का नाम नहीं लिया। शुक्ला ने कहा कि पार्टी संगठन में सभी को मालूम है। मैं भी जब भी संगठन के वरिष्ठों से मिलता है,तो इस बारे में उनके सामने अपनी बात रखता रहता हूं। लेकिन पार्टी ने एक पॉलिसी बना रखी है। इसलिए पॉलिसी डिसीजन होता और उसे हम सभी को मानना पड़ता है। शुक्ला ने मंशा जताई कि यदि उन्हें संगठन में काम दिया जाता है,या संगठन फिर से चुनाव लड़ने का मौका देती है,तो वो इसके लिए तैयार रहेंगे।

### विधायक का नकली शराब फैक्ट्री को संरक्षण: रामपाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकार में मंत्री रहे वरिष्ठ भाजपा नेता रामपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि सिलवानी में विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल के संरक्षण में नकली शराब की फैक्ट्री संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि विधायक का शराब माफिया के साथ गठजोड़ है, जिसकी वजह से अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है। भाजपा दफ्तर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए रामपाल सिंह ने कहा कि रायसेन जिले में पकड़ी गई नकली शराब की फैक्ट्री पर विधायक का संरक्षण है। आबकारी विभाग और पुलिस कांग्रेस विधायक के मोबाइल नंबरों की जांच करें तो नकली शराब फैक्ट्री संचालित करने वालों को संरक्षण देने वालों के नाम उजागर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की फैक्ट्री का पकड़ा जाना कोई मामूली आपराधिक घटना नहीं है,अलवत्ता यह कांग्रेस के माफियाओं से गठजोड़ और संरक्षण का जीता जागता उदाहरण है। इस घटना से एक बार फिर से कांग्रेस के बदनाम,आपराधिक चरित्र की यादें ताजा कर दी है। पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि इस मामले में अब तक न तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कोई बयान सामने आया है और न ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले पर कुछ बोला है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का जंगलराज नहीं है,बल्कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार है,जो जनता के जीवन से किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं करने देगी। भाजपा सरकार ने जीरो टॉलरेंस पर कार्य करते हुए इस शराब माफिया गिरोह का खुलासा किया है।

# सीएम का पुलिस को निर्देश, विकास से काटें नक्सलवाद की जड़ें

## पीएचक्यू में कॉन्फ्रेंस: अब प्रिवेंशन और प्रोग्रेस पर रहेगा पुलिस का फोकस, एआई और तकनीक पर रहेगा जोर, सिंहस्थ की तैयारी ऑपरेशन मोड में

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश अब नक्सलवाद के खात्मे के बाद प्रिवेंशन और प्रोग्रेस (बचाव और प्रगति) के चरण में आ गया है। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में आयोजित स्टेट लेवल कॉन्फ्रेंस में सीएम ने कहा कि यह जीत तब ही स्थायी होगी, जब प्रभावित इलाकों में नक्सलवाद फिर से न पनपे। सीएम ने नक्सलवाद की मुक्ति में जुटे सुरक्षा बलों की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि अब हथियारबंद ऑपरेशन के बजाय पुलिस को उन कारणों को खत्म करना होगा जिनसे नक्सलवाद पनपता है। उन्होंने अफसरों को बालाघाट, डिंडोरी, उमरिया और मंडला जैसे जिलों में विकास की लहर लाने को कहा है ताकि मुख्यधारा से कटे लोग गुमराह न हों। इस बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाना ने बताया कि आगामी सिंहस्थ 2028 और साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेगी। इस दौरान सीएम ने पुलिस थानों में आम जनों के साथ होने वाले व्यवहार को बदलने की समझाइश दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस का फोकस केवल कानून-व्यवस्था पर ही नहीं छवि को बदलने का भी होना चाहिए ताकि सरकार की सेंसिटिव पुलिसिंग की प्राथमिकता साबित हो सके। उन्होंने कहा कि थानों में आने वाले फरियादियों के साथ स्टाफ संयमित व्यवहार करे एवं बड़े अफसर दफ्तर तक सीमित न रहकर नियमित रूप से फील्ड में जाएं, ताकि आम जनता को सुरक्षा का अहसास बना रहे। इस बैठक में डीजीपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में रायपुर में हुई डीजीपी कॉन्फ्रेंस के बिंदुओं की जानकारी भी बैठक में शामिल अफसरों को दी।



### 14 फोरेंसिक मोबाइल वैन को दिखाई हरी झंडी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएचक्यू में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को मजबूत करने के लिए तैयार की गई 14 मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोबाइल फॉरेसिंक वैन से अब जिलों में भी सीन ऑफ क्राइम के इनवेस्टीगेशन प्रभावी ढंग से हो सकेंगे और आपराधियों को पकड़ा जा सकेगा। एमपी पुलिस को राच्य सरकार 36 करोड़ 84 लाख की 57 मोबाईल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध करा रही है। इनमें से पहली खेप में 14 मोबाईल फॉरेंसिक वैन 16 को रवाना किया गया। शेष मोबाईल फॉरेसिंक वैन भी शीघ्र ही जिलों को दे दी जाएंगी। इस मोबाईल फॉरेंसिक वैन में स्टीरियो माइक्रोस्कोप, वेइंग बैलेंस, डीएसएलआर कैमरा, मिनी फ्रिज, एलईडी टीवी स्क्रीन, थर्मल प्रिंटर, बॉडी-वॉर्न कैमरा सहित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा इनमें जांच किट, अपराध स्थल सुरक्षा किट, फिंगर प्रिंट, रक्त व बाल पहचान, हाई-इंटेंसिटी फॉरेंसिक लाइट सोर्स, पैर व टायर निशान, आगजनी, साक्ष्य पैकिंग, बुलेट होल, गनशॉट अवशेष, नशीले पदार्थ, विस्फोटक पहचान तथा डीएनए कलेक्शन एवं चेन ऑफ कस्टडी से संबंधित किट भी हैं।

### ब्लैक स्पॉट पहचान कर सड़क हादसे रोकने, साइबर अफवाह व महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश

इस बैठक में आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण, महिला सुरक्षा, पुलिस थाना परिसरों के पुनर्विकास, सिंहस्थ-2028 और साइबर इनीशिएटिव्स, पुलिसिंग में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, नवीन कानूनों के प्रचार-प्रसार, कम्युनिटी पुलिसिंग, आपदा प्रबंधन में पुलिस की भूमिका, नशा-मुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों, टूरिस्ट पुलिसिंग, फॉरेंसिक साइंस, साइबर अपराधों की रोकथाम और सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर विचार हुआ। इस दौरान सीएम ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया शक्तिशाली साधन होने के साथ गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। इसके जरिए अफवाह, अपराध और भ्रम फैलाने की संभावनाओं को देखते हुए पुलिस सोशल साइट्स पर कड़ी निगरानी रखे। उन्होने महिला और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के साथ बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता जताते हुए इस पर सख्ती से नियंत्रण के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट की पहचान कर संवेदनशील सड़कों पर नियमित पेट्रोलिंग, स्पीड लिमिट लागू करने को कहा है।

### सागर हादसे के बाद ड्राइवरों के लिए लगेंगे चेकअप कैंप

सागर जिले में हुए सड़क हादसे में मुरैना बीडीडीएस टीम के चार पुलिसकर्मियों की स्टाफ की मौत के बाद उन्होंने कहा कि इसके लिए ड्रायवरों का नेत्र परीक्षण कराया जाए। उन्होंने अवैध शराब बेचने और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के निर्देश भी पुलिस को दिए। बैठक में घनी आबादी वाले और कानून व्यवस्था के नजरिए से संवेदनशील क्षेत्रों के विकास के लिए नगरीय प्रशासन विभाग से मिलकर कार्य योजना बनाने के निर्देश पुलिस के अफसरों को दिए। इस दौरान सीएम ने उज्जैन और बुरहानपुर जैसे शहरों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पर पुलिस और प्रशासन की टीम ने मिलकर लोगों को खुद अतिक्रमण हटाने के लिए राजी किया है। इस बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, एसीएस होम शिवशेखर शुक्ला समेत सभी स्पेशल डीजी, एडीजी और आईजी शामिल हुए।

# खरमास बाद बदलेगी मंत्रिपरिषद की तस्वीर 8 विधायक ले सकते हैं मंत्री पद की शपथ

## सुगबुगाहट: कई वरिष्ठ विधायकों को मौका, कुछ पहली बार के विधायक भी बन सकते हैं मंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में राजनीतिक तौर पर कुछ बड़ा होने की सुगबुगाहटों ने जोर पकड़ लिया है। जिसे मंत्रिपरिषद में बड़े फेरबदल से जोड़कर देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि खरमास माह में नए मंत्रियों के नामों को लेकर मंथन पूरा होगा और मकरसंक्रांति के ठीक बाद नए चेहरों को मंत्री पद की शपथ दिला दी जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दिनों भोपाल और खजुराहो में मंत्रियों के विभागों की समीक्षा की है। इसके आधार पर मंत्रियों की रैटिंग तय की गई है। जिसे केन्द्रीय नेतृत्व के पास भेजा गया है। सूत्रों की मानें तो इस पर कई चक्रों में मंथन किया जाएगा और उस पर 15 जनवरी के पहले अंतिम निर्णय भी हो जाएगा। कहा जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नितिन नवीन की नियुक्ति करने के बाद कुछ राज्यों में संगठन और सरकार स्तर पर बड़े फैसले होने का संकेत दिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा संगठन की राष्ट्रीय स्तर की टीम में मध्यप्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं को प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। इनमें कुछ नेता ऐसे भी हो सकते हैं, जो वर्तमान समय में प्रदेश सरकार में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इन नेताओं से मंत्री पद लेकर उन्हें संगठन में राष्ट्रीय महासचिव जैसी बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**परफार्मेंस बचाएगी कुर्सी, कमजोर होंगे बाहर:** भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सलाह पर ही केन्द्रीय नेतृत्व मंत्रिपरिषद में बदलाव करेगी। इसमें सबसे बड़ा मापदंड मंत्रियों की परफार्मेंस रहेगा। जिन्होंने दो साल में औसत से भी कम काम किया है या जिनकी वजह से सरकार और संगठन की किरकिरी हुई है, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाना लगभग तय है,क्योंकि पार्टी अगले तीन साल तक ऐसे लोगों से बिल्कुल दूर रहना चाहती है, जिनकी कार्यशैली, गतिविधियां या दूसरे कारणों से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है।



### बेहतर काम करने वाले बनेंगे मंत्री

जानकारों का कहना है कि परफार्मेंस के आधार पर यदि विधायकों से मंत्री पद लिया जाएगा,तो मंत्री भी ऐसे विधायकों को बनाया जाएगा,जिनका दो साल का परफार्मेंस अपने क्षेत्र में बेहतर रहा है और जिनके द्वारा केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का अपने क्षेत्र में बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कराया है। सूत्रों की माने तो सीएम डॉ. मोहन यादव के पास भाजपा विधायकों की परफार्मेंस से जुड़ी सूची भी है, जिसके आधार पर ही डॉ. यादव अपने मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों के बारे में फैसला ले सकते है। चर्चा है कि जब भी फेरबदल होगा, तब 6 से 8 विधायकों को सीएम मंत्री पद की शपथ दिलवा सकते हैं। इनमें कुछ वरिष्ठ विधायक भी हो सकते है।साथ ही निर्णय लेते वक्त जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर भी गौर किया जाएगा।

### मंत्रिपरिषद में फिलहाल चार पद खाली, 4 से ली जाएगी कुर्सी

गौरतलब है कि मौजूदा समय में मुख्यमंत्री सहित 31 सदस्य डॉ. मोहन यादव मंत्रिमण्डल का हिस्सा है, विधानसभा में सदस्यों की संख्या के अनुपात में राज्य में सीएम सहित 35 मंत्री हो सकते है। ऐसे में 4 पद पहले से ही खाली है,जबकि 4 मौजूदा मंत्रियों से इस्तीफे लिए जा सकते है। इनमें से दो राज्यमंत्री तो इतने ही कैबिनेट या स्वतंत्र प्रभार के मंत्री हो सकते है।

### फेरबदल के बाद बदलेंगे प्रभार के जिले

इधर मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद के संभावित फेरबदल के बाद नए सिरे से मंत्रियों को जिलों के प्रभार सौंपेगे। इसमें इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कुछ वरिष्ठ मंत्रियों को छोड़कर किसी भी मंत्री को दो जिलों का प्रभार नहीं दिया जाए। साथ ही जिन मंत्रियों को दो जिलों का प्रभार सौंपा जाएगा, उनकी दूरी मंत्रियों के गृह क्षेत्र से ज्यादा नहीं रहेगी।

### नए सिरे से विभाग भी बदलेंगे

सूत्रों का यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री अपने पास से कुछ विभागों को दूसरे मंत्रियों को देने के साथ ही विभागों में भी परिवर्तन कर सकते है। दरअसल सीएम अगले तीन साल तक पूरी तरह से मध्यप्रदेश को विकसित बनाने के मिशन पर और तेजी से काम करेंगे। इसके लिए वे मंत्रियों से भी उम्मीद करेंगे कि जिस मेहनत के साथ सीएम अपने संकल्पों को पूरा करने और मध्यप्रदेश के विकास को गति देने का काम कर रहे है, उसी तरह मंत्रियों को भी काम करना होगा।

संक्रमित रक्त चढ़ाने पर सरकार का एक्शन

### ब्लड बैंक प्रभारी समेत 3 सस्पेंड पूर्व सिविल सर्जन को नोटिस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश के सतना में संक्रमित खून चढ़ाने से बच्चों के एचआईवी पॉजिटिव होने के मामले में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर ब्लड बैंक प्रभारी और दो लैब टेक्नीशियनों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पूर्व सिविल सर्जन को नोटिस दिया गया है। गौरतलब है कि सतना जिले में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले में सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। लापरवाही पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी समेत तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मामले की जांच के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सतना जिला अस्पताल के पैथोलॉजिस्ट और ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. देवेंद्र पटेल को सस्पेंड कर दिया गया है। उनके अलावा दो लैब टेक्नीशियन, राम भाई त्रिपाठी और नंदलाल पांडे पर भी निलंबन की गाज गिरी है।

### प्रमोशन में आरक्षण मामले में दलीलें पेश

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए बनाए नियम को चुनौती देने वाले मामले में हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से विभिन्न विभागों में आरक्षण और पदों की संख्या को लेकर कुछ डाटा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सरकार ने अपनी दलीलें पूरी की। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 6 जनवरी को नियत की है। दलील दी कि नियम बनाने के पहले सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी एक्सरसाइज की गई है।

### उद्यान की भूमि में निर्माण पर बरकरार रखी रोक

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने मंडला जिले में उद्यान की भूमि पर नवीन कलेक्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण पर पूर्व में लगाई गई अंतरिम रोक बरकरार रखी है। इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई नौ फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है।

# अटल जयंती पर ग्वालियर रचेगा इतिहास, समिट में होगा दो लाख करोड़ के प्रोजेक्ट का भूमिपूजन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर ग्वालियर के मेला ग्राउंड में होने वाले अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट के दौरान दो लाख करोड़ के करार होने की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सीएम डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में होने वाले इस आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन से मिली जानकारी के अनुसार इस समिट की थीम निवेश से रोजगार रखी गई है। आयोजन में 2 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का भूमि-पूजन और 10,000 करोड़ की




परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। इस कार्यक्रम में एक लाख लाभार्थी शामिल होंगे। समिट को चार प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है। इस समिट में नए उद्योगों को भूमि आवंटन और लेटर ऑफ इंडेंट भी जारी किए जाएंगे। समिट में रोजगार सफलता की दीवार भी बनाई जाएगी। यहां उन युवाओं और उद्यमियों की प्रेरणादायी कहानियां होंगी जिनके जीवन में उद्योगों से बदलाव आया है। इसमें महिला उद्यमियों की सफलता पर विशेष फोकस रहेगा। राच्य सरकार इस मंच से विशेष दर औद्योगिक क्षेत्र (एसआरजेड) और सिंगल क्लिक प्रोत्साहन वितरण प्रणाली की भी शुरुआत करने जा रही है। इसके साथ ही इस आयोजन में प्लग-एंड-प्ले इकाइयों का भी उद्घाटन होगा, जिससे छोटे उद्योगों को बिना किसी बाधा के काम शुरू करने में मदद मिलेगी। आयोजन के दौरान जिलों में नई औद्योगिक इकाइयां लगाने वाले निवेशकों को सम्मानित किया जाएगा और रोजगार पाने वाले युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

# भोज मुक्त विश्वविद्यालय में होगी पचास प्रोफेसरों की भर्ती

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोज मुक्त विवि में पचास पदों पर प्रोफेसरों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए रोस्टर के साथ पदों का विषयबार युक्तियुक्तिकरण भी किया जाएगा। यह निर्णय गुरुवार को हुई महाप्रबंध बोर्ड की बैठक में लिया गया है। बैठक में जहां दो प्रोफेसरों को कार्यमुक्त करने की सूची दी गई है। वहीं चार प्रोफेसरों के प्रतिनियुक्ति पर आने पर बोर्ड को अवगत कराया गया है। भोज मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक स्टाफ का टोटा बना हुआ है। विवि में एक फीसदी प्रोफेसर तक मौजूद नहीं हैं। विवि प्रतिनियुक्तियों पर प्रोफेसरों को लेकर अपनी गतिविधियों का संचालन कर रहा है। मौजूदा स्थिति में भोज विवि में प्रोफेसर के 54 पद हैं, जिसमें महज चार प्रोफेसर ही कार्यरत हैं। शेष 50 पद रिक्त बने हुए हैं। उनकी नियुक्ति करने के लिए महाप्रबंध बोर्ड की बैठक एजेंडे में शामिल किया गया। नवनियुक्त कुलगुरु मिलिंद दांडेकर की अध्यक्षता में पहली बैठक महाप्रबंध बोर्ड की बैठक आयोजित की गई है। बोर्ड सदस्यों को नई व्यवस्था बनने के कयास लगाए जा रहे थे। इसी के चलते निर्णय लिया गया है कि विवि में रिक्त पदों की भर्ती करने के लिए इंटरनल कमेटी गठित की जाएगी। वहीं उक्त पदों का रोस्टर तैयार करने के लिए शासन के प्रतिनिधि को कमेटी में शामिल किया जाएगा। इसके बाद विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

**हाईकोर्ट ने निरस्त की थी 27 प्रोफेसरों की भर्ती**

### विधि और नर्सिंग होगी एक

भोज मुक्त विवि होने के कारण विधि और नर्सिंग कोर्स का संचालन नहीं किया जा सकता है। जबकि विवि में उक्त विषयों में पद बने हुए हैं। उक्त पदों का युक्तियुक्तिकरण करने कमेटी गठित की जाएगी। उक्त पदों को विषयों में समायोजित कर भर्ती कराई जाएगी।

### 7 साल से जमे प्रोफेसर कार्यमुक्त

2018 में तत्कालीन कुलपति डॉ रविंद्र रामचंद्र कान्हेरे के कार्यकाल में डॉ एलपी झारिया और नीलम वासनिक प्रतिनियुक्ति पर भोज विवि आए थे। उनकी दो-दो साल की प्रतिनियुक्ति सात साल बाद खत्म हो सकी है, जिसके चलते उन्हें कार्यमुक्त कर उच्च शिक्षा विभाग भेज दिया गया है। अब विभाग उनकी पदस्थापना करेगा।

### अप्रैल में निरस्त हुई भर्तियां

मप्र हाईकोर्ट ने आठ साल पहले कुलपति डा तारिक जफर के कार्यकाल में भोज मुक्त विश्वविद्यालय में नियुक्त हुए 27 प्रोफेसरों की भर्ती निरस्त कर दिया था। हाईकोर्ट ने विवि को दोबारा से विज्ञापन जारी कर भर्ती करने के आदेश दिए थे, जिसके तहत भोज विवि ने उक्त पदों को रिक्त पदों में शामिल कर लिया है। ज्ञात हो 2017 में भर्तियों में हुई गड़बड़ी के कारण राज्य शासन ने धारा 33 लगाकर भोज विवि के कुलपति डॉ. तारिक जफर को हटा दिया था। उनका कार्यकाल पूरा होने में करीब एक माह बचा था।

**उपलब्धियां** लोक पथ ऐप बताएगा कहां है ब्लैक स्पॉट, मंत्रियों ने गिनाईं अपने विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियां

# मध्यप्रदेश में विकसित हो रहा देश का पहला टाइगर कॉरिडोर: सिंह

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों ने शुक्रवार को अपने विभागों के दो साल की उपलब्धियां और आने वाले तीन वर्षो के रोडमैप की जानकारी दी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक पथ एप टू लांच करेगा, जिसमें सड़क मार्ग में पड़ने वाली सभी जानकारियों को उपलब्ध कराएगा, तो एक किमी पहले ब्लैक स्पॉट की भी जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि देश का पहला राज्य स्तरीय मल्टी नेशनल पार्क टाईगर कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह शुक्रवार को अपने दो वर्षो के कार्यकाल के संबंध में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1 हजार 770 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और मेगा कॉरिडोर ग्वालियर-नागपुर, इंदौर-भोपाल, जबलपुर-भोपाल और अन्य रणनीतिक कॉरिडोर प्रदेश की आर्थिक धारा को गति देंगे। एनएचआईए के सहयोग से बनने वाले टाइगर कॉरिडोर पांच नेशनल पार्क को जोड़ेगा। यह परियोजना पूरी तरह से वन्यजीव संरक्षण और सड़क विकास का संतुलित मॉडल है। उन्होंने बताया कि हमने तय किया है कि लोक पथ एप में गड्ढों को सुधारने की समय सीमा अब 7 दिन से घटाकर 4 दिन कर दी है। इसी तरह जल्द ही विभाग लोकपक्ष एप-2 भी लांच करेगा, जिसमें सड़क मार्ग में आने वाले



अस्पताल, होटल, पेट्रोल पंप सहित दूसरी जानकारी मिलेगी, तो लगभग एक किलोमीटर ब्लॉक स्पॉट की चेतावनी युक्त जानकारी ऐप के माध्यम से मिल जाएगी, जिससे दुर्घटनाओं से बचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में मध्यप्रदेश का सड़क मानचित्र पूरी तरह से बदल जाएगा। एनएचएआई द्वारा लगभग 28,000 करोड़ रुपए की लागत से 948 किमी नए राष्ट्रीय मार्ग विकसित किए जाएंगे। अगले तीन वर्षों में एचएएम मॉडल के अंतर्गत अनेक परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। परियोजनाएं क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स, कृषि और व्यापार को नई गति प्रदान करेंगी। इसी तरह आने वाले तीन वर्षों में 11,310 किलोमीटर लंबी 822 नई ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जाएगा, ताकि प्रदेश का हर गांव राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों से जुड़ सके।

### मास्टर प्लान तैयार, जल्द होंगे लागू: विजयवर्गीय

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने विभाग के दो वर्षो में हुए कार्यो और अगले तीन साल के रोडमैप को लेकर पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंदौर-भोपाल का मास्टर प्लान तैयार कर लिया है और जिसे लेकर विभागीय स्तर पर समीक्षा भी की जा चुकी है। हम जल्द उसे लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग जल्द ही अपना फायर एक्ट तैयार करेगा। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग अलग से फायर यूनिट तैयार करेंगे, जो पुलिस की जगह जिम्मेदारी संभालेंगी और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान के अलावा हम ई-वाहन, परिवहन और पर्यावरण से जुड़े कई निर्णय लागू करेंगे, जिससे शहरों की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने स्वीकार



किया कि निकायों के वाहन से डीजल चोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं, हम इससे बचने के लिए तकनीक का सहारा लेंगे। अगले कुछ वर्षो में निकायों के सभी वाहन इलेक्ट्रिक होंगे। इससे ई-मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम भोपाल और इंदौर को पूरी तरह से स्लम फ्री बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। शहरी और ग्रामीण परिवहन को मजबूत करने के लिए प्रदेश में 600 नई बसें लाई जा रहीं, इससे आम लोगों को सुविधायुक्त परिवहन मिल सकेगा। इसी आधार पर सरकार शहरों में ट्रैफिक दबाव को भी कम करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ वर्षो में आधी से ज्यादा आबादी शहरों में होगी, इसी को ध्यान में रखकर शहरी विकास को खाका तैयार किया जा रहा है।

### केंद्र की गाइडलाइन अनुसार ले रहे ऋण विकास में किया जा रहा निवेश : देवड़ा

वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी अपने विभागों में पिछले दो वर्षों में हुए कामकाज को पत्रकारों के समक्ष रखा। उन्होंने सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे ऋण को लेकर कहा कि हम केन्द्र की गाइडलाइन के अनुसार अपनी सीमा के अंदर ही कर्ज ले रहे हैं, जिसका उपयोग केवल अधोसंरचना विकास परियोजना में किया जा रहा है। यानि कि सरकार ऋण के तौर पर निवेश कर रही है। उन्होंने



बताया कि विभाग की बेहतर कार्यपद्धति के चलते 2024-24 में 55 हजार 634 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की तुलना में बेहतर है। इसी तरह राजस्व संग्रह की दिशा में भी प्रदेश में अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। देवड़ा ने कहा कि आने वाले तीन वर्षों के लिए रोलिंग बजट की प्रक्रिया अपनाई गई है। इसमें नवाचार किए जा रहे हैं। शून्य आधारित बजट, रोलिंग बजट और तकनीकी नवाचारों से राज्य की वित्तीय स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। देवड़ा ने कहा कि पंजीयन विभाग में भी कई तरह के नवाचार किए गए हैं। प्रदेश, देश का ऐसा पहला राज्य है, जिसमें 75 प्रकार के दस्तावेज पट्टा, पॉवर ऑफ अटर्नी, बंधक यादि घर बैठे वीडियो केवायसी के माध्यम से पंजीयन हो रहा है।

### आदेश के बाद भी अमीन को ज्वाइन नहीं करा रहे ईई

**जागरण, भोपाल।** प्रमुख अभियंता के आदेश के बाद भी जलसंसाधन विभाग के अमीन को कार्यपालन यंत्री द्वारा उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा रही है। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार सिवनी मुख्य अभियंता बैन गंगा कछार के आदेश पर अमीन उमेश शर्मा का स्थानांतरण किया गया था। जिसे लेकर प्रमुख अभियंता से आग्रह किया गया,जिनके द्वारा आदेश को निरस्त करते हुए अमीन शर्मा को भीमगढ़ में पदस्थ कर दिया। इसी बीच शर्मा की अपील पर उच्च न्यायालय द्वारा भी आदेश को निरस्त कर उन्हें यथावत कार्यालय में पदस्थ कर दिया। बताया गया है कि जब उमेश अपने पदस्थापना स्थल पर पहुंचे,तो उन्हें वहां के कार्यपालन यंत्री द्वारा उपस्थित दर्ज नहीं कराई गई। इस संबंध में मप्र कर्मचारी मंच ने विरोध जताते हुए कहा कि यदि इस मामले में उमेश शर्मा को न्याय नहीं मिलता और संबंधित कार्यपालन यंत्री के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती ,तो कर्मचारी मंच जल संसाधन मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगा। मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मंच ने इस संबंध में न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की है।

# सीईओ जिला पंचायत ने शहपुरा जनपद की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**जागरण डिंडोरी।** सीईओ जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी ने आज जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रारंभ एवं प्रगतिरत विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा गुणवत्ता एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में ग्राम पंचायत पड़रिया में मां की बगिया परियोजना के हितग्राही मंदाकिनी एवं कमलेश्वरी के कार्य स्थल पर पहुंचकर महिला हितग्राहियों से चर्चा की गई। हितग्राहियों ने योजना से प्राप्त लाभ एवं कार्य की प्रगति की जानकारी दी।

ग्राम पंचायत कछारी के खोलखा टोला में स्वीकृत नवीन तालाब निर्माण का निरीक्षण किया गया, जहां कार्य प्रगतिरत पाया गया। इस दौरान उपयंत्री श्री ए.एच. खान एवं ग्राम रोजगार सहायक को मस्टररोल जारी कर कार्य नियमित रूप से संचालित करने तथा प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत डोभी स्थित शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत पाठ्यक्रम की प्रगति की जानकारी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से ली गई। साथ ही मध्याह्न भोजन कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया गया।

नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन के लिए राजस्व अमले के साथ मंडी के पास उपलब्ध भूमि का निरीक्षण किया। वहीं ग्राम पंचायत अमठेरा में अटल पंचायत भवन का निरीक्षण कर फिनिशिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सचिव, उपयंत्री एवं सहायक यंत्री को दिए।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत अमेरा के ग्राम रामपुरी रैयत में कमला बाई पति प्रेमलाल के अप्रारंभ कार्य का निरीक्षण कर हितग्राही प्रेमलाल को कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की समझाइश दी गई।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री ऐश्वर्य वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पंकज जैन, परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री प्रदीप कुमार शुक्ल, कार्यपालन यंत्री श्री ललित वैद्य, सहायक यंत्री श्री सुनील पचौरी, उपयंत्री श्री विकास खरे एवं श्री ए.एच. खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डिंडौरी जिला पंचायत सीईओ ने मीडिया के सामने रखी अपनी बात बोले एक बगिया मां के नाम योजना में पूरी पारदर्शिता बरती गई कोई गड़बड़ी नहीं

कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी ने बताया कि आज हमने फिर एक बगिया मां के नाम योजना का निरीक्षण किया है। कही कोई दिक्कत नहीं है। दीदियों ने अपनी मर्जी से पेड़ और फेंसिंग के लिए पोल खरीदे है। किसी फर्म को जिला पंचायत द्वारा वर्क आर्डर जारी नहीं हुआ है। डी पी एम और ब्लॉक समन्वयक ने कुछ सप्लायरों से दीदियों का संवाद करवाया था। वृक्षारोपण डेढ़ महीने पहले हो चुके हैं। हालांकि योजना को 15 सितंबर से बढ़ाकर मार्च तक कर दिया गया है। दिक्कत जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते जी को है, वो मुझ पर 15वें वित की राशि जारी करने का दबाव बना रहे थे जो तीन साल से जारी नहीं हो रही है। उन्होंने मुझे अभद्र शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज की वहां पर स्टाफ कर्मचारियों ने भी सुना है। जबकि मैंने अध्यक्षजी को बताया कि 22 दिसंबर को मैने सभी जिला पंचायत सदस्यों को 15,वे वित्त की राशि में चर्चा करने हेतु बैठक बुलाई है जिस पर शासन के निर्देशों का चर्चा करते हुए जानकारी दी जानी थी जिस संबंध में सूचना दी है।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में मतदान संपन्न



## 934 में से 859 वोट डाले, आज आएगा परिणाम

**छतरपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित विभिन्न पदों के लिए शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया है। मतदान में कुल 934 मतदाताओं में से 859 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव के परिणाम आज शनिवार को सामने आएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दो पोलिंग बूथों पर मतदान हुआ। विकलांग एवं वृद्ध अधिवक्ताओं के लिए पुराने संघ कार्यालय में विशेष व्यवस्था थी, जबकि अन्य नवीन कार्यालय में वोट डाले। चुनाव अधिकारी रवि पांडेय ने बताया कि रजिस्ट्रेशन पत्र और वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य था। मतदान केंद्र से 50 फीट और बैनर-पोस्टर से 500 मीटर दूरी बनाए रखने के निर्देश थे। पुलिस बल तैनात रहा। अध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, शिवप्रताप सिंह चौहान (रिशु), रामनारायण कुशवाहा, राकेश कुमार दीक्षित, नरेंद्र कुमार खरे, मनोज कुमार व्यास, विनोद कुमार दीक्षित उर्फ गुड्डू वकील ने दावेदारी की है। उल्लेखनीय है कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह के निर्देश पर विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह और न्यायाधीश अरविंद सिंह गुर्जर की निगरानी में यह चुनाव संपन्न हुआ।

## बुंदेली परंपरा से मतदान केंद्र पहुंचे अधिवक्ता

मतदान के दौरान सबसे आकर्षक क्षण तब देखने को मिला जब एक अधिवक्ता संतोष तिवारी गाजे-बाजे के साथ घोड़े पर सवार होकर मतदान करने पहुंचे। मतदान स्थल पर उनके साथियों ने पुष्प वर्षा, पान खिलाकर और न्यौछावर कर बुंदेली परंपरा से उनका स्वागत किया। संतोष तिवारी ने बताया कि पिछली बार तेल खत्म होने से वोट नहीं डाल पाए थे, जिससे एक साथी हार गए। इस बार एक-एक वोट की अहमियत है।

# 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला : परिजनों ने गांव के युवक पर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया

**छतरपुर।**/ जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीरा से 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। ग्राम पीरा निवासी माता-पिता ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। गुरूवार को युवती के माता-पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर पुत्री को जल्द ढूंढने की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार मां नुन्नू अहिरवार पति गणेशा अहिरवार ने 2 दिसंबर 2025 को गुलगंज थाने में बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2 दिसंबर को लापता घर से यह कहकर निकली थी कि वह बाजार जा रही है, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिला। मां का आरोप है कि गांव में ही रहने वाला गणेश अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने गुलगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक युवती का पता नहीं लगा सकी है।

पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट परिजन अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और शिकायत करते हुए अपनी बेटी को सकुशल घर वापस लाने की मांग की है। उन्होंने मामले में शीघ्र कार्रवाई कर आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और युवती की तलाश जारी है।

# संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

## पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता में छतरपुर की टीम रही विजेता



**छतरपुर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर सत्र 2025-26 के अनुसार संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय छतरपुर के तत्वावधान में सांई एकेडमी क्रिकेट ग्राउंड पर किया जा रहा है।

क्रीड़ा प्रभारी प्रो. बीके प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 एवं 14 दिसंबर को संभाग स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। वहीं 15 दिसंबर से 18 दिसंबर तक संभाग स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें सागर संभाग के सभी जिलों की टीमों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता के तहत 15 दिसंबर को टीकमगढ़ एवं सागर के मध्य मैच खेला गया, जिसमें टीकमगढ़ की टीम विजयी रही। 16 दिसंबर को पन्ना एवं टीकमगढ़ के बीच हुए मुकाबले में पन्ना की टीम ने जीत दर्ज की। इसके बाद 17 दिसंबर को निवाड़ी एवं छतरपुर के मध्य मैच खेला गया, जिसमें छतरपुर की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 18 दिसंबर को छतरपुर एवं पन्ना के बीच खेला गया जिसमें छतरपुर ने जीत हासिल की। पहले यह सभी मैच सांई एकेडमी की मेजबानी में आयोजित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यही वह ग्राउंड है जहां से राष्ट्रीय खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने निकलकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रो. प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है, ताकि वे आगे चलकर जिले, संभाग एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकें।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक, मैकेनिकल संकाय के सहायक यंत्री को नोटिस, दिसंबर में शत-प्रतिशत पूर्णता के निर्देश




**जागरण डिंडोरी । कलेक्टर** श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिसंबर माह में पूर्णता हेतु लक्षित 99 नल-जल योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने 99 ग्रामों में से स्रोत के अभाव के कारण 11 ग्रामों को छोड़कर शेष 88 ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई। लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं की कम पूर्णता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने दिसंबर माह में शत-प्रतिशत योजनाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिन ग्रामों में स्रोत के अभाव के कारण कार्य लंबित हैं, वहां शीघ्र नलकूप खनन हेतु कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मैकेनिकल), जबलपुर को निर्देशित किया। मैकेनिकल संकाय को आवंटित ग्रामों में एक भी योजना पूर्ण न होने पर कलेक्टर ने सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मैकेनिकल) को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सहायक यंत्री द्वारा विद्युत समस्या के कारण कार्य प्रभावित होने की जानकारी पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से समन्वय कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेसर्स आर. के. गुप्ता को आवंटित ग्रामों में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जांच टीम की रिपोर्ट प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। साथ ही समस्त विभागीय एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को सतत निरीक्षण करने तथा स्थल के जीपीएस लोकेशन युक्त फोटो नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए गए।। कलेक्टर ने अवगत कराया कि निरीक्षणकर्ता अधिकारियों की पुनः समीक्षा 20 दिसंबर 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री अफजल अमानुल्लाह, विभाग के समस्त सहायक यंत्री एवं उपयंत्री (सिविल एवं मैकेनिकल) उपस्थित रहे। समस्त निरीक्षणकर्ता अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## बड़ामलहरा में 24 दिसंबर को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

**छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आई.टी.आई. एवं जिला उद्योग विभाग के द्वारा 24 दिसंबर 2025 बुधवार को प्रात- 11 बजे से शासकीय महाविद्यालय बड़ामलहरा जिला छतरपुर में 1 दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु के युवक एवं युवतियों भाग ले सकते हैं। इस मेले में 8वी से स्नातक, आई.टी.आई योग्यताधारी आकांक्षी युवक एवं युवतियों की भर्ती हेतु विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियां संसूर सृष्टि हर्बल प्रा. लि. छतरपुर, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानंद गुजरात, वर्धमान यार्न मण्डीदीप प्रा. लि.भोपाल, श्री राम पिस्टन एंड रिंग लिमिटेड भिवाड़ी, एडु एडवांटेज प्राइवेट लि. सागर, टेलेंट कॉर्प सोल्युसन प्रा.लि., माइंड लेब्स मिडिया टेक प्रा., एस.आई.एस. सिक्योरिटी सर्विस, इंटिग्रेडेड पर्सनल सर्विस लि. एसबीआई लाईफ छतरपुर, पुखराज हेल्थकेयर प्रा. लि. जबलपुर, ग्रेट ऑर्गनिक डायमंड प्रा. लि., जे.बी.एम. आटो प्रा. लि. गुडगांव, महिंद्रा लोजिस्टिक लि. झाझर, गेल इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स, लि. गुना आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। रोजगार अधिकारी ने बताया कि विभिन्न पदों हेतु वेतनमान योग्यतानुसार लगभग 8 हजार से 25 हजार तक प्रतिमाह है।

# रेस्टोरेंट संचालक के साथ बेरहमी से मारपीट

## मोबाइल लूटकर किया गया अपहरण का प्रयास

**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहाँ एक रेस्टोरेंट संचालक को कार सवार अज्ञात युवकों ने न केवल बेरहमी से पीटा बल्कि उसका मोबाइल लूटकर उसे जबरन अगवा करने की कोशिश भी की। आरोप है कि हमलावरों ने पहले सड़क पर एक्सीडेंट का बहाना बनाकर विवाद किया और फिर समझौते के नाम पर पैसे ऐंठने के बाद और रुपयों की मांग को लेकर पीड़ित पर बेल्ट और लात-घूंसों से हमला कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर रोड पर लक्ष्मण राजा स्कूल के पीछे, ग्राम बगौता निवासी रेस्टोरेंट संचालक सुरेंद्र गुप्ता उम्र 40 वर्ष बीती शाम अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। इसी दौरान बगौता तिराहे के पास पीछे से आ रही एक शिफ्ट कार क्रमांक एमपी 16 जेडएफ 8466 ने उन्हें ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार में सवार तीन अज्ञात युवकों ने सुरेंद्र गुप्ता को रुकवाया और कार में हुए नुकसान के एवज में पैसों की मांग की। आपसी समझौते के तहत सुरेंद्र गुप्ता ने उन्हें 10 हजार रुपये दे दिए, लेकिन आरोपी इतने पर नहीं रुके और 10 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे। जब पीड़ित ने और पैसे देने से मना किया, तो युवकों ने उन्हें रास्ते में रोककर लात-घूंसों और बेल्ट से बेरहमी से पीटा और उनका मोबाइल फोन छीन लिया। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी सुरेंद्र गुप्ता को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाने लगे, लेकिन फोर सीजन होटल के पास मौका पाकर वह चलती गाड़ी से उतरकर भाग निकले। इसके बाद उन्होंने परिजनों को सूचना दी और जिला अस्पताल पहुँचकर इलाज कराया, जहाँ फिलहाल उनका उपचार जारी है। पीड़ित सुरेंद्र गुप्ता ने इस पूरी घटना की जानकारी सिविल लाइन थाना पुलिस को दी ।

# आदिवासी मंगल भवन घुघरी में महिला एवं बाल विकास विभाग की अहम बैठक

## शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर दिया गया जोर

**जागरण मंडला।** घुघरी स्थित आदिवासी मंगल भवन में दोपहर 3 बजे महिला एवं बाल विकास परियोजना की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में परियोजना के समस्त सेक्टरों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया, जहाँ शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से परियोजना अधिकारी श्री रामकुमार झारिया ,ब्लॉक समन्वयक सुलेखा पटेल एवं सुपरवाइजर रजनी परस्ते, अरुण चोरे व हेमवती लारिया उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को विभागीय कार्यों में गति लाने और शासन की मंशानुसार कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

**पोषण और हितग्राही लाभ पर केंद्रित रही चर्चा :** बैठक के दौरान निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया- * पोषण जागरूकता- आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे पोषण के समस्त महत्वपूर्ण बिंदुओं को जमीनी स्तर पर प्रत्येक हितग्राही को सरल भाषा में समझाएं।

योजनाओं का क्रियान्वयन- शासन द्वारा चलाई जा रही लाड़ली लक्ष्मी, मातृ वंदना और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचाना सुनिश्चित करें।

* बेहतर प्रबंधन आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन और डेटा एंट्री से संबंधित तकनीकी बारीकियों के बारे में भी समझाइश दी गई।

# पर्यावरण प्रदूषण एवं वायु गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट के संबंध में विधिक जागरुकता शिविर



**जागरण मंडला।** नैनपुर,माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार नालसा नई दिल्ली द्वारा शीत ऋतु के दौरान पर्यावरण प्रदूषण, विशेष रूप से वायु गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट को दुष्टिगत रखते हुए 卐क्क्ष्शहृद्ष्ह ञ्शस्त्रड्ड4 स्द्ष्ह्हद्ध ञ्शद्वश्हह्ल्श्2 पैन इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता शिविर सामुदायिक पहल प्रारंभ की गई है। जिसके पालन में आज दिनांक 19.12.2025 को तहसील विधिक सेवा समिति नैनपुर द्वारा ग्राम पंचायत अतरिया में 卐क्क्ष्शहृद्ष्ह ञ्शस्त्रड्ड4 स्द्ष्ह्हद्ध ञ्शद्वश्हह्ल्श्2卐 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन माननीय श्री आदिल अहमद खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नैनपुर एवं श्री बलदेव सिंह मुजालदा थाना प्रभारी पुलिस थाना नैनपुर की उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण एवं वायु गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित जनमानस एवं छात्र/छात्राओं को पर्यावरण के प्रति अपना योगदान देने तथा प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के संबंध में प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस एवं छात्र/छात्राओं द्वारा भी यह प्रतिज्ञा ली गई कि वह भी अब अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण के बचाव हेतु अपना योगदान देंगें तथा उनके द्वारा रोपित किये गये पेड़ों की उचित देखभाल कर उनकी वृद्धि हेतु निरंतर सजग रहेगें। उक्त कार्यक्रम में श्री बलदेव सिंह मुजालदा थाना प्रभारी नैनपुर द्वारा भी पेड़ों की नितान्त आवश्यकता एवं पर्यावरण के प्रति पेड़ों की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुये पर्यावरण के प्रति अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध गतिविधियों पर रोक, पुलिस की सघन वाहन चेकिंग



**टीकमगढ़।** सड़क सुरक्षा को व्यापक जनभागीदारी का रूप देने और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा पूरे जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में यह अभियान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सक्रिय रूप से चलाया गया। पुलिस टीमों ने मुख्य मार्गों, चौकों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की गहन जांच करते हुए नागरिकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के अनिवार्य पालन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वाहनों की कठोर चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह तथा एसडीओपी टीकमगढ़ व जतारा के पर्यवेक्षण में 18 दिसंबर 2025 को कुल 243 वाहनों की जांच* की गई, जिनमें से 56 वाहनों पर 16 हजार 7 सो रुपए के चालान जारी किए गए। अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं नागरिकों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन केवल दंड से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा का अनिवार्य सिद्धांत है।

## अशोक अहिरवार बने पलेरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर

**पलेरा।** टीकमगढ़ जिले के खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पलेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर अशोक अहिरवार को नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। अशोक अहिरवार के ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत होने पर क्षेत्रीय विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गोर ब नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राकेश खरे, विश्वदीप चौहान, मलखान यादव, अवधेश रावत, राज नापित और इकरार खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अशोक अहिरवार के नेतृत्व में ब्लॉक स्तर पर संगठन को नई मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## 1 एवं 2 रूपए के सिक्के न लेने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

**पन्ना ।** डीएलसीसी बैठक में पन्ना जिले में 1 एवं 2 रूपए के सिक्के प्रचलन में न होने संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया, जबकि सिक्के वैध रूप से अब भी प्रचलन में है। जिला कलेक्टर द्वारा इस पर नाराजगी व्यक्त की गई और संबंधित व्यापारी सहित अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खसरा एवं फसलवार प्रीमियम कटौती करने, आरसेटी संस्थान में वार्षिक कार्ययोजना मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रदान करने तथा बैंक सखी का बैच तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया गया। डीएलसीसी बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं लीड बैंक अधिकारी शमा बानो सहित विभागीय अधिकारी और समस्त बैंकर्स उपस्थित रहे।

## उपार्जन केन्द्र प्रभारी रामशरण तिवारी को नोटिस जारी

**पन्ना ।** कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित अमानगंज के प्रभारी समिति प्रबंधक एवं उपर्जान केन्द्र प्रभारी रामशरण तिवारी को नोटिस जारी किया गया है। धान उपार्जन केन्द्र अमानगंज में तुलाई कार्य में अव्यवस्थाओं के संबंध में जारी नोटिस में उल्लेखित है कि केन्द्र प्रभारी द्वारा शासन की उपार्जन नीति अनुसार पंजीकृत पात्र कृषकों की उपज का नीति अनुसार उपर्जान न करने के साथ ही किसानों को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। गत 16 दिसम्बर को कृषकों के उपज उपार्जन में व्यवधान भी हुआ और किसानों को चक्काजाम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर जारी किए गए नोटिस का स्पष्ट कारणों सहित तीन दिवस में समक्ष में जवाब चाहा गया है अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही व दुराचरण तथा दण्ड प्रक्रिया के तहत दोषी मानकर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन क्षेत्रीय कार्यालय सागर द्वारा भी धान भण्डारण के दौरान हुई अनियमितताओं के संबंध में पं. छोटेलाल रावत वेयरहाउस (गोदाम संचालक) अमानगंज भारती रावत को गोदाम नंबर 20 की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देशित किया गया है अन्यथा गोदाम में मैपिंग नहीं की जाएगी और न ही गोदाम में किसी प्रकार का स्कंध भण्डारण किया जाएगा। भविष्य में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का सघन निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, कृषकों से की चर्चा



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को अमानगंज और गुनौर क्षेत्र में धान उपार्जन केंद्रों का सघन एवं औचक निरीक्षण किया तथा इन खरीदी केन्द्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेकर किसानों की सुविधाओं व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खरीदी केंद्रों पर बगैर ग्रेडर के धान खरीदी न करने और किसानों से ग्रेडिंग एवं तुलाई के लिए निर्धारित 40 रुपए की राशि प्राप्त करने के संबंध में जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर धान क्वालिटी एवं रकबा अनुसार उत्पादन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उपार्जन केंद्र तारा झरकुआं में समक्ष में ग्रेडिंग मशीन से धान की सफाई कार्य का अवलोकन किया। केंद्र प्रभारी महेंद्र कुशवाहा ने जानकारी दी कि अब तक यहां 8400 क्विंटल धान की खरीदी व 3200 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। कलेक्टर ने उपार्जित स्कंध के समुचित भंडारण तथा धान के स्लॉट बढ़ाने, उठाव के लिए वाहन व्यवस्था इत्यादि के निर्देश दिए। खरीदी केन्द्र पर उपस्थित किसानों द्वारा अवगत कराया गया कि यहां किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है और सुचारू रूप से निर्बाध तरीके से उपार्जन का कार्य संचालित है। महेबा के श्री रामजानकी माया वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा खरीदी के तत्काल बाद परिवहन तथा किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत सर्टिफाइड डिजिटल मॉइश्चर मीटर से पर्ची काटने के निर्देश दिए गए। पाठक वेयरहाउस सिली गुनौर के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिवस से श्रमिकों की संख्या और ग्रेडर बढ़ाएं। केंद्र को सुबह 8 बजे तक अनिवार्य रूप से खोलने की व्यवस्था की जाए। छोटे किसान एवं पूर्व से स्लॉट बुक करा चुके किसानों की उपज की तौल प्राथमिकता से कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान किसानों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया तथा आगामी दिवस में स्लॉट बढ़ाने का आश्वासन भी दिया गया।

### बकाया राशि का शीघ्र करें भुगतान

कलेक्टर श्रीमती परमार ने देवेन्द्रनगर के बड़ागांव खरीदी केंद्र का भी मुआयना किया और समक्ष में तुलाई करवाकर वारदाना उपलब्धता व ग्रेडिंग क्वालिटी की जानकारी ली। इस दौरान पल्लेदारों के गत वर्ष की बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करवाने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रेडिंग धान की गुणवत्ता भी परखी और उपस्थित अधिकारियों से स्कंध के आवक, उठाव व परिवहन एवं भंडारण व्यवस्था के बारे में पूछा तथा किसानों के भुगतान प्रक्रिया की जानकारी भी ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे, एसडीएम अनिल तलैया, तहसीलदार रत्नराशि पांडेय एवं ममता मिश्रा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रभारी महाप्रबंधक अमित श्रीवास्तव तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी एवं कल्लू पटेल भी उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव का समापन 25 को



### व्यवस्थाओं संबंधी बैठक हुई संपन्न

**जागरण, पन्ना ।** स्थानीय सांसद सुविधा केंद्र में सांसद खेल महोत्सव के समापन को लेकर व्यवस्था संबंधित बैठक का आयोजन किया गया है जिसे मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक सुशील त्रिपाठी लोकसभा सह संयोजक कमल लालवानी सर्व व्यवस्था प्रमुख विजय अटवाल कटनी जिला अध्यक्ष दीपक टंडन के साथ-साथ पूरे लोकसभा से आए कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया

बैठक में मुख्य रूप से यातायात व्यवस्था में चाणक्य रैकवार मुकेश साहू ,भोजन व्यवस्था में दिलीप शिवहरे सौरभ ओम रे आवास व्यवस्था विक्रम वर्मा और नीरज लोधी मैदान में अमित परमार और लक्ष्मी यादव टेंट व्यवस्था राजेंद्र कुशवाहा पेयजल में अशोक विश्वकर्मा पूरन यादव अतिथि में शशि राजे परमार और ऋषि बुंदेला शोभा यात्रा भास्कर पांडे नरेंद्र यादव सांस्कृतिक व्यवस्था राजकुमार वर्मा अंकिता जी सभागार शशांक वर्मा स्वागत में रत्नेश पटेरिया और धर्मेंद्र नामदेव रवि पांडे ग्रीन रूम में सोनू राजा अमन सिंह दिपेश व्यास मीडिया आशीष तिवारी और दुर्गेश शिवहरे सोशल मीडिया मृगेंद्र गहरवार और हिमांशु विश्वकर्मा विश्वकर्मा आपूर्ति सचिन अरजरिया महेश साहू रोनी लखेरा पार्किंग में राकेश गुप्ता ऋषभ अरजरिया स्वास्थ्य व्यवस्था अमरदीप साहू पूरन सिंह और अमित सिंघाई को व्यवस्था दी गई।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 26 दिसम्बर को

**पन्ना ।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में आगामी 26 दिसम्बर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की फिजिकल बैठक होगी। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर द्वारा इस अवसर पर सर्वसंबंधितों से जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान




**जागरण, पन्ना ।** भारत सरकार के निर्देशन में 16 से 31 दिसम्बर तक संचालित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र पन्ना द्वारा सामाजिक जागरूकता और साफ-सफाई के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की गई है। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केंद्र प्रमुख डॉ. पी.एन. त्रिपाठी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में रावे के छात्र-छात्राओं द्वारा पन्ना के शासकीय माध्यमिक शाला नारंगीबाग के प्रांगण में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। कृषि स्नातक विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर और उसके सामने बिखरे हुए कचरे को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान छात्रों ने स्कूली बच्चों से संवाद किया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के तहत कृषि स्नातकों ने पन्ना के विभिन्न क्षेत्रों को साफ करने का अभियान शुरू किया है।

## गुनौर विधायक ने धान खरीदी केन्द्र ककरहटी का किया निरीक्षण



**जागरण, पन्ना ।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा द्वारा धान खरीदी केन्द्र ककरहटी की अव्यवस्थाओं के संबंध में मिल रही निरंतर शिकायतों के दृष्टिगत केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। कृषकों की तौल में गड़बड़ी, बारदाने की कमी और नमी एवं गुणवत्ता के नाम पर उपज में कटौती संबंधी शिकायत पर विधायक ने उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा तौल काटों की स्वयं बारीकी से जांच कर किसानों से संवाद भी किया। उपार्जन केन्द्र पर बोरियों के दोबारा वजन पर तौल में स्पष्ट विसंगतिया पाई गईं। किसानों द्वारा छाया और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव होने के बारे में अवगत कराया गया। विधायक डॉ. वर्मा ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त कर कहा कि सभी किसानों को उनके परिश्रम की उपज की पूरी कीमत मिलेगी। लापरवाह अधिकारियों और बिचौलियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक द्वारा मौका स्थल से ही संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर उपार्जन प्रक्रिया की सूक्ष्म जांच कराने के निर्देश दिए गए। तौल में हेराफेरी अथवा अवैध वसूली की पुष्टि होने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। उन्होंने अविलंब केन्द्र की व्यवस्थाओं एवं किसान सुविधाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

# एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय को सीसी मीट 25 में सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग पहल का प्रथम पुरस्कार




**जागरण, सिंगरौली।** एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय एनआरएचक्यू को 34वें कॉरपोरेट कम्युनिकेशन मीट 25 में सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग पहल् के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार अमित कुमार बेहरा उप महाप्रबंधक कॉरपोरेट कम्युनिकेशन द्वारा एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय की ओर से अनिल कुमार जडली निदेशक मानव संसाधन एनटीपीसी तथा सी.कुमार कार्यकारी निदेशक मानव संसाधन से प्राप्त किया गया। इस अवसर पर के. एम प्रशांत महाप्रबंधक कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एवं बी. के. पांडेय अपर महाप्रबंधक कॉरपोरेट कम्युनिकेशन की उपस्थिति रही। यह मान्यता एनआरएचक्यू की प्रभावी ब्रांडिंग एवं जनसंपर्क पहलों को उजागर करती है। इसके अंतर्गत लखनऊ मेट्रो के माध्यम से ब्रांडिंग यूनिपोल डिस्प्ले सोशल मीडिया आउटरीच सहित प्रभावशाली आउटडोर प्रचार अभियानों को शामिल किया गया हैए जिनके माध्यम से एनटीपीसी की दृश्यता एवं जन सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त उत्तरी क्षेत्र के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल एवं एनटीपीसी दादरी परियोजनाओं ने क्रमशः सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया आउटरीच के लिए प्रथम पुरस्कार तथा सर्वश्रेष्ठ हाउस जर्नल पुरस्कार प्राप्त किया। हाल ही में एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय को पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया पीआरएसआई द्वारा देहरादून में आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन एआईपीआरसी 25 में भी चार प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इनमें सर्वश्रेष्ठ जन जागरूकता कार्यक्रम प्रथम पुरस्कार सीएसआर कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ पीएसयू द्वितीय पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ संचार अभियान बाह्य जनसमूह तृतीय पुरस्कार एवं सर्वश्रेष्ठ संचार अभियान आंतरिक जनसमूह तृतीय पुरस्कार शामिल हैं ये उपलब्धियां एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय की संचार क्षमता सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सामुदायिक विकास के प्रति सतत प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती हैं जो संगठन को जनसंपर्क एवं हितधारक सहभागिता के क्षेत्र में अग्रणी बनाती हैं।

# जनपद पंचायत सदस्य के एक पद एवं सरपंच के 2 पद पर उप चुनाव के लिए मतदान 29 दिसम्बर को

### कोहनी सरपंच पद पर रामेश्वर प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित

**जागरण, पन्ना ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन के लिए जारी किए गए कार्यक्रम अनुसार विभिन्न रिक्त पद पर चुनाव के लिए आगामी 29 दिसम्बर को निर्धारित मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। पन्ना जिले की जनपद पंचायत शाहनगर के वार्ड क्रमांक 14 में रिक्त जनपद पंचायत सदस्य के एक पद पर चुनाव के लिए तीन अभ्यर्थी मैदान में हैं। इनमें सिलोचना सिंह राठौर, सोना बाई देवा बंजारा एवं सुहाग रानी राजपूत शामिल हैं। इसी तरह पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बृजपुर में भी सरपंच पद के लिए भी तीन अभ्यर्थी क्रमशः मीरा अहिरवार, मुन्नी एवं रानी देवी अहिरवार शामिल हैं, जबकि पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कोहनी में सरपंच पद पर अभ्यर्थी रामेश्वर प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। शाहनगर विकाखण्ड की ग्राम पंचायत हरदुआ मैमारी में सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए चार उम्मीदवार मैदान में है। इनमें अभ्यर्थी अमर सिंह, भगवान सिंह, झलकन सिंह एवं प्रियंका सिंह शामिल हैं। जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए मतदान ईव्हीएम से होगा।

**मतदान सामग्री का वितरण 28 दिसम्बर को :** जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत बृजपुर में सरपंच पद के मतदान के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण आगामी 28 दिसम्बर को तहसील कार्यालय पन्ना से सुबह 9 बजे से किया जाएगा। इसके उपरांत मतदान दल शासकीय वाहन से मतदान केन्द्र के लिए रवाना होंगे। इसी क्रम में मतदान के एक दिवस पूर्व निर्धारित समय पर तहसील कार्यालय शाहनगर से भी ग्राम पंचायत हरदुआ मैमारी सरपंच तथा शाहनगर जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में जपं सदस्य के मतदान के लिए सामग्री का वितरण किया जाएगा। जपं सदस्य के मतदान के लिए कुल 12 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। ग्राम पंचायत परासी, रैगुवां, बुधरौड़ एवं रगौली के मतदाता जपं सदस्य के लिए मतदान करेंगे। इसी तरह बृजपुर एवं हरदुआ मैमारी ग्राम पंचायत के सरपंच पद के मतदान के लिए क्रमशः 5 एवं 3 मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने उप निर्वाचन अंतर्गत नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे को ग्राम पंचायत बृजपुर के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है। शाहनगर के जपं सदस्य तथा हरदुआ मैमारी सरपंच के उप निर्वाचन हेतु उपयंत्री श्रीराम अहिरवार, अलौकिक अग्निहोत्री एवं सुरेन्द्र सिंह को सेक्टर अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों की व्यवस्था सहित वाहन, सुरक्षा तथा चिकित्सा व्यवस्था आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# नकली सोने की ईंट देकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, टीकमगढ़।** मामला देहात थाने का जहा नकली सोने की ईंट देकर ठगी , परिजनों ने ठग को पुलिस के हवाले किया 2 लोग और शामिल है जहा 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। गौरतलब है जहां ठगो ने नकली सोने की ईंटे देकर महिला और उसके रिश्तेदार से 72 हजार रूपए ठगने का प्रयास किया। लेकिन ठग ज्यादा पैसे की लालच में पकडां गया दर,असल ठग महिला के घर पहुंचते है और दवा देने के बहाने महिला के घर पोटया गाँव के खेत पर बोलते कि तुम्हारे खेत में कुछ है तो महिला ने कहा कि मुझे कोई जानकारी नहीं है एक जगह मिट्टी से चिन्ह लगाकर बोले कि यहां धन निकलेगा यहां आकर खुदाई करेगे और पूजा पाठ करने के नाम पर 2 हजार रूपये लेकर चले गये जहां पर चिन्ह लगाकर गये थे वहां पर तीनो लोगो ने खुदाई की और बोले कि खुदाई से तुम्हारे खेत में सोना निकला है और तुम इसे देखना नही इसकी पूजा करने के बाद देखेगे और महिला को एक कपडे में बाध कर एक लाल से थैला में दे दिया और कहा कि तुम इसे घर पर रख लेना उनके द्वारा दिये गये थैला को ले जाकर अपने घर पर विना देखे रख दिया था फिर दिनांक 14 दिसंबर 2025 को ये तीनो लोग मेरे घर पर आये मुझसे बोले कि पूजा के लिऐ रूपये दे दो पूजा करने के नाम पर उन्हे कुछ रूपये अपने घर से दे देती है महिला । फिर दिनांक 15 दिसंबर 2025 को ये तीनो लोग फिर से पूजा करने के नाम पर 30 हजार रूपये मुझसे घर से ले गये। फिर आज दिनांक 18 दिसंबर 2025 को करीब 03.00 बजे दिन किशोरी अहिरवार मेरे घर आया और मुझसे तीसरी बार पूजा करने के नाम पर 20 हजार रूपये मागने लगा तब मुझे शंका हुई तो मैंने अपने संमधी राजकुमार अहिरवार निवासी नयाखेरा को मोबाइल फोन लगाया तब मेरे समधी घर पर आये और मैने उन्हे पूरी घटना बतायी तब मेरे समधी ने पोटली को खुलवाकर देखा तो उसमें सोने जैसी धातु के 16 विस्किट मिले जो मेरे समधी राजकुमार अहिरवार को शंका हुई तो मेरे समधी ने विस्किट को सोनी से टीकमगढ़ से चैक कराया जो सभी विस्किट पीतल के निकले इतने में किशोरी अहिरवार मेरे घर से भाग गया था। मामले मे पुलिस कर सकती खुलासा घटना टीकमगढ़ शहर के पास स्थित ग्राम गड़ाघाट में एक खेत की बताई जा रही है ।

गड़ाघाट निवासी गुड्डी बाई अहिरवार के खेत पर एक अज्ञात युवक पहुंचा। उसने महिला से कहा कि वह उसके बीमार पिता का इलाज करने आया है। महिला उस युवक को अपने घर ले गई। घर पहुंचने पर युवक ने गुड्डी बाई के पिता के इलाज का नाटक किया। इसके बाद उसने महिला को झांसे में लिया और कहा कि उसके खेत में धन गड़ा हुआ है, जिसमें सोने की ईंटें हो सकती हैं। उसने धन निकालने की पेशकश की। लालच में आकर गुड्डी बाई ने युवक को धन निकालने की अनुमति दे दी। युवक ने खुदाई का नाटक करते हुए थोड़ी देर बाद एक कपड़े में बंधी पोटली महिला को दी। उसने बताया कि इसमें सोने की 16 ईंटें हैं और इसे 13 दिनों तक पूजा करने के बाद ही खोलने को कहा। युवक ने महिला से कहा कि यह लाखों रुपये का सोना है और बदले में उसे नकद पैसे दे। गुड्डी बाई ने उसकी बातों में आकर घर में रखे 70 हजार रुपये युवक को सौंप दिए। ठग ने जब और पैसों की मांग की, तो महिला ने कहा कि वह अगले दिन तक और पैसों का इंतजाम कर लेगी। देर रात गुड्डी बाई ने अपने परिजनों को यह सारी बात बताई। परिजनों ने जब पोटली खोलकर देखी, तो उसमें पीतल की नकली ईंटें मिलीं। महिला द्वारा और पैसों का इंतजाम करने की बात कहने पर ठग ने अगले दिन आने का वादा किया था, लेकिन इस बीच परिजनों को ठगी का पता चल गया और ठग को पकड़ लिया गया।जिस पर घरवालों ने माथा पीट लिया, अब इस पूरे घटनाक्रम में उस ठग युवक का दुर्भाग्य कहे या लालच जिसने उसे कानून तक पहुंचा दिया, दूसरे दिन जब ठग फिर और पैसे लेने गुड्डी बाई के पास पहुंचा तो उसका इंतजार कर रहे परिजनों ने ठग को दबोच लिया और फिर पुलिस बुलाकर उनके हवाले कर दिया, ठग युवक की पहचान जिले के पातारखेरा गांव निवासी किशोरी अहिरवार के रूप में हुई है, अब पुलिस इस युवक से पूंछतांछ कर रही है की वह नकली सोने की ईंटे दिखाकर अब तक कितने लोगों इस प्रकार ठग चुका है।

# नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिलन कुशवाहा का जगह-जगह हुआ गर्मजोशी के साथ स्वागत

### आतिशबाजी के साथ नगर में निकला जुलूस



**जागरण, पन्ना ।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जिलों के अंतर्गत संलग्न सूची अनुसार नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई हैद्ध इसी तारतम्य में देवेंद्रनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर युवा नेता मिलन कुशवाहा की नियुक्ति हुई हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को नवनियुक्त अध्यक्ष का नगर में जुलूस निकाला गया जहां पर कांग्रेसी नेताओं द्वारा जगह जगह आतिशबाजी, पुष्पमाला, मिठाई खिलाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। यह जुलूस बडबारा मोड से मुख्य मार्गो मैंन तिराहा,बस स्टैंड में गुनौर विधानसभा बीएलए टू प्रभारी,जिला महामंत्री आशीष बागरी के निवास में,सलेहा रोड में निखिल विश्वकर्मा,ऋषभ गर्ग द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद जुलूस का समापन मिलन वाटिका में हुआ जहां वक्ताओं द्वारा स्वागत भाषण दिए गए। एवं 14 वर्ष के सफलतम कार्यकाल के रूप में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद शुक्ला का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता रमेश अग्रवाल द्वारा किया गया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मिलन कुशवाहा ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया एवं पार्टी की रीति नीति,सिद्धांतों और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाऊंगा। स्वागत जुलूस में आनंद शुक्ला, आशीष बागरी,रामबहादुर द्विवेदी, महेंद्र बागरी,प्रिंस सिंह परमार, केशरी अहिरवार, मानवेंद्र सिंह शनि राजा,रिषभ गर्ग, प्रवीण कुशवाहा, मनोज कुशवाहा,सुग्रीव कुशवाहा, अजीत कुशवाहा, लालजी बागरी,महेंद्र बागरी, राम शिरोमण बागरी,सुरेश बागरी, भक्ति कुशवाहा,धीरेन्द्र सिंह परमार,ब्रजेश पाण्डेय,शरीफुल हसन बाबू भाई, अजेंद्र श्रीवास्तव,कमलेश जैन,सतीश जैन, डा संतोष जैन,अजित जैन,हरवंश पाण्डेय, रामकिशोर दहायत,राजेश द्विवेदी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के नौनिहालों ने तोतली भाषा में सुनाई रोचक एवं शिक्षाप्रद कहानियाँ

## दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में अंतर कक्षीय हिंदी कहानी वाचन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**जागरण, निगाही।** दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में पूर्व प्राथमिक विभाग द्वारा अंतर कक्षीय हिंदी कहानी वाचन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि विद्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हें. मुन्ने बच्चों ने अपनी तोतली भाषा में ऐसी.ऐसी रोचक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई की उपस्थित दर्शक. शिक्षक अभिभावक सभी उनकी प्रतिभा देखकर आश्चर्यचकित रह गए। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में भाषाई कौशल आत्मविश्वास उच्चारण क्षमता और नैतिक मूल्यों का विकास करना था। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों ने भी उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। ज्ञात हो कि आज की इस प्रतियोगिता में बाल वाटिका एक दो एवं तीन के तीनों वर्गों से पाँच पाँच बच्चे और पहली कक्षा के दोनों वर्गों के दस यानी कुल पचपन नन्हें.मुन्ने बच्चे शामिल थे। सर्वप्रथम प्रतियोगिता प्रभारी प्राची बहल ने उपस्थितअभिभावकों प्राचार्य एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों का औपचारिक स्वागत करते हुए इन्हें प्रतियोगिता संबंधी जानकारी दी एवं विद्यार्थी परिषद के कनिष्ठ प्रधान छात्र अंबर पांडे को स्वागत भाषण के लिए आमंत्रित किया। स्वागत भाषण के पश्चात का मंच.संचालन प्रियंका चंदेल एवं स्वाति पाठक के निर्देशन में विद्यार्थी परिषद के कनिष्ठ सांस्कृतिक सचिवों आदर्श नामदेव एवं प्रत्यूषा पयासी ने किया। गौरतलब है कि बच्चों ने हिंदी साहित्य की प्रसिद्ध बाल कहानियाँ एवं लोकप्रिय प्रेरक लोक कथाएँ सुना कर न केवल बाल श्रोताओं का ज्ञानवर्धन किया बल्कि अपनी प्रस्तुति कला से सबको चमत्कृत भी किया। बच्चों की मासूम आवाज अभिनय और बीच.बीच में आने वाली उनकी तोतली बोली ने वातावरण को इतना मधुर बना दिया कि सभागार में मौजूद हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई। कई बच्चों ने कहानी के साथ छोटे.छोटे संवाद कविता और ध्वनि प्रभाव भी जोड़े जिससे उनका प्रस्तुतीकरण और अधिक प्रभावशाली बन गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में अजीत सिंह डॉ.नारायण प्रसाद मिश्र एवं भगवान प्रसाद द्विवेदी ने इन बच्चों की प्रस्तुति शैली आत्मविश्वास कहानी की स्पष्टता तथा नैतिक संदेश जैसे बिंदुओं पर मूल्यांकन किया। निर्णायकों ने अपने संबोधन में बताया कि इतनी छोटी आयु में बच्चों का मंच पर इतनी निर्भयता के साथ बोलना वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि किस्से.कहानी बच्चों की कल्पना शक्ति को पंख देते हैं और यह प्रतियोगिता इसी उद्देश्य की पूर्ति का एक उदाहरण है। उन्होंने कुछ आवश्यक सुझाव भी दिए।इस अवसर पर प्राचार्य श्री थापर ने अपने संबोधन में कहा कि बचपन में सीखे गए नैतिक मूल्य जीवन भर साथ रहते हैं इसलिए ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों में सृजनात्मकता और संस्कार विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता का असली उद्देश्य जीतना नहीं बल्कि सीखना और स्वयं को व्यक्त करने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने प्रतिभागियों अभिभावकों एवं शिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दादा.दादीए नाना–नानी की सभागार में उपस्थिति को बच्चों के मनोबल व संस्कारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कुछ रचनात्मक सुझाव देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण विद्यालय की नृत्य शिक्षिका नीलू सेन के निर्देशन में पूर्व प्राथमिक बच्चों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य वृद्धाश्रम में अपने बुजुर्ग माता–पिता को छोड़ने की बढ़ रही घटना् जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे पर हृदय स्पर्शी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति रही। नन्हें बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं भावपूर्ण अभिव्यक्ति और प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों को भावुक कर दिया। नाटिका के माध्यम से बच्चों ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान प्रेम और देखभाल का संदेश दिया। इसके बाद विद्यार्थी परिषद की कनिष्ठ प्रधान छात्रा प्रतिष्ठा पाण्डेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। विजित प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए प्रतियोगिता प्रभारी आयशा अली ने बताया कि हाथी की मित्रता कहानी सुनने वाले बाल वाटिका एक के मयंक रंजन ने चौथा खरगोश और कछुआ कहानी सुनाने वाले श्रीयांश विश्वकर्मा ने तीसरा शेर और चूहा कहानी सुनाने वाले विवान सिंह सोमवंशी ने दूसरा तथा एकलव्य और द्रोणाचार्य कहानी सुनाने वाले श्रेयांश साहू ने पहला एक मूर्तिकार की कहानी सुनाने वाली बाल वाटिका दो की कनक गुप्ता ने चौथा सपनों की उड़ान कहानी सुनने वाली शांभवी सिंह ठाकुर एवं अभ्यास का महत्व कहानी सुनाने वाले प्रज्ज्वल तिवारी ने तीसरा मेरे सपने कहानी सुनाने वाले सूर्यांश शर्मा ने दूसरा और रंगों वाला बादल कहानी सुनाने वाली शिव्या वर्मा ने पहला जबकि बाल वाटिका तीन के अभ्यास का महत्व कहानी सुनाने वाले ओजस्वी राज और खुद पर भरोसा रखना कहानी सुनाने वाली श्रावस्ती मेश्राम ने चौथा आत्मविश्वास की ताकत कहानी सुनाने वाली आर्या द्विवेदी ने तीसरा व्यवहार का ज्ञान कहानी सुनाने वाले प्रणव श्रीवास्तव ने दूसरा तथा संघर्ष के बीज कहानी सुनाने वाली अनन्या कुमारी ने पहला एवं शून्य का महत्व कहानी सुनाने वाली पहली कक्षा की मानसी कुमार ने चौथा शेर और चूहा कहानी सुनाने वाली रिद्धि मिश्रा ने तीसरा स्वार्थी मछली कहानी सुनाने वाली हर्षिका कुमारी ने दूसरा तथा सच्चा ज्ञान कहानी सुनाने वाले विराज भास्कर ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य श्री थापर ने इन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया।




# कलेक्टर ने किया धान उपार्जन केंद्र करौटी का निरीक्षण

## किसानो से संवाद कर केन्द्र में की गई व्यवस्थाओ के संबंध में ली जानकारी

**जागरण, वैढ़न।** कलेक्टर गौरव बैनल ने धान उपार्जन केंद्र करौटी का औचक निरीक्षण किया एवं उपार्जन केंद्र में आये किसानों से रूबरू होते हुए उनका हालचाल जाना उन्होने किसानों से संवाद कर उपार्जन केंद्र में की गई व्यवस्थाओं के संबंध में किसानों से जानकारी ली। किसानों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी तरह की परेशानी नहीं है। उपर्जन केन्द्र में तौल काटो के साथ साथ पर्याप्त मात्रा में वारदाने उपलंब्ध है स्लाट बुकिंग सहजता के साथ हो रही है। उपार्जन के समय अतिरिक्त राशि की मांग नही की जा रही हैए हम सब सहजता अपने धान की बिक्री कर रहे है। कलेक्टर ने उपर्जित धान के गुणवत्ता की मशीन के माध्यम से जांच कराने के साथ ही वजन की गई धान की बोरियों का अपने समक्ष तौल कराया गया। धान की बोरियों का वजन निर्धारित मात्रा के अनुसार मिला। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित उपयुक्त सहकारिता एवं समिति के प्रबंधक को निर्देश दिए कि बाहर रखी हुए धान की बोरियां आकस्मिक बरसात से भीगे नही अन्यथा उपयुक्त सहकारिता एवं समिति के प्रबंधक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। केंद्र में तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था रखें साथ ही यह सुनिश्चित कर कि केन्द्र में वरदानों की पयाप्त उपलब्धता रहे। कलेक्टर ने उप आयुक्त सहकारिता को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रति दिवस उपार्जित धान का परिवहन कराया जाना सुनिश्चित करें। एवं प्रगति प्रतिवेदन के माध्यम से नियमित रूप से अवगत कराएं एवं किसानों का समय पर भुक्तान किया जाए। भ्रमण के दौरान उपयुक्त सहकारिता पी के मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# एनसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 25-26 में रोमांच चरम पर टीमें दिखा रहीं दमखम

**जागरण, सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की दूधीचुआ परियोजना में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 25.–26 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट के आधार पर आयोजित की जा रही है जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से कुल 12 टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खड़िया क्षेत्र और जयंत क्षेत्र के बीच हुए कड़े मुकाबले में खड़िया क्षेत्र ने जीत दर्ज की। वहीं बीना परियोजना और सीडबल्यूएस के बीच खेले गए मैच में बीना परियोजना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीडबल्यूएस को पराजित किया। अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 25–26 के तीसरे दिन दूधीचुआ क्षेत्र और कृष्णशिला के बीच खेले गए मैच में दूधीचुआ क्षेत्र विजेता रहा। इसके अलावा मुख्यालय और ककरी क्षेत्र के बीच मैच में मुख्यालय टीम ने बाजी मारी। इसके अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा के चौथे दिन अमलोरी क्षेत्र और खड़िया क्षेत्र के बीच हुए मुकाबले में अमलोरी ने जीत हासिल कर अगले चरण में प्रवेश किया।

# प्रभारी मंत्री का सिंगरौली आगमन आज



**जागरण, वैढ़न।** जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके मंत्री मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आज सिंगरौली आयेंगी। जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री आज प्रातः 7 बजे मण्डला से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे निगरी गेस्ट हाऊस आगमन। प्रातः 11.30 बजे निगरी गेस्ट हाऊस से बैढ़न के लिए प्रस्थान। दोपहर 1. 30 बजे बैढ़न आगमन एवं कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेगी। प्रभारी मंत्री दोपहर 3 बजे राज्य शासन के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वर्ता को संबोधित करेगी। शायं 4 बजे स्थानीय कार्यक्रमो मे शामिल होगी। प्रभारी मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होगी।

# पीजी कॉलेज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**जागरण, वैढ़न।** गनियारी में 26 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज भवन का कलेक्टर गौरव बैनल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्लूडी एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य में गति लायें एवं समय सीमा में कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। कलेक्टर ने एम्फीथिएटर कक्ष के साथ साथ अध्ययन कक्ष एवं मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण किए तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये की पीजी कॉलेज के व्यवस्थित विस्तारीकरण हेतु ऑडिटोरियम लाइब्रेरी के साथ साथ पहुँच मार्ग निर्माण हेतु योजना तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि डीएमएफ मद से राशि की स्वीकृति प्रदान हो सके। कलेक्टर ने कहा कालेज परिसर तक आवागमन हेतु पहुच मार्ग का निर्माण नही हो पाया है जिसके संबंध में पीडब्लूडी के द्वारा बताया गया कि चिन्हित किए गयें स्थले के साथ साथ कालेज के क्षेत्रांतर्गत शासकीय भूमियें में कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण कठिनाई हो रही है। जिसके संबंध में निर्देश दिए गए कि राजस्व विभाग से संपर्क कर सीमा क्षेत्र को चिन्हित किया जाये ताकि जो भी अवैध अतिक्रमण हो उन्हे हटाने की कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री तेजस्वनी शुक्ला सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी ने 85.5 गीगावाट से अधिक की कमर्शियल क्षमता हासिल की

**जागरण, विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी ने आज गुजरात और राजस्थान में अपनी सब्सिडियरी कंपनियों के विभिन्न सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 359.58 मेगावाट की नई कमर्शियल क्षमता जुड़ने की घोषणा की है। इसके साथ ही एनटीपीसी ग्रुप की कुल कमर्शियल क्षमता 85.5 गीगावाट से अधिक हो गई है। एनटीपीसी ने आज अपनी सब्सिडियरी एनजीईएल के माध्यम से एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के गुजरात स्थित 1255 मेगावाट के खावड़ा.1 सोलर पीवी प्रोजेक्ट की 243.66 मेगावाट आंशिक क्षमता के वाणिज्यिक संचालन कमर्शियल ऑपरेशन डेट की घोषणा की। इसके अलावाए कंपनी ने राजस्थान में एनटीपीसी के नोख सोलर पीवी प्रोजेक्ट 3–245 मेगावाट की कुल 245 मेगावाट क्षमता में से 78 मेगावाट के वाणिज्यिक संचालन की घोषणा की। कंपनी ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के गुजरात में स्थित 450 मेगावाट हाइब्रिड प्रोजेक्ट के तहत खावड़ा सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट की कुल 300 मेगावाट क्षमता में से 37.925 मेगावाट की आंशिक क्षमता का वाणिज्यिक संचालन भी घोषित किया है।

दैनिक जागरण समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाए




दैनिक जागरण समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक हार्दिक शुभकामनाए
राघवेन्द्र द्विवेदी
समिति प्रबंधक डेंगरहट

दैनिक जागरण समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक हार्दिक शुभकामनाए
संजीव सिंह परिहार
समिति प्रबंधक सिजहटा



दैनिक जागरण समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक हार्दिक शुभकामनाए
ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू (सभापति)
संचार संकर्म समिति जिला पंचायत सतना



दैनिक जागरण समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. रश्मि सिंह (कांग्रेस नेत्री)
पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नागौद जिला सतना म.प्र.

दैनिक जागरण समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाए









# मोरक्को ने जीता अरब कप




## अब्दररज्जाक के दो गोल से अतिरिक्त समय तक चले फाइनल में जॉर्डन को 3-2 से हराया

**दोहा, जेएनएन।** अब्दररज्जाक हामेद अल्लाह के दो गोल से मोरक्को ने अतिरिक्त समय तक चले अरब कप के फाइनल में जॉर्डन को 3-2 से पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। लुसैल स्टेडियम में हामेद अल्लाह ने 88वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 100वें मिनट में विजयी गोल करके मोरक्को को अफ्रीका कप ऑफ नेशंस से पहले अरब कप ट्रॉफी दिला दी। फाइनल के चार मिनट से भी कम समय में ओसामा तन्नाने ने सेंटर लाइन के पीछे से शानदार स्ट्राइक लगाकर मोरक्को को बढ़त दिलाई थी। अली ओलवान के 48वें मिनट में हेडर से गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया और 68वें मिनट में पेनल्टी से जॉर्डन को बढ़त दिला दी।

### न्यूजीलैंड और टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान आज

# सूर्यकुमार की कप्तानी वाली टीम में अप्रत्याशित चयन की संभावना नहीं

जेएनएन, मुंबई

कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके उप-कप्तान शुभमन गिल का खराब फॉर्म चिंता का विषय है, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम का चयन करते समय कोई चौंकाने वाला बदलाव किए जाने की संभावना लगभग नहीं है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सात फरवरी को टी-20 विश्व कप शुरू होने तक चुने हुए 15 खिलाड़ियों में से किसी को भी बदलने की छूट होगी। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई की धीमी पिचों को ध्यान में रखते हुए वरुण चक्रवर्ती को यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल किया गया था। बीसीसीआई में हालांकि कोई भी इस बात को स्पष्ट रूप से नहीं कह रहा है, लेकिन भारत में होने वाला यह वैश्विक टूर्नामेंट सूर्यकुमार के लिए राष्ट्रीय टी-20 कप्तान के रूप में आखिरी हो सकता है। वह 35 वर्ष के हो चुके हैं और पिछले एक साल से खराब लय में हैं। सूर्यकुमार कप्तान होने के कारण ही लगभग 14 महीनों और 24 मैचों में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में बने हुए हैं। चयन समिति न्यूजीलैंड के लिए टी-20 टीम का भी करेगी और यह टीम विश्व कप के लिए चुनी जाने वाली टीम के समान ही होगी। टी-20 विश्व कप अगर छह महीने दूर होता तो चयन समिति के पास कप्तानी के लिए वैकल्पिक नामों पर विचार करने की गुंजाइश होती। लेकिन सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ होने वाले विश्व कप के शुरुआती मुकाबले से पहले केवल पांच मैच बचे हैं, ऐसे में कोई भी चयन समिति इस निरंतरता को तोड़ना नहीं चाहेगी। इस बात की काफी संभावना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम न्यूजीलैंड और उसके बाद टी-20 विश्व कप में भी खेलेगी।



**संभावित टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर। स्टैंड बाईः यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, शाहबाज अहमद/नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा।

**गिल पर सवाल?** मौजूदा भारतीय टी-20 टीम में किसी भी स्थान के लिए कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, लेकिन जायसवाल जैसा शानदार विकल्प होने के बावजूद टीम में गिल की मौजूदगी पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता जायसवाल को न्यूजीलैंड सीरीज के लिए अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल करते हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका मूल्यांकन किया जा सके। टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज के तौर पर फिलहाल संजू सैमसन है। सैमसन को शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम प्रबंधन से गिल की वापसी के बाद उन्हें इस भूमिका से हटा दिया। सैमसन के लिए विकेटकीपिंग में भी अब दूसरे विकल्प (जितेश शर्मा पहले पसंद के विकेटकीपर और फिनिशर हैं) होने और गिल को उप-कप्तान बनाए जाने के कारण जायसवाल के लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना मुश्किल है। जायसवाल किसी अन्य विशिष्ट भूमिका में फिट नहीं बैठते।

## खेल एक नजर

### न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक अपना पद छोड़ेंगे

**क्राइस्टचर्च, जेएनएन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्कॉट वीनिंक खेल की भविष्य की दिशा विशेष रूप से टी-20 क्रिकेट की भूमिका को लेकर खिलाड़ियों और सदस्य संघों से मतभेदों के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। ढाई साल से इस पद पर रहे वीनिंक का कार्यकाल 30 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि वीनिंक देश में प्रस्तावित फ्रेंचाइजी आधारित टी-20 लीग के खिलाफ है। इस प्रस्तावित लीग को न्यूजीलैंड के खिलाड़ी संघ और एनजेडसी के छह प्रमुख राच्य निकायों का समर्थन प्राप्त है। वीनिंक ने कहा, गहन विचार-विमर्श के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खेल की दीर्घकालिक दिशा और न्यूजीलैंड में टी-20 क्रिकेट की भूमिका सहित एनजेडसी की भविष्य की प्राथमिकताओं पर मेरा दृष्टिकोण कई सदस्य संघों और एनजेडसीपीए से भिन्न है। उन्होंने कहा कि इन मतभेदों को देखते हुए मेरा मानना है कि संगठन के सर्वोत्तम हित में यही होगा कि नया नेतृत्व एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए।

### टी-20 विश्व कपः असलंका की जगह शनाका श्रीलंका के कप्तान

**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका ने भारत के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप की प्रारंभिक टीम में चरित असलंका को कप्तानी से हटाते हुए दासुन शनाका को कप्तान बनाया है। चयन समिति के प्रमुख के रूप में लौटे प्रमोदया विक्रमसिंघा ने कहा कि पिछले तीन विश्व कप खेलने का शनाका का अनुभव और बल्लेबाजी में असलंका का खराब फॉर्म इस फैसले का आधार था। इस्लामाबाद में आत्मघाती बम विस्फोट में नौ लोगों के मारे जाने के बाद असलंका पिछले महीने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान के सीमित ओवरों के दौरे पर भी नहीं गए थे। विक्रमसिंघा ने कहा कि शनाका हरफनमौला की भूमिका में होंगे। हमें उम्मीद है कि असलंका बल्लेबाजी में पुराना फॉर्म हासिल करेंगे।



**श्रीलंका प्रारंभिक टीमः** दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डिसिल्वा, निरोशन डिकवेला, जनिथ लियानागे, चरित असलंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रत्नायके, सहन अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, मिलन रत्नायके, नुवान तुषारा, एशान मलिंगा, दुष्मंता चामीरा, प्रमोद मदुशान, मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महीष तीक्षणा, दुशान हेमंता, विजयकांत वियासकांत, ट्रावीन मैथ्यू।

# हेड के नाबाद शतक से ऑस्ट्रेलिया जीत की ओर

### एशेज सीरीज तीसरा टेस्टः इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 356 रन की बढ़त



जेएनएन, एडिलेड

ट्रेविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला, जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और जो रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर 11वां टेस्ट शतक पूरा किया। पर्थ में पारी का आगाज करने के लिए भेजे जाने के बाद से पांच पारियों में उनका दूसरा शतक था। तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। ब्रूक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था, लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ।

ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली। बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गई। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाये जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 213 रन से की।

■ हेड की एडिलेड ओवल में पिछले चार मैचों में उनकी लगातार चौथी सेंचुरी है। वे ऐसा करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने। उनसे पहले सर डॉन ब्रैडमैन, माइकल क्लार्क और स्टीव स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं।

### सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराया

# भारत आठवीं बार अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में, खिताबी भिड़ंत पाक से



**दुबई, जेएनएन।** उपकप्तान विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार पारियों के दम पर भारत ने वर्षाबाधित सेमीफाइनल में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। बारिश के कारण मैच प्रति टीम 20 ओवर का कर दिया गया। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। जवाब में मल्होत्रा ने 45 गेंद में नाबाद 61 रन बनाए। हाल ही में आईपीएल मिनी नीलामी में आरसीबी द्वारा खरीदे गए मल्होत्रा ने शानदार स्ट्रोक्स लगाए। उनके साथ जॉर्ज ने 49 गेंद में 58 रन की नाबाद पारी खेली। भारत ने लक्ष्य 18 ओवर में हासिल कर लिया। मल्होत्रा और जॉर्ज के बीच 114 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत आठवीं बार फाइनल में पहुंचा है। भारत की सेमीफाइनल में शुरुआत खराब रही जब आयुष म्हात्रे (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) को तेज गेंदबाज रसित निम्सारा ने आउट किया। इसके बाद मल्होत्रा ने निम्सारा को छक्का लगाकर दबाव कम किया। उन्हें जॉर्ज के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। इससे पहले गेंदबाजी चुनते हुए भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले छह ओवर में श्रीलंका के तीन विकेट 28 रन पर निकाल दिए। इसके बाद कप्तान विमथ दिनसारा (32) और चमिका हीनातिगाला (42) ने 45 रन की साझेदारी की। सेथमिका सेनेविरत्ने ने 22 गेंद में 30 रन बनाए।

# रिषभ पंत दिल्ली के कप्तान, विराट कोहली खेलेंगे विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली ने रिषभ पंत को कप्तान नियुक्त किया है। विराट कोहली को भी 20 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया हैं। डीडीसीए ने बताया कि इशांत शर्मा और नवदीप सैनी भी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अलावा हर्षित राणा भी जैसे ही उपलब्ध होंगे, उन्हें टीम में शामिल किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 24 दिसंबर से होगी। अभी यह तय नहीं है कि पंत और कोहली इन सभी मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं, क्योंकि 11 जनवरी से भारत और न्यूीलैंड के बीच वनडे सीरी की शुरुआत होगी। अगर पंत उपलब्ध नहीं होते हैं, तो टूर्नामेंट के पहले दो मैचों के लिए अनुज रावत को स्टैंडबाई विकेटकीपर के तौर पर दिल्ली की टीम में शामिल किया गया है। आयुष बदोनी को टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है।



### शुरुआती मैच से बाहर रहेंगे रोहित शर्मा और जायसवाल

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय खिलाड़ी रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम पहले दो मैच में नहीं खेलेंगे, क्योंकि चयनकर्ता मुंबई की टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे भी शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। मुंबई के मुख्य चयनकर्ता संजय पाटिल ने बताया, रोहित, यशस्वी, दुबे और यहां तक कि रहाणे भी कम से कम पहले दो मुकाबलों के लिए मुंबई टीम का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने कहा, यशस्वी पेट की समस्या का उपचार करवा रहे हैं और वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे।

# कॉन्वे ने जड़ा करियर का दूसरा दोहरा शतक, किंग और कैंपबेल ने दिलाई वेस्टइंडीज को ठोस शुरुआत

### तीसरा टेस्टः न्यूजीलैंड ने 575/8 पर घोषित की पारी, विंडीज के बिना विकेट गंवाए 110 रन

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), जेएनएन।** डेवोन कॉन्वे के करियर के दूसरे दोहरे शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन पर घोषित की। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के सामने हालांकि वेस्टइंडीज की सलामी जोड़ी दबाव में नहीं आई और टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 110 रन बना लिए। स्टंप्स के समय ब्रेंडन किंग 55 और जॉन कैंपबेल 45 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। किंग ने 63 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि उनकी और कैंपबेल की जोड़ी ने दिन के आखिरी सत्र में अपनी पारी के 23 ओवर में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। न्यूजीलैंड तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। इससे पहले कॉन्वे ने लगभग साढ़े आठ घंटे की मैराथन बल्लेबाजी में 227 रन के साथ अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 200 रन था, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में लॉर्ड्स में अपने पदार्पण टेस्ट में बनाया था। टॉम लैथम के साथ 323 रनों की पहले विकेट की साझेदारी निभाने के साथ कॉन्वे ने 508 मिनट और 367 गेंद की पारी में 31 चौके लगाए। लैथम ने पहले दिन 145 रन बनाए और रचिन रविंद्र ने शुक्रवार को दूसरे और तीसरे सत्र में अर्धशतकीय पारी खेली। पारी घोषित करते समय रचिन 72 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने कुल 155 ओवर गेंदबाजी की जिनमें से दूसरे दिन का 65 ओवर शामिल है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### करातेः 13 साल की दीक्षा सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल, खेप्र।** शहर की 13 साल की दीक्षा सिंह गुरूंग ने 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स कराते प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। इंदौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दीक्षा ने अंडर-50 किलोग्राम भारवर्ग में यह पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में 29 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दीक्षा ने प्रारंभिक राउंड में गुजरात को 4-0 से, दूसरे राउंड में असम को 6-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल मुकाबले में बिहार को 9-1 के बड़े अंतर से हराया। फाइनल मुकाबले में विद्या भारती की खिलाड़ी के विरुद्ध 8-0 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दीक्षा वर्तमान में टीटी नगर स्टेडियम में पे एंड प्ले योजना के अंतर्गत कराते का नियमित अभ्यास कर रही हैं। वे कोच रुद्र प्रताप सिंह से प्रशिक्षक हासिल कर रही हैं।



### बास्केटबॉलः एसपीएस और मोंटफोर्ट फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** सागर पब्लिक स्कूल (एसपीएस) और मोंटफोर्ट स्कूल की टीम ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर अस्मिता खेलो इंडिया बास्केटबॉल लीग टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। आगा क्लब बीएचईएल और भोपाल कॉरपोरेशन द्वारा मप्र बास्केटबॉल एसोसिएशन के मार्गदर्शन में यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। स्पर्धा का उद्घाटन राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी सुनीता नौटियाल, नेशनल बास्केटबॉल प्लेयर उषा सिंह, दमयंती, मप्र बास्केटबॉल के वाइस प्रेसिडेंट मनोज गायकवाड़, संजय श्रीवास और आगा क्लब के सचिव वेद प्रकाश ने किया।




### ई-स्पोर्ट्सः बीजीएमआई में क्रेसेंट वुल्फ बनी चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) में ई-स्पोर्ट्स एरीना चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। ई स्पोर्ट्स के तहत फ्री फायर प्रतियोगिता में टीम एक्स विजेता और उपविजेता एमपी स्पोर्ट्स अकादमी रही। अनुज कीर को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का टाइटल दिया गया। बीजीएमआई गेम कैटेगरी में क्रेसेंट वुल्फ ई-स्पोर्ट्स विजेता और नेवर जेनेसिस उपविजेता रही और प्रिंस को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रमुख संस्थानों से 145 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के जीएम रहे सदन के निशाने पर





## सामान्य सम्मिलन के दौरान सदस्यों ने लगाये गंभीर आरोप

**जागरण सतना**

जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को सम्पन्न हुये सामान्य सम्मिल के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के जीएम उमेश साहू सदन के निशाने पर रहे । उन पर सदस्यो ने गंभीर आरोप लगाये इतना ही नही सदस्यो द्वारा किये जा रहे सवालो का जवाब भी गोलमोल तरीके से दिया जा रहा था जिस पर जमकर नाराजगी जाहिर की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सदस्य संजय सिह कछवाह ने मझगवां क्षेत्र के नकैला , लालपुर में बनी प्रधानमंत्री सडक में कई वर्षो से मरम्मत नही कराये जाने की बात उठाई । उन्होने यहां तक कहा कि विभागीय कर्मचारियों एवं ठेकेदारो द्वारा राशि तो मरम्मत के नाम पर निकाल ली जाती है मगर मौके पर कार्य नही होते। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिह परिहार ने मौहारी कटरा , देऊ से बरा रोड बेहद घटिया एवं गड्ढों में तब्दील होना बताया उन्होने कहा कि मेंटीनेस के कार्य विभागीय अधिकारी द्वारा नही कराये जा रहे है जिसके कारण लोग जमकर परेशान है। जिला पंचायत सदस्य एकता सिंह ने चकदही से गौहारी रोड को भी पूरी तरह से ध्वस्त बताया है जिससे लोगो को आने जाने में परेशानी होती है उन्होने अतिशीघ्र सडक निर्माण कराने जिला पंचायत अध्यक्ष से मांग की है। जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्य रमाकान्त पयासी ने आरोप लगाते हुये कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक के जीएम द्वारा स्पष्ट जानकारी न देकर सदन को गुमराह किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल , उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह , जिला पंचायत सदस्य , ज्ञानेन्द्र सिंह, हरीशकान्त त्रिपाठी, रमाकान्त पयासी, महेन्द सिंह, एकता सिंह , लक्ष्मी मवासी पूजा गुप्ता , आरती चौधरी , जान्वी यादव , प्रियंका वर्मा, देवदत्त सोनी , संजय सिंह, विमला कोल संध्या कुशवाहा, श्रीधर उर्मिलिया रितेश त्रिपाठी, मंजू लता सिंह , सोमवती लोधी, सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक निधि से हुये कितने ट्यूबवेल : हरीशकान्त

जिला पंचायत सदस्य हरीशकान्त त्रिपाठी ने बैठक के दौरान पीएचई विभाग के अधिकारी से जानना चाहा की बताओ सतना और मैहर जिले में विधायक निधि से कितने ट्यूबवेल खनित कराये गये है उन्होने जनपदवार और पंचायतवार सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ।

### 25 केवीए के ट्रांसफार्मर में 30 से 35 कनेक्शन: ज्ञानेन्द्र सिंह

जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेन्द्र सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों को जमकर घेरते हुये कहा कि उनके द्वारा आम जनमानस को मनमानी तरीके से बिजली बिल देकर परेशान किया जा रहा है। इतना ही नही एक तरफ विभाग कहता है कि कोई भी ट्रांसफार्मर ओवर लोड नही है मगर 25 एचपी के ट्रांसफार्मर में 30 से 35 कनेक्शन कैसे दिये जा रहे है उनके सवाल पर बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि 380495 घरेलू कनेक्शन और 114217 कृषि पम्पो के कनेक्शन दिये गये है अधीक्षण यंत्री के बैठक में मौजूद नही होने पर उन्होने गहरी नाराजगी जाहिर की है। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह के अलावा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व संग्रहण हेतु लक्ष्य की राशि जमा करायें

**सतना।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व संग्रहण हेतु जिले को राशि रूपये 28 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। लक्ष्य के विरूद्ध 9 दिसम्बर 2025 तक राशि 7.01 करोड़ रूपये की वसूली हुई हैं एवं राजस्व वसूली का प्रतिशत 25 प्रतिशत हैं जो कि अत्यंत कम हैं। कलेक्टर ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व वसूली की प्रगति बढाने का प्रयास करें।

कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिला भूअर्जन अधिकारी, नजूल अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार नजूल जांच एवं समस्त तहसील के तहसीलदारों को राजस्व विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत वसूली किए जाने के निर्देश दिए है। राजस्व संग्रहण शासन की आय का प्रमुख स्त्रोत है। राजस्व वसूली में अत्यंत कम प्रगति होने से प्रदेश स्तर में जिलें की छवि धूमिल होती हैं जो कि अत्यंत खेद का विषय हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा है कि वर्तमान में चालू वित्तीय वर्ष का लगभग 9 माह का समय व्यतीत हो रहा हैं। राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के लिए कार्य योजना के अनुरूप तत्काल समुचित कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। इसके लिए विशेष अभियान के रूप में समस्त आवश्यक उपाय करते हुए भू-राजस्व की बकाया वसूली कार्य पूर्ण कराया जायें। विगत वर्षों की बकाया राशि परिवर्तित भूमि से प्राप्त प्रब्याजि, नजूल भूमि से प्राप्त भू भाटक एवं प्रब्याजी, अर्थदण्ड की अधिरोपित राशियों की वसूली अनिवार्य रूप से करने का अभियान चलाया जायें। शासकीय पट्टेदार जिन पर प्रीमियम एवं भू-भाटक की अधिक राशि बकाया है, उन्हें नोटिस जारी कर बकाया जमा कराने की त्वरित कार्यवाही की जाये। गृह निर्माण मण्डल, विकास मण्डल एवं अन्य सार्वजनिक उपक्रम जिन्हें शासकीय भूमि आवंटित की गई है तथा जिन पर प्रीमियम और भूभाटक बकाया है. उन्हें चिन्हांकित कर तत्काल राशि जमा कराने का सूचना पत्र देकर एक सप्ताह की समय सीमा दी जाये। समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डायवर्सन की शत-प्रतिशत बकाया वसूली करें, ऐसी भूमियां जो व्यपवर्तित हो गयी है लेकिन अभी भी कृषि भूमि के रूप में भू-राजस्व दे रही हों, उन भूखण्डों के भू-राजस्व का पुर्ननिर्धारण किया जाये। जिला भू अर्जन अधिकारी एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भू अर्जन संबंधी प्रशासकीय प्रक्रिया व्यय की राशि तत्काल शासकीय कोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें, राशि बैंक या पी.डी. खाते में जमा नहीं कराई जाए।

## मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर योजना के तहत 2 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीडित प्रतिकर योजना 2022 के अनुसार अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रूपये तथा मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा रघुराजनगर तहसील अंतर्गत गांव महदेई पोस्ट भुमकहर निवासी रज्जन डोहर के पुत्र पिंकु डोहर की अज्ञात वाहन से सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक 22 दिसम्बर को

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य मंत्री और सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक 22 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक के उपरांत आयोजित की गई है।

## ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर और लैब टेक्निशियन निलंबित

**सतना।** जिले में संक्रमित रक्त चढ़ाने के गंभीर प्रकरण में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई सीईओ आयुष्मान भारत डॉ. योगेश भरसट की अध्यक्षता में गठित सात सदस्यीय जांच समिति की प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। प्राथमिक जांच के निष्कर्षों के आधार पर जिला चिकित्सालय सतना के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. देवेन्द्र पटेल और दो लैब टेक्नीशियन श्री राम भाई त्रिपाठी तथा श्री नंदलाल पांडे को निलंबित किया गया है। इसके अतिरिक्त, जिला चिकित्सालय सतना के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उन्हें जारी सूचना पत्र के संदर्भ में लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्टीकरण समाधानकारक न होने की स्थिति में उनके विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय समिति का गठन डॉ. योगेश भरसट (आईएएस), संचालक, राज्य रक्ताधान परिषद (एसबीटीसी) की अध्यक्षता में दिनांक 16 दिसम्बर को किया गया था। समिति की प्रीलिमिनरी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com